रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 15 मार्च 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-203 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज

किसान न्याय योजना हर किसान को बनाएगी खुशहाल : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसान न्याय योजना को देश के अन्नदाता के लिए क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि इससे किसान खुशहाल होंगे और उनके जीवन में समृद्धि आएगी। खड़गे ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, हम देश के 62 करोड़ अन्नदाता किसानों को भाजपाई अत्याचार से मुक्त कराएँगे। किसान न्याय' से हर किसान के जीवन में खुशहाली लाएंगे। कांग्रेस पार्टी की किसान न्याय गारंटी के 5 मुख्य बिंदु हैं जिनमें सही दाम एमएसपी को स्वामीनाथन आयोग के फामूर्ले के तहत कानूनी दर्जा देने की गारंटी।

थोक बाजार मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 0.20 प्रतिशत पर



नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) थोक मुद्रास्फीति गत फरवरी में घटकर 0.20 प्रतिशत रही। जनवरी, 2024 में थोक बाजार की मुद्रास्फीति 0.27 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है,अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर फरवरी, 2024 महीने के लिए 0.20 प्रतिशत (अनंतिम) है। फरवरी, 2024 में मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, मशीनरी और उपकरण और मोटर वाहनों, ट्रेलरों और अर्ध-ट्रेलरों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति शून्य से ऊपर रही।

सरकार के 100 दिन उपलब्धिपूर्ण नहीं की गई कोई योजना बंद : यादव

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सरकार के शुरुआती 100 दिन वित्तीय दृष्टि से उपलब्धिपूर्ण रहे हैं और तमाम अटकलों के बाद भी राज्य शासन द्वारा कोई योजना बंद नहीं की गई। डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। डॉ यादव बैठक के पहले अपना संबोधन दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य शासन के प्रथम तीन माह (लगभग 100 दिन) वित्तीय दृष्टि से उपलब्धि पूर्ण रहे हैं। तमाम अटकलों के बावजूद राज्य शासन द्वारा कोई भी योजना बंद नहीं की गई है।

एक देश एक चुनाव पर कोविंद समिति की रिपोर्ट पेश, 32 दल एकसाथ चुनाव के पक्ष में

कुल 47 राजनीतिक दलों ने अपने सुझाव दिये हैं

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने 'एक देश, एक चुनाव-आकांक्षी भारत के लिये एकसाथ चुनाव महत्वपूर्ण' विषय पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपनी 18,626 पृष्ठ की रिपोर्ट सौंप दी। विधि मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, समिति को कुल 47 राजनीतिक दलों ने अपने सुझाव दिये हैं, जिनमें से 32 ने पूरे देश में सभी चुनाव एक साथ कराने की प्रस्ताव का समर्थन किया है। कोविंद के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मु से भेंट कर उन्हें रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत की। इस अवसर पर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे। समिति के सदस्यों में गृह मंत्री के अलावा, राज्य सभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ विधिवेत्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल थे। मेघवाल समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य थे। डॉ. नितेन चंद्रा को समिति के सचिव का कार्य सौंपा गया था। समिति का गठन दो सितंबर 2023 को किया गया था। केन्द्रीय विधि मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, इसमें 191 दिनों में विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ व्यापक विचार- विमर्श करके और विभिन्न शोध पत्रों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है।

दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नाम तय

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में चुनाव आयोग में खाली आयुक्तों के दो पदों के लिए प्रधानमंत्री निवास में एक महत्वपूर्ण बैठक में दो नामों पर सहमति कायम हो गयी है और जल्द ही उनकी नियुक्ति के औपचारिक आदेश जारी हो जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री अमित शाह एवं लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक के बाद चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी कि समिति में सरकार के पास बहुमत है और पंजाब से सुखबीर सिंह संधू और केरल से ज्ञानेश कुमार गुप्ता को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना गया है। इनके नियुक्ति के आदेश शीघ्र ही जारी किये जाने की संभावना है। चौधरी ने बातचीत में चुनाव आयुक्तों की चयन प्रक्रिया पर सवाल भी खड़े किये। कांग्रेस नेता ने कहा, उनके (सरकार के) पास (चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति में) बहुमत है। इससे पहले, उन्होंने मुझे 212 नाम दिए थे। लेकिन नियुक्ति से 10 मिनट पहले उन्होंने मुझे फिर से सिर्फ छह नाम दिए। मुझे पता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश वहां (समिति में) नहीं हैं, सरकार ने ऐसा कानून बनाया है कि मुख्य न्यायाधीश हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं और केंद्र सरकार एक अनुकूल नाम चुन सकती है। चौधरी ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह मनमाना है लेकिन जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है उसमें कुछ खामियां हैं। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद आयोग में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही रह गये थे। बाकी दोनों आयुक्तों के पद खाली होने और लोकसभा चुनाव आसन्न होने के कारण दोनों पदों पर शीघ्रातिशीघ्र नियुक्ति करना आवश्यक हो गया है।

आप ने घोषित किये आठ उम्मीदवार, पांच मंत्री

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिये पंजाब की 13 सीटों में से आठ पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा वीरवार को की जिनमें से पाँच प्रदेश की भगवंत सिंह मान सरकार में मंत्री हैं। आप के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जालंधर से सांसद सुशील रिंकू ही चुनाव लड़ेंगे, जबकि फरीदकोट से अभिनेता और कॉमेडियन करमजीत सिंह अनमोल को मैदान में उतारा गया है। गुरप्रीत सिंह जीपी फत्तेहगढ़ साहिब से चुनाव लड़ेंगे। पाँच मंत्री हैं कुलदीप सिंह धालीवाल, लालजीत सिंह भुल्लर, गुरमीत सिंह खुड़ियाँ, गुरमीत सिंह मीत हेयर और डॉ. बलबीर सिंह जो क्रमशः अमृतसर, खदूर साहिब, बठिंडा, संगरूर और पटियाला से चुनाव लड़ेंगे।

सुधा मूर्ति ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

नई दिल्ली। हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत की गई सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और जानीमानी लेखिका सुधा मूर्ति ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मूर्ति को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नेता सदन पीयूष गोयल, राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी और अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आठ मार्च को महिला दिवस के मौके पर उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था।

युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही सरकार : योगी

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही है। अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के मौके पर मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में आपने देखा होगा कि जहां पहले प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब सरकार के निर्णय के मेकैनिज्म से हुआ है। उन्होंने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। योगी ने कहा हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आपको गवर्नमेंट के इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। आज टेक्नोलॉजी काफी इंप्रूव हो चुकी है। उन्होंने कहा आप जब तक फील्ड में आएंगे तब तक हम राजस्व के सभी कार्यों को डिजिटाइज करने में सफल हो चुके होंगे। इसके बाद भी राजस्व संबंधी विवाद के मामले सामने आएंगे। ऐसे में इन मामलों को निपटाने के लिए आपको अपनी तहसील में रहकर फोकस करना होगा। साथ ही पेंडेंसी को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें गरीबों के साथ खड़े होना चाहिये।

सरकार ने 18 ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने अश्लील विषय वस्तु और सामग्री का प्रसारण करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन प्लेटफार्म के साथ साथ 19 वेबसाइटों, 10 ऐप जिनमें से सात गुगल प्ले स्टोर पर और तीन एप्पल ऐप स्टोर पर हैं और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'रचनात्मक अभिव्यक्ति' की आड़ में अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी पर बार-बार जोर दिया है। उन्होंने मंगलवार को घोषणा की थी कि अश्लील सामग्री प्रकाशित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को ब्लॉक किया जा रहा है। यह निर्णय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, मीडिया, मनोरंजन, महिला अधिकारों और बाल अधिकारों के क्षेत्र में विशेषज्ञों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया गया है।

राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाना में दी 3300 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी : गडकरी

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान, कर्नाटक तथा तेलंगाना में 3300 करोड रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि इस तरह की पहल से आर्थिक विकास तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और क्षेत्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होती है। इसके अतिरिक्त, यह पर्यटन विकास को बढ़ावा देने और परिवहन बुनियादी ढांचे में सुधार करके रोजगार के भी अवसर पैदा करता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए 31 प्रमुख जिला सड़कों, राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 972.80 करोड़ रुपए और सीआरआईएफ के तहत 384.56 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। सीआरआईएफ सेतु बंधन योजना के तहत विभिन्न जिलों में आरओबी, आरयूबी तथा फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में विभिन्न जिलों में सीआरआईएफ योजना के तहत 2055.62 किमी की कुल लंबाई वाली 295 सड़क विकास परियोजनाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए 1385.60 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। गडकरी ने कहा कि तेलंगाना में सीआरआईएफ के तहत 435.29 किमी की कुल लंबाई वाली 31 राज्य सड़क परियोजनाओं के चौड़ीकरण को मंजूरी दी गयी है। तेलंगाना के लिए इन परियोजनाओं के तहत 850 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है।

राज्य खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए प्रतिभावान खिलाड़ी

जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के 544 प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रतिभा ईश्वर की देन है, यह समाज को ईश्वर का अनुपम उपहार है। जब प्रतिभाएं निखरती हैं तो समाज भी निखरता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद सुनील सोनी शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में 5 साल बाद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उनका सम्मान और पुरस्कार मिलने जा रहा है, मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के शहीदों के नाम पर स्थापित राज्य खेल अलंकरण समारोह का शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली हमारी सरकार द्वारा ही किया गया था। यह बहुत अफसोस की बात है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पिछले 5 सालों से राज्य में खेल अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ ही नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार को बने अभी केवल 3 महीने ही हुए हैं। इन थोड़े से ही दिनों में ही राज्य में हमने खेलों के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले लिए हैं। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ की जाएगी। राज्य में पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने के लिए छत्तीसगढ़िया क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। जशपुर में मॉडर्न खेल स्टेडियम एवं रायगढ़ तथा बलौदाबाजार जिले में इंडोर स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के निर्माण का निर्णय लिया जा चुका है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों ने इस सम्मान के लिए बहुत संघर्ष किए है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इस सम्मान का आयोजन रोक दिया गया था। जिसके लिए खिलाड़ियों को रास्ते में आकर आंदोलन करना पड़ा। उसी का परिणाम है कि हमारी सरकार द्वारा पुनः इस खेल अलंकरण सम्मान को शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में खेल गतिविधि को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि वर्ष 2007 से राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ी योजना प्रारंभ की गई है। राज्य में 74 खिलाड़ियों को नौकरी दी जा चुकी है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा के लिए खिलाड़ियों से प्राप्त आवेदनों के पुनर्परीक्षण हेतु समिति का गठन किया जा चुका है, जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा की कार्यवाही भी की जाएगी। कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा वर्ष 2019-20 के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 06, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 06, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 02, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 27, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 25 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2020-21 हेतु शहीद राजीव पांडेय पुरस्कार के लिए 11, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 03, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 01, शहीद पंकज विक्रम सम्मान 16, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए 05 एवं मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए 26 चयनित खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

सीएए लाकर घुसपैठियों के लिए भारत में आना वैध बना रही केंद्र सरकार : केजरीवाल

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो अवैध घुसपैठिए देश में आने से डरते थे लेकिन केंद्र सरकार नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) कानून बनाकर उनको भारत में आने को वैध बना रही है। केजरीवाल ने आज कहा कि बुधवार को उन्होंने संवाददाता सम्मेलन करके यह समझाया कि कैसे सीएए देश के लिए बेहद खतरनाक है, इसे वापस लिया जाना चाहिए। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपना बयान जारी किया है। केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री के बयान का जवाब देते हुए कहा उन्होंने सीएए पर जो प्रश्न उठाए थे, केंद्रीय गृहमंत्री ने अपने पूरे बयान में किसी प्रश्न का जवाब नहीं दिया है। शाह ने उन्हें अनाप शनाप और भ्रष्ट बताने के लिए अलावा कुछ नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार और देश की सारी राज्य सरकारें अपने बच्चों को रोजगार देने में असमर्थ हैं। केंद्र सरकार पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से इतनी भारी संख्या में लोगों को भारत में लाकर बसाना चाहती है, उनको नौकरियां कहां से देंगे? हमारे देश में पहले से ही इतनी गरीबी है। लोगों के पास नौकरियां और घर नहीं है। तो फिर इन देशों से आने वालो लोगों को कहां बसाएंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद बड़े स्तर पर विस्थापन हुआ था। बहुत सारे लोग भारत से पाकिस्तान और बांग्लादेश गए थे और पाकिस्तान-बांग्लादेश से भी बहुत सारे लोग भारत आए थे। अब सीएए की वजह से जो विस्थापन होने वाला है, वह आजादी के दौरान हुए विस्थापन से कहीं ज्यादा बड़ा होने वाला है। उन्होंने कहा कि रोहिंग्या तो भाजपा की सरकार के दौरान ही भारत में आए थे। सीएए कानून आने के बाद से अब देश में इतनी भारी संख्या में रोहिंग्या आने वाले हैं, जिनकी हम कल्पना नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारे देश में 2014 के पहले भी इन देशों से लोग आए थे, अभी तक हमारे देश में उनको कोई अधिकार नहीं मिला है। अब उनको भारत की नागरिकता देकर उनको सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। अब आपकी सरकार पाकिस्तान से आए घुसपैठियों को सरकारी नौकरियां देगी। उनके राशन कार्ड बनाएंगी। आप हमारे देश के लोगों के अधिकार मारकर पाकिस्तान- अफगानिस्तान और बांग्लादेश के लोगों को अधिकार दे रहे हैं।

डिब्बे के साथ मिठाई का किया वजन, तो 10000 का जुर्माना

■ होली पूर्व सघन जांच की योजना

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नजर में हैं ऐसी मिठाई दुकानें, जो डिब्बों के साथ मिठाई का वजन कर रहीं हैं। सख्त कार्रवाई के संकेत इसलिए भी मिल रहे हैं क्योंकि समझाइश के बाद भी ऐसा किया जाना जारी है। होली के पूर्व, स्वीट कॉर्नरों में आवश्यक तैयारियां शुरू होने लगीं हैं। जरूरी खाद्य सामग्री के साथ पैकिंग यूनिटों को मिठाई के डिब्बों के आर्डर दिए जा चुके हैं लेकिन इस बरस डिब्बों के साथ मिठाई का वजन किया जाना होटल और स्वीट कार्नरों को महंगा पड़ सकता है क्योंकि कड़ी जांच और सख्त कार्रवाई की तैयारी विधिक माप विज्ञान विभाग ने शुरू कर दी है।

काम नहीं आ रही समझाईश : होली, रक्षाबंधन और दीपावली। इसके अलावा अन्य ऐसे आयोजन जिनमें मिठाइयां प्रमुखता में होती हैं। हर बरस जिला विधिक माप विज्ञान विभाग सलाह देता रहा है, डिब्बों के साथ मिठाइयों के वजन नहीं करने की लेकिन बेखौफ चल रहीं है ऐसी व्यापारिक गतिविधियां। इसलिए जांच और कार्रवाई की योजना है।

नजर पूरे जिले पर : जिला विधिक माप विज्ञान विभाग वैसे तो पूरे जिले की मिठाई दुकानों पर नजर रखे हुए है लेकिन ऐसी संस्थानें कड़ी नजर में हैं जहां शिकायतें न केवल बढ़ रहीं हैं बल्कि नियमों को मानने से भी इनकार किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी इसी तरह की शिकायतें मिलने लगी हैं। उसे देखते हुए जांच, यहां भी किए जाने की योजना है।

10 हजार का जुर्माना : उपभोक्ता हितों के विरुद्ध है, डिब्बे के साथ मिठाई का वजन किया जाना। सलाह और समझाइश का असर नहीं होता देख, जिला विधिक माप विज्ञान विभाग ने शिकायत प्रमाणित होने पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। नियमानुसार इस तरह की अवांछित गतिविधियों पर कम से कम 2000 रुपए और अधिकतम 10000 रुपए के अर्थ दंड का प्रावधान है।

> योजना सघन जांच की होली के पूर्व जिले में सघन जांच की योजना है। नियमानुसार डिब्बों के साथ मिठाइयों का वजन नहीं किया जाना है। संस्थानें ध्यान दें।
>
> **-दामोदर वर्मा,** निरीक्षक, जिला विधिक माप विज्ञान विभाग, बलौदाबाजार

डाक विभाग के मनमानी के खिलाफ, कोटा की जनता ने प्रबलप्रताप सिंह जूदेव को ज्ञापन देकर पोस्ट ऑफिस को नगर के अंदर शिफ्ट कराने की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ कोटा/बिलासपुर
www.dailypioneer.com

डाक विभाग कोटा के पोस्ट ऑफिस को ग्राम पंचायत में नगर से 3 किमी दूर शिफ्ट कर देने से कोटा के नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। डाक विभाग के कर्मचारियों के इस कार्य से उनका तो फायदा हुआ होगा पर जानत का नुकसान हो रहा है आने जाने के लिए पचास रुपये खर्च करने पड़ते है समय ऊपर से बर्बाद होता है, बड़े बुजर्ग महिला पुरुष को वंहा पहुँच कर कार्य कराने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोटा और आसपास की जनता जनप्रतिनिधियों ने भाजपा के दबंग नेता प्रबलप्रताप सिंह जूदेव छाया विधायक कोटा एवं प्रदेश संगठन मंत्री से मुलाकात कर हो रही परेशानी एवं डाक विभाग के मनमानी रवैये से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया।

प्रबलप्रताप सिंह जूदेव ने तुरंत उच्च अधिकारियों से बात करते हुए प्रसाशनिक अधिकारियों को इस समस्या को तुरंत निराकरण करने के लिए कहा। और कोटा पोस्ट ऑफिस को कोटा नगर के अंदर शिफ्ट कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जनता की हितों के साथ खिलवाड़ किसी को भी नही करने दिया जाएगा। जूदेव ने कोटा एसडीएम संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा को कहा कि आप जनता की मांग को प्राथमिकता से ध्यान में रखते हुए पोस्ट ऑफिस कोटा नगर के अंदर शीघ्र संचालित करवायें। कोटा पोस्ट ऑफिस को नगर में अंदर संचालित कराने के लिए जनता के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोहर सिंह राज, नगर पंचायत अध्यक्ष अमृता प्रदीप कौशिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष महराज सिंह नायक, महामंत्री शुलेश पाण्डे, जिला महामंत्री मोहित जायसवाल, जिला कार्य समिति सदस्य बैंकट लाल अग्रवाल, किशन मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी रामलाल साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू, पार्षद गण अमरनाथ साहू, लखन साहू, गायत्री साहू महिला मोर्चा जिला महामंत्री, बाबा गोश्वामी, विधान सभा प्रभारी प्रदीप कौशिक, कांग्रेश के वरिष्ठ नेता अग्रहरी समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष गुप्ता, कांग्रेश नेता शैलेश गुप्ता, पूर्व एल्डरमैन गणेश गुप्ता, पूर्व पार्षद अंजना चौकसे, पर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुरारीलाल गुप्ता,मनमोहन पांडे, श्रवण कुमार निर्मलकर, भाजपा नेता रंगनादम, सहित नगर के गणमान्य लोगों ने कोटा नगर में पोस्ट ऑफिस को तुरंत शिफ्ट करने की मांग की, सभी ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भी दिया। साथ ही यदि डाक विभाग इस समस्या का हल तुरंत नही करता तो जनता के लिए जनसुविधा के लिए कोटा के पोस्ट ऑफिस को ग्राम पंचायत क्षेत्र में शिफ्ट करने वाले डाक विभाग के कर्मचारियों में खिलाफ जनता आंदोलन करेगी।

नवनिर्मित झेरिया यादव समाजिक भवन का लोकार्पण शिवरतन शर्मा ने किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में बड़ी संख्या में यादव समाज निवासरत है जिसके लिए सुविधा युक्त सभागार की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस किया जा रहा था जो आज पुर्ण हुआ। परिक्षेत्र अध्यक्ष मन्नूलाल यादव सहित क्षेत्र सभी समाजिक भाइयों ने शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। बड़ी संख्या में उपस्थित यादव बंधुयों को शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कैसे यादवों के पूर्वज भगवान कृष्ण ने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की स्थापना किया था। समस्त यादव समाज को भगवान श्री कृष्ण की उपदेशो का अनुसरण कर समाज में ब्याप्त बुराइयों को त्याग करना चाहिए । कार्यक्रम की अध्यक्षता मन्नूलाल यादव ने किया उन्होंने ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमें उन कारको पर विचार करना चाहिए जिससे समाज का चहुमुखी विकास हो। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुरेश यदु अधिवक्ता भाटापारा, डब्ल्यू सिंह ठाकुर मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण भारतीय जनता पार्टी सुनील यदु क्षेत्र के समाजिक पदाधिकारी गणों में शिवलाल यादव सरंक्षक,तिहारु यादव उपाध्यक्ष, शोभित यादव सचिव, नरेन्द्र यादव कोषाध्यक्ष, मनहरण यादव महामंत्री, रामकुमार यादव लेखपाल, सदाराम यादव उप लेखपाल, शिवशंकर यादव नगर अध्यक्ष, ओम यादव अध्यक्ष युवप्रकोष्ठ सलाहकार दुलार यादव, भुला यादव, जगेसर यादव, बेदराम यादव, लल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के यादव गण उपस्थित रहे।

हम घोषणा कर मीडिया में सुर्खियां नहीं बटोरते बल्की हकीकत में काम करके जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं : श्याम बिहारी जयसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

सम्मान समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार अपने सभी वादे पूरा करेगी, हर गांव की आवश्यकता अनुसार काम करने का प्रयास करेंगे। इसी तरह पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार एवं भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी.महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया, और उन्होने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि चुनाव जीतने के लिए वादा नहीं किया बल्की धरातल में हकीकत में उतारने का प्रयास करूंगी चाहे केल्हारी -भरतपुर से वनांचल क्षेत्र को रेल लाइन पहुंचाने, चांगभखार को जिला बनाने, विकास खण्ड बनाने की बात हो सभी पर ध्यान है। उन्होने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उतकृष्ट कार्य करने वाली 17 महिला शक्तियों को श्री फल साल एवं प्रसष्ती पत्र दे कर सम्मानित कर उज्वल भविष्य की शुभकामना की। सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम विहारी जायसवाल कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय क्रियांवयन छ. ग. शासन एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार एवं भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, अध्यक्षता शरणसिंह मरपच्ची, विशिष्ट अतिथि रेणुका सिंह जिला पंचायत सदस्य, दृगपाल सिंह जिला पंचायत सदस्य, डॉ. एस.एस. सिंह आ.ज.जा. शासकीय कर्मचारी सेवा संघ जिलाध्यक्ष, डॉ एल. पी मराबी, डॉ. विनय शंकर सिंह जनपद अध्यक्ष, सोनमती उर्रे जनपद अध्यक्ष खड़गंवा, के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन के दौरान क्षेत्र के पारम्परिक सैला, सुआ नृत्य एवं 18 ग्रुप कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। मंच का संचालन परमेश्वर सिंह मरकाम द्वारा किया गया। साल श्रीफल स्मृति चिन्ह दे कर भव्य स्वागत किया गया साथ ही स्वास्थ्य मितानिनों ने सरकार उनकी मागें मान जाने की खुशी में महामाला से स्वागत किया गया।

दुर्ग एवं छपरा के मध्य एक फेरे के लिए होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

भाटापारा। 13 मार्च, 2024 रेलवे द्वारा होली के अवसर पर दुर्ग-छपरा के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग के मध्य एक फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी दुर्ग से 08795 नंम्बर के साथ तथा पटना से 08796 नम्बर के साथ चलेगी । 08795 दुर्ग-छपरा होली स्पेशल दुर्ग से 22 मार्च, 2024 (शुक्रवार) तथा 08796 छपरा-दुर्ग होली स्पेशल छपरा से 26 मार्च, 2024 (मंगलवार) को छुटेगी । इस स्पेशल ट्रेन में 2 एस.एल.आर/एसएलआरडी, 02 सामान्य, 14 स्लीपर, 04 एसी-ढ्ढढ्ढ, 01 एसी -ढ्ढढ्ढ सहित कुल 23 कोच रहेगी।

शीलू लुनिया की दो कृतियों का विमोचन व महिला सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लेखिका शीलू लुनिया की दो कृतियों का विमोचन व सम्मान समारोह वरिष्ठ भाषाविद् व साहित्यकार डॉ् चितरंजन कर के मुख्य आतिथ्य व डॉ शीला गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें से एक रचना गर्भ के संस्कार फलीभूत होते हैं में उन्होंने नौ माह में एक महिला कैसे अपनी अदृश्य संतान से संवाद स्थापित कर उसकों संस्कार देती है, उसका वर्णन किया है। पहले माह से नौ माह तक प्रत्येक माह मां अपनी होने वाली संतान के लिए किन-किन बातों का स्वयं ध्यान रखती है इसका शानदार वर्णन शीलू लुनिया ने अपनी पुस्तक में किया है। गर्भ में पल रही संतान के लिए एक मां की सोच है कि मेरी होने वाली संतान कैसी होगी, क्या मैं एक अच्छी मां बन पाऊंगी। क्या आधुनिकता की चकाचौंध में उसे अच्छे संस्कार दे पाऊंगी। क्यू ंना गर्भ से ही संस्कारों की शिक्षा प्रारंभ कर दी जाए। इन्हीं सब सोच को लेकर लेखिका शीलू लुनिया ने अपने अनुभवों को इस पुस्तक में साझा किया है इसके अलावा एक कविता संग्रह मुट्ठी में आसमां का भी विमोचन किया गया। इस समारोह में समीक्षक डॉ मंजूला श्रीवास्तव, डॉ सुधीर शर्मा, डॉ अर्चना पाठक व गोपाल सोलंकी। विशिष्ट अतिथि डॉ सोनाली च वर्ती भिलाई, अमरनाथ त्यागी थे। कार्यक्रम का प्रारंभ में बिटिया रूही जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व महिला मंडलों का सम्मान किया गया जिनमें रजनी नेल्सन, शुभा शुक्ला, शोभा मोहन श्रीवास्तव, मनीषा गुप्ता, माधुरी कर, सुप्रिया शर्मा, पल्लवी झा, साधना शर्मा, डॉ. तृषा शर्मा, सुषमा तिवारी, नीता झा, डॉ नम्रता सिंह, डॉ सीमा निगम, सुभी टांक, किरण लता वैध, राशि मिश्रा, सुशीला साहू, देवजानी मजूमदार, लक्ष्मी साहू, रीता वैष्णव, दिलशाह बेग सैफी, प्रज्ञा त्रिवेदी, नीता श्रीवास्तव, संतोष सोनी, वासु पूज्य मनोहर, महिला मंडल, समर्पण सखी महिला मण्डल।

रोजगार और न्याय के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में रोजगार दो न्याय दो मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया। जिसमें प्रदेश भर से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता, बेरोजगार युवा, कॉलेज छात्र, अभ्यार्थी इस आंदोलन में पहुंचे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के निर्देश पर एनएसयूआई धमतरी के कार्यकर्ता भी इस घेराव कार्यक्रम में पहुंचकर आंदोलन में हिस्सा लिया और अपनी गिरफ्तारी दी। एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द यादव और नोमेश सिन्हा ने बताया कि भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई उन्होने रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया है। वर्तमान में मोदी की गारंटी भी फेल साबित हुई हैं। महंगाई से जनता परेशान है और भाजपा के सारे वादे खोखले साबित हुए हैं। चाहे हर महिला को 1000 रूपये देने की बात हो या 500 में गैस सिलेंडर देने की बात हो भाजपा सरकार अपने वादे निभाने में नाकाम रही है यहां तक कि पिछली सरकार द्वारा युवाओं को दिया जा रहा बेरोजगारी भत्ता भी बंद कर दिया गया है। भाजपा की इसी नाकामियों को लेकर प्रदेश भर के युवाओं द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया पर भाजपा सरकार पुलिस ने प्रशासन का प्रयोग कर हमे रोका गया और जबरन गिरफ्तार किया गया। भाजपा सरकार ये जान ले कि युवाओं के हक की लड़ाई हम लड़ते रहेगें और आगामी लोकसभा चुनाव में ये युवा वर्ग ही भाजपाई ताबूत में आखिरी कील ठोकेगा।

मेरी मां कर्मा हिंदी, धार्मिक फिल्म को टैक्स फ्री किया जाना चाहिए : इन्द्र साव

साहू समाज के नवनिर्मित भवन का विधायक इन्द्र साव ने किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर साहू समाज के तत्वाधान में स्थानीय भामाशाह चौक के पास साहू छात्रावास भवन में समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक इन्द्र साव द्वारा 10 मार्च 2024 को किया गया। इसी के साथ फिल्म मेरी माँ कर्मा (हिंदी धार्मिक फिल्म) जो देश के कई सिनेमा घरों में 05 अप्रैल 2024 से प्रसारित होगा। इसको लेकर नगर के साहू समाज द्वारा एक कार्यक्रम भी यहां रखा गया था। जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोगों ने हिस्सा लेते हुए, सभी ने एक स्वर में इस फिल्म को देखने व इसका प्रचार/प्रसार करने की सभी सामाजिक बंधुओं एवं सर्वसमाज के लोगों से अपील की। इस अवसर पर यहां उपस्थित भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने भी इस फिल्म का प्रचार करने व सभी वर्ग के लोगों को देखने का अनुरोध किया। इस अवसर पर इस फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक द्वय डी.एन. साहू एवं यू.के. साहू भी उपस्थित थे। विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में माता कर्मा के जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा को साहू समाज की इष्ट देवी के रूप में पूजा जाता है। मां कर्मा को मारवाड़ की मीरा भी कहां जाता है। वे भगवान की अनन्य भक्त थी और श्री कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिये थे। राजस्थान के नागोर जिले की मकराना तहसील में एक गांव है कालवा। इस गांव में जीवन राम डूडी के घर 1615 में एक बेटी का जन्म हुआ भगवान की बहुत मन्नते मांगने के बाद इनका जन्म हुआ था। बचपन से ही उनमें भक्ति भाव के संस्कार थे। जीवनराम स्वयं भी धार्मिक पुरूष थे और वे अपनी बेटी से बहुत स्नेह रखते थे। इसी माहौल में कर्मा 13 वर्ष की हो गई। एक बार जीवनराम को कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए पुष्कर जाना था। उनकी पत्नी भी उनके साथ जा रही थी। वे कर्मा को भी अपने साथ ले जाना चाहते थे लेकिन एक समस्या आ गई, उनके अनुपस्थिति में भगवान को भोग कौन लगाता? इसलिए उन्होंने कर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कर्मा से कहां तुम सुबह भगवान को भोग लगाना और उसके बाद ही भोजन करना। कर्मा ने सुबह स्नान आदि कर बाजरे का खिचड़ा बनाया। उसमें खुब घी डाला और पूजा के लिए भगवान की मूर्ति के पास आ गई। थाली सामने रखी और हाथ जोड़कर बोली, हे प्रभु भूख लगे तब भोग लगा लेना, तब तक मैं घर के और काम कर लेती हूं। इसके बाद वह काम में जूट गई। बीच-बीच में यह थाली देखने आती लेकिन भगवान ने खिचड़ा नहीं खाया। कुछ समय बाद भगवान कृष्ण, कर्मा की जिद के आगे झुक गये एवं उनका बनाया खिचड़ा खाया। यह क्रम अनवरत बहुत समय तक चला। जीवन के अंतिम दिनों में कर्मा जगन्नाथ के नगरी चली गई और वहीं रहने लगी। वहां रोज भगवान को खिचड़े का भोग लगाती और भगवान उनके हाथ से खिचड़ी खाने आते। आज भी भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का ही भोग लगाया जाता है। उक्त जीवन वृतांत को विधायक इन्द्र साव द्वारा बताते हुए हिंदी फिल्म मेरी माँ कर्मा को टैक्स फ्री करवाने हेतु महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छ.ग. शासन को पत्र लिखने की बात कही जिससे आम जन मानस माता कर्मा के जीवन चरित्र का अनुसरण कर सकें व माता कर्मा के जीवन वृत्तांत को जान सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्टार प्रचारक कृपाराम साहू, सुरेंद्र साहू पूर्व महासचिव जिला साहू संघ, प्रांतीय स्टार प्रचार वीणा साहू, सती साहू, नारायण साहू, मनीराम साहू, तिलक साहू, अमृत साहू, जिला स्टार प्रचारक जीत नारायण साव, पीला राम साहू, लिकेश साहू, नभ नारयण साहू, लखन साहू, देवेन्द्र साहू, लोकचंद साव, कल्याणी साहू, रमा साहू,कमला साहू, प्रमिला साहू, नीरा देवी साहू, कामना साहू, राजेश्वरी साव, राजलक्ष्मी साहू, इंद्राणी सांची साहू, मानकुंवर साहू, चित्रलेखा साहू, हेमलता साहू, रवि साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, राजेश साहू, नंदू साहू, संतोष साहू एवं नगर साहू समाज के पदाधिकारीगण एवं वार्ड प्रमुखों के साथ ही साथ भारी संख्या में सामाजिकजन शामिल रहें।

भाजपा की साय सरकार आदिवासी विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी और छात्र विरोधी है : विक्रम मंडावी

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े हैं : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि साल के शुरुआत में गंगालूर थाना अंतर्गत मुतवेंडी गांव में क्रॉस फायरिंग के नाम पर 6 माह की आदिवासी बच्ची की मौत होना, उसके बाद आवापल्ली थाना अंतर्गत चेरामंगी गांव के आश्रम में अध्यनरत आदिवासी छात्र का आश्रम में ही फाँसी लगाकर आत्महत्या करना, उसके बाद आवापल्ली थाना अंतर्गत चिंताकोंटा गांव में संचालित एक कन्या पोटाकेबिन आश्रम स्कूल जहां 300 से अधिक आदिवासी छात्रायें रह रही थी उस छात्रावास में मध्यरात्रि को पूरे आश्रम परिसर में आग लगना और उस आग में जलने से 4 साल की मासूम बच्ची की मौत होने के साथ ही आश्रम में रखे लाखों रुपये के सरकारी संपत्ति का नुक़सान होना और गंगालूर थाना अंतर्गत गांव गंगालूर के ही पोटाकेबिन आश्रम में अध्ययनरत एक आदिवासी छात्र का माँ बनने की घटना वर्तमान भाजपा सरकार की तथाकथित नारा बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ की वास्तविकता को दशार्ता है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि महिलाओं और बेटियों के साथ छेड़-छाड़, बलात्कार, अपहरण की घटनायें बड़ी है। भाजपा सरकार में अब बेटियाँ स्कूल जाने से डर रही है। वहीं बोड़गा में क्रॉस फ़ायरिंग में एक आदिवासी महिला को गोली लगी जिसका इलाज जगदलपुर हॉस्पिटल में किया जा रहा है। बीजापुर जिले में लगातार फर्जी मुठभेड़ की घटनाएँ बढ़ रही है निर्दोष आदिवासियों को जेल भेजा जा रहा है। ताड़ोपोट में भी क्रॉस फ़ायरिंग से छत्तीसगढ़ के जवान का भाई रमेश ओयाम की मौत हुई थी। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े है स्कूलों में आदिवासी छात्राएँ सुरक्षित नहीं है महिलाओं पर अत्याचार बढ़े है भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार आदिवासियों, महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह फेल हो गई है। भाजपा सरकार हमेशा से ही आदिवासी विरोधी रही है भाजपा और भाजपा के नेता यह नहीं चाहते कि बीजापुर जैसे आदिवासी क्षेत्र के बच्चे स्कूल जायें और आगे बढ़े इसलिए इस तरह के डरावने घटनाएँ करवाकर आदिवासी बच्चों को पढ़ने से रोखने का काम भाजपा की विष्णुदेव सरकार कर रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि पूर्ववर्ती 15 साल की भाजपा सरकार के दौरान नक्सली क्षेत्रों में हुए महिला विरोधी अत्याचार एक बार फिर लोगों के स्मृति में आने लगा है। विष्णु देव साय की सरकार में अपराधियों और आरोपियों के हौसले बुलंद है पीड़ित को ही प्रताड़ित करने का सिलसिला भाजपा की सरकार में चल रहा है। जिला नारायणपुर शासकीय पूर्व

माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत नाबालिक छात्राओं से विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लंबे समय से किये जा रहे अश्लील हरकतें, अश्लील बातें एवं अभद्र व्यवहार छेड़खानी की जा रही थी। साय सरकार ने नाबालिक बच्चियों के खिलाफ होने वाले इस जघन्य अपराध पर कार्रवाई के बजाय लीपा पोती किया गया। बस्तर के नारायणपुर जिले की यह घटना झलियामारी, मीना खलको, मड़कम हिडमे और सोनी सोरी के प्रकरण की विभत्स घटनाओं की पुनरावृत्ति की तरह है। जैसे झलियामारी में मासूम बच्चियों के साथ शारीरिक शोषण शासकीय आश्रमों में हो रहा था कुछ वैसी ही घिनौना प्रयास नारायणपुर में हुआ। नारायणपुर, बस्तर, सूरजपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर में लगातार महिलाओं के ऊपर हमले हो रहे हैं, हिंसा हो रहा है, हत्याएं हो रही है, छेड़छाड़ हो रहा है।पूर्व के रमन सरकार के दौरान भी महिला अपराध के मामले में छत्तीसगढ़ देश में टॉप फाइव राज्यों में था।एक बार और वही स्थिति निर्मित हो गई है साय सरकार में माता बहनें बेटियां डरी हुई भयभीत है स्कूल हो या बाजार घर कहीं भी महिलाये सुरक्षित नहीं है।

विधायक विक्रम मंडावी में प्रेस वार्ता में कहा कि सूरजपुर जिला के शिक्षा अधिकारी ने अपराधियों के डर से सुरक्षा देने में हाथ खड़ा कर दिया स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता को पत्र लिखकर बच्चों की सुरक्षा स्वयं करने को निर्देशित किया। साय सरकार बनने के बाद दूसरे राज्यों से महिलाओं को छत्तीसगढ़ में लाकर उनकी हत्या कर दी जा रही है उनके साथ रेप की घटनाएं हो रही है। छत्तीसगढ़ अराजकता की ओर आगे बढ़ रहा है और साय सरकार मोदी की गारंटी के नाम से सिर्फ विज्ञापन बाजी कर रही है। विक्रम मंडावी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जाँच दल नारायणपुर जिला की घटना के प्रभावित गांव का दौरा कर सभी पीड़ितों के परिजनों, ग्राम वासियों, प्रशासन और पीड़ित बालिकाओं से भेंट कर विस्तृत चर्चा की। आरोपियों ने छात्राओं से अश्लील हरकतें, अश्लील बातें एवं अभद्र व्यवहार किया, शारीरिक, मानसिक रूप से नाबालिक बालिकाओं को अत्यधिक प्रताड़ित किया। आरोपियों ने अपने कुकृत्यों को ढकने के लिए बच्चियों और उनके परिजनों को लगातार धमकाते रहे। ग्राम के सरपंच एवं शाला समिति के सदस्य पीड़ित बच्चियों के पालकों को बुलाकर धमकाएं, उनसे जबरिया माफीनामा लिखवाकर कागजों में हस्ताक्षर करवाए जिससे यह स्पष्ट है कि पूरे मामले की लीपापोती करने प्रशासन के संरक्षण में पीड़ितों को ही प्रताड़ित किया गया। नारायणपुर जिले के कलेक्टर और एसपी ने शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की। इतनी संवेदनशील घटना के 8-10 दिन बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया गया। रिपोर्ट भी तब दर्ज किया गया जब हमारे जांच दल ने दबाव बनाया। आरोपियों के संबंध भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से है उनके भाजपा नेताओं से नजदीकी संबंध के वीडियो, फोटो सार्वजनिक है। भाजपा नेता उनको संरक्षण दे रहे है। कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मामले में साय सरकार पूरी तरह से असहाय है।

विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना में हुए तथाकथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ में तीन निर्दोष आदिवासी मारे गये कांग्रेस पार्टी ने हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में न्यायिक जाँच कराने की माँग को लेकर राज्यपाल को विगत 6 मार्च 2024 को ज्ञापन सौंपा है। अब तक विष्णुदेव साय सरकार इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पायी। साय सरकार के अत्याचार के खिलाफ़ कांग्रेस पीड़ित आदिवासियों के साथ न्याय मिलने तक संघर्ष करेगी। कांग्रेस पार्टी माँग करती है कि इन सभी घटनाओं की न्यायिक जाँच हो और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, जनपद अध्यक्ष बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, प्रवक्ता ज्योति कुमार, ब्लाक अध्यक्ष रमेश यालम, जिला कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, पार्षद लक्ष्मण कड़ती, पार्षद साहिल तिग्गा, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, सह प्रवक्ता मोहित चौहान, विधायक प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, एल्डरमैन हरेंद्र नाग और सदाशिव राना सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ महिला संगठन किरन्दुल के तत्वाधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओ के लिए स्थानीय फुटबॉल ग्राउंड में विभिन्न खेलकूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया।जिसमें मोमबत्ती दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम गंगा परकाले,द्वितीय रीना गुप्ता तृतीय पूनम गुप्ता रहीं। 50 मीटर दौड़ में प्रथम रूपा कोर्राम,द्वितीय आरती कश्यप,तृतीय रीना कश्यप रहीं।हंडी मटकी दौड़ में प्रथम कौशल्या, द्वितीय अंजू चौहान,तृतीय उर्मिला नाग रहीं।मौके पर एसकेएमएस अध्यक्ष देवरायलु,सचिव राजेश संधू,रोशन मिश्रा, नरसिम्हा रेड्डी,प्रीति दूधी,शीला साहू एवम अनेक महिलाएं उपस्थित थे।

स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन के लिए सभी अपने दायित्वों का करें गंभीरतापूर्वक निर्वहन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की उपस्थिति में उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी, वीडियो निगरानी और वीडियो अनुवीक्षण दलों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर ने व्यय अनुवीक्षण दल के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया निर्वाचन कार्य की दृष्टि से अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे खर्च की जानकारी एवं चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराए जाने के लिए आप लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि, लोकसभा क्षेत्र कोरबा हेतु उड़नदस्ता दल (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) का गठन किया गया है। जैसे ही चुनाव की घोषणा होगी सभी दल सक्रिय हो जायेंगे। सभी दलों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सावधानी, सख्ती, सतर्कता और शालीनता से कार्य करने के निर्देश दिये गये। सभी चेक पोस्टों पर निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने के साथ ही अभ्यर्थियों के द्वारा किए जा रहे वैध एवं अवैध खर्चो की सघन जांच और निगरानी करेंगे। कलेक्टर ने जप्ती के दौरान जप्ती प्रक्रिया की पूर्ण वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिये। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के संवेदनशीलता एरिया में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने पूरी गंभीरता के साथ इस प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए पूरी सतर्कता और सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने कहा कि पूरे जिले के साथ ही ओड़ीसा सीमा पर बहुत अधिक सजगता के साथ रहकर कार्य करें, जिससे हमारे क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन हो सके। इस दौरान अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय उरांव सहित उड़नदस्ता और स्थैतिक निगरानी, वीडियो निगरानी और वीडियो अनुवीक्षण दलों में नियुक्त अधिकारी उपस्थित रहें।

यादव समाज एवं डड़सेना कलार समाज के भवन निर्माण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किया गया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के अन्य पिछड़ा वर्ग समूह में आने वाली बड़ी सामाजिक संगठन किरंदुल के यादव समाज एवं डड़सेना कलार समाज के सामाजिक भवन निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग को नगरपालिका परिषद किरंदुल द्वारा पूर्ण करते हुए वार्ड क्रमांक 16, गांधीनगर में नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप के विशिष्ट आतिथ्य में आबंटित भू-खण्ड का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर यादव समाज किरंदुल के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सचिव लक्ष्मीता यादव, उपाध्यक्ष भोजराम यादव, कोषाध्यक्ष सविता यादव, डड़सेना कलार समाज के अध्यक्ष अनिल कुमार शार्दूल, सचिव के.पी. सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील सिन्हा, कोषाध्यक्ष लोमन सिन्हा सहित समाज के सदस्य जनप्रतिनिधि अन्य नागरिक गण उपस्थित थे।

संजीव दास ने श्री राधा कृष्णा मंदिर किरंदुल को भेंट किया साउंड सिस्टम

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बंगाली कैंप वार्ड नंबर 4 मेनरोड में स्थित श्री राधा कृष्णा मंदिर में बुधवार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के शुभ अवसर पर लक्ष्मणपुर कैंप निवासी भाजपा के मंडल महामंत्री संजीव दास ने साउंड सिस्टम भेंट किया।साउंड सिस्टम को मंदिर कमेटी के अध्यक्ष तुलसी राय सचिव बिप्लव मल्लिक भजन मंडली के सदस्य कृष्णा पल कौशल्या अधिकारी मालती सेन धीरू साहा कल्पना बर्मन शिखा सरकार संध्या गोलदार रूपेश हालदार करुणा पल मालती कीर्तनिया पुजारी शांति हालदार के हाथो सौंपा।संजीव दास ने कहा की आधुनिक फीचर से सुसज्जित यह मेगा साउंड सिस्टम

भगवान श्री राधा कृष्णा ठाकुर सत्यानंद के चरणों में समर्पित है इससे ठाकुर जी के भक्त मधुर आवाज में भजन कीर्तन कर भगवान और उनके भक्तो को मोहित करेंगे।मंदिर समिति के अध्यक्ष तुलसी राय सचिव बिप्लव मल्लिक ने धन्यवाद करते हुए कहा की यह सराहनीय कार्य है, इससे और लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा उपाध्यक्ष विजय सोढ़ी डीएमएफ सदस्य दिनानाथ ठाकुर विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा महामंत्री सरस्वती डहरिया महामंत्री अनीता वर्मा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निमाई पाल नरेश बिस्वास महादेव राय परितोष सेन माधवी ढाली अमित बोस मनोज साहा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बबिता गिरी भाजपा मंत्री सुनीता साहू मोहित धवन आदि मौजूद रहे।

दंतेवाड़ा नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ जिला अध्यक्ष बने गौरीशंकर तिवारी

किरंदुल। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के किरंदुल नगर पालिका में कार्यरत गौरीशंकर तिवारी सहायक राजस्व निरीक्षक को जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। ज्ञात हो कोरोना काल में भी जिला कलेक्टर के द्वारा गौरीशंकर को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का भी पुरुस्कार प्राप्त हो चुका है। सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्य कुशलता के आधार पर इन्हें इस पद पर आसीन किया गया है। गौरीशंकर तिवारी ने बताया कि जिले में 3 नगर पालिका एवं 2 नगर पंचायत है जिसमें प्रत्येक कर्मचारियों की मांग एवं समस्या को प्रदेश पदाधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा एवं नगरीय निकाय के कर्मचारियों की केंद्र के बराबर महंगाई भत्ता,ट्रेजरी में माध्यम से वेतन, ओल्ड पेंशन स्कीम आदि के लिए संघ की तरफ से शासन को मांग पत्र भेजा जायेगा साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी को आभार व्यक्त किया एवं संगठन को मजबूत करने हेतु निरंतर प्रयास करने की बातें कहीं।

सरकार की लचर कानून व्यवस्था व महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया पत्रकारवार्ता

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव द्वारा कांग्रेस भवन में प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित कर प्रदेश सरकार के रवैये को बताया कहा कि, पूर्ववर्ती 15 साल की भाजपा सरकार के दौरान नक्सली क्षेत्रों में हुए महिला विरोधी अत्याचार एक बार फिर लोगों के स्मृति में आने लगा है। विष्णु देव साय की सरकार में अपराधियों और आरोपियों के हौसले बुलंद हैं, पीड़ित को ही प्रताड़ित करने का सिलसिला भाजपा की सरकार में चल रहा है। ज्ञात हो नारायणपुर जिला के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत नाबालिक छात्राओं से विद्यालय के शिक्षकों द्वारा लंबे समय से किये जा रहे अश्लील हरकतें,

अश्लील बातें एवं अभद्र व्यवहार छेड़खानी की जा रही थी। साय सरकार ने नाबालिक बच्चियों के खिलाफ होने वाले इस जघन्य अपराध पर कार्रवाई के बजाय लीपा पोती किया गया। बस्तर के नारायणपुर जिले की यह घटना झलियामारी, मीना खलको, मड़कम हिडमे और सोनी सोरी के प्रकरण की विभत्स घटनाओं की पुनरावृत्ति की तरह है। जैसे झलियामारी में मासूम बच्चियों के साथ शारीरिक शोषण शासकीय आश्रमों में हो रहा था, कुछ वैसी ही घिनौना प्रयास नारायणपुर में हुआ। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा की साय सरकार में बेटियां स्कूल जाने से डर रही है।

मुख्यमंत्री ने की तेंदूपत्ता की दर को प्रति मानक बोरा 5500 रुपए करने की घोषणा

जंगल जतरा वनोपज संग्राहकों के संभाग स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए मानक बोरा करने की घोषणा करते हुए कहा कि, यह दर तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2024 से प्रभावशील होगी। कोंडागांव स्थित विकास नगर स्टेडियम में आयोजित जंगल जतरा 2024 महासम्मेलन में शामिल बस्तर संभाग की प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों और संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों और संग्राहक सदस्यों के बीच उपस्थित मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज इस सम्मेलन में उपस्थित होकर बड़ा ही गर्व हो रहा है, क्योंकि इस कार्यक्रम

के माध्यम से मोदी जी की एक और गारंटी को हम पूरा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा था कि, यदि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनी तो हम तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए मानक बोरा कर देंगे। आज इस सम्मेलन में मैं इस योजना के शुभारंभ की घोषणा करता हूं। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2024 के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण दर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा होगी। साथ ही हम चरण पादुका योजना को फिर से शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण दर में बढ़ोतरी से 12 लाख 50 हजार संग्राहक परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। संग्रहण दर में बढ़ोतरी से संग्राहक भाई-बहनों को 240 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होने की संभावना है। इसके साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों के लिए हमारी सरकार नयी सामाजिक सुरक्षा योजना प्रारंभ कर रही है।

बस्तर के लघु वनोपजों का होगा मूल्य संवर्द्धन

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, मोदी सरकार गांव, गरीब, आदिवासी, किसानों, महिलाओं और युवाओं की चिंता करने वाली सरकार है। छत्तीसगढ़ में भी हमारी सरकार को उन्होंने यही निर्देश दिया है। उन्होंने जो गारंटियां दी थी, वह छत्तीसगढ़ की समृद्धि और खुशहाली की गारंटियां हैं। हम एक-एक करके उनकी हर गारंटी को पूरा कर रहे हैं। हमारा मुख्य फोकस बस्तर और सरगुजा संभाग पर है। इन दोनों संभागों में असीम संभावना होते हुए भी विकास नहीं हो पाया। वन, उर्वरा भूमि, नदी-नालों और खनिज संपदा से भरपूर होने के बाद भी इन संभागों के निवासियों का जीवन संवर नहीं पाया। हमारी सरकार ने विकास की जो रणनीति बनाई है, उसमें स्थानीय संपदा का लाभ स्थानीय लोगों को मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। बस्तर में 65 तरह के लघु वनोपजों का संग्रहण होता है, जिसमें इमली, महुआ, अमचूर आदि का निर्यात भी किया जाता है। इनका ज्यादा से ज्यादा प्रसंस्करण और वैल्यू एडीशन स्थानीय स्तर पर ही हो, इस दिशा में हम ठोस प्रयास करेंगे। यहां पर भरपूर मात्रा में कोदो-कुटकी-रागी की उपज होती है। आज इन मोटे अनाजों की दुनिया में बहुत मांग है। इन मोटे अनाजों के भी स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा प्रसंस्करण और वैल्यू एडीशन की व्यवस्था की जाएगी। मोटे अनाज के उत्पादक किसान भाई-बहनों को सरकार की ओर से पूरा प्रोत्साहन और सहयोग दिया जाएगा। बस्तर और सरगुजा संभाग में सिंचित रकबे का अधिक से अधिक विस्तार किया जाएगा, ताकि इन संभागों में भी दो फसली रकबा बढ़ाया जा सके।

पीड़िता के साथ अनाचार कर अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर किया था वायरल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव पुलिस महिलाओं के अपराधों के खिलाफ लगातार त्वरित और कड़ी कार्रवाई कर रही है। 25 फरवरी को एक पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसके साथ अनाचार का हुआ है। आरोपी का नाम टिकेश्वर यादव हैं, जो ग्राम मदार्पाल का निवासी हैं। उसने पीड़िता को धोखा देकर अनाचारिक कृत्य किया और उसकी अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल किया। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि, टिकेश्वर यादव को परिचितों के माध्यम से उससे पहले मिला था। उसके बाद वे मोबाइल फोन के जरिए संवाद करते थे और टिकेश्वर ने शादी का झांसा व धोखा देकर उसके साथ गलत काम किया। जब पीड़िता ने टिकेश्वर यादव से शादी के लिए कहा, तो वह मना किया और घर से भाग गया। इसके बाद 24 फरवरी को उसने पीड़िता की अश्लील फोटो को एक व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी आरोपी टिकेश्वर यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 20, धारा 376(2)(ढ), धारा 67(ख) आईटीएक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में लेकर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

धमतरी में चली गोली, नाबालिक युवती घायल आईसीयू में भर्ती

मामले को दबाने उच्च स्तरीय प्रयास, अब तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नही

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

गौ तस्करी जैसे अनेक मामलो में पूर्व में पकडाये एक चिकित्सक के पुत्र द्वारा शिकार हेतु चलायी गई बंदूक के गोली से एक नाबालिक लडकी घायल हो गई जिसे शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है जो वर्तमान में आईसीयु में है। आधारी नवागांव के कुछ लोग जो गंगरेल में ट्रांसफार्मर के बसे है उस परिवार के युवती जो बाहर खडे होकर अपना काम कर रही थी। शिकार हेतु चलायी गई गोली सीधे उसके जिस्म पर जा लगी जिससे वह घायल हो गई 13 तारीख की यह घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियो ने इस प्रतिनिधि को बतायी। इस मामले को दबाने का उच्च स्तरीय प्रयास किया जा रहा है। मिली जानकारीक ` अनुसार पता चला है कि रूद्री निवासी एक पूर्व चिकित्सक के पुत्र जो कि गौ तस्करी जैसे कुछ मामलो में भी संलग्न पाये गये है के द्वारा शिकार के लिए अपने बंदूक लेकर रूद्री से गंगरेल की ओर गया था जहां उसने शिकार के लिए अपनी बंदूक से गोली चलायी जिससे वहां खडी (बदला हुआ नाम) सरिता नाबालिक लडकी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे कुछ लोगो की मदद से धमतरी के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है जो इन पंक्तियो के लिखे जाने तक आईसीयू में भर्ती है इसकी जानकारी इतनी गोपनीय रखी गई कि इतनी बडी घटना घटित होने के बाद भी अब तक किसी ने इस पर ध्यान नही दिया। परंतु इस घटना की जानकारी जैसे ही इस प्रतिनिधि को प्राप्त हुई और सिविल लाईन थाना प्रभारी एवं परीविक्षाधीन डीएसपी विंकेश्वरी विंदे से दूरभाष पर चर्चा की तो उन्होने बताया कि घटना घटी है किन्तु अभी तक इसकी शिकायत किसी के द्वारा नही गई है। उन्होने यह भी कहा कि पुलिस इस मामले को स्वतः संज्ञान लेकर जांच कर रही है। घायल युवती जो कि एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है इसके संबंध में संबंधित अस्पताल के डाक्टर से दूरभाष से चर्चा की तो पहले तो उन्होने यह कहा कि मैं ऑपरेशन थियेटर में हु लेकिन बाद में उन्होने बताया कि हां एक मामला मेरे अस्पताल में आया है मैं अभी वर्तमान में इस संबंध में कुछ नही बताऊंगा इस मामले में मै कोई भी जानकारी नही दे सकता आप अस्पताल के बाहर उनके परिजन खडे है उनसे बयान ले लो और इस संबंध में पुलिस विभाग के कुछ लोग भी आये है उनसे ले लो। बताया जाता है कि एक चिकित्सक के पुत्र के द्वारा अक्सर शिकार के लिए अपने बंदुक इस्तेमाल किया जाता है गाहे बगाहे शिकार के लिए इधर उधर घुमते रहता है आज इतनी बडी घटना घट गई है उसे दबाने के लिए चिकित्सक के पुत्र द्वारा भारी एप्रोच किया जा रहा है इसी वजह से किसी भी पक्ष द्वारा इसकी सूचना पुलिस विभाग को नही देना ही इस बात का प्रमाण है कि इस गंभीर मामले को दबाने का पुरा पुरा प्रयास किया जा रहा है कुछ जागरूक लोगो ने उक्त घटना को लेकर जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त व्यक्ति के बंदूक लाईसेंस एवं बंदूक को जप्त कर अवैध शिकार का मामला भी दर्ज किया जाना चाहिए। वहीं इस पूरे मामले को लेकर जो खबर छनकर निकली है उसके हिसाब से गंगरेल क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि जिसने अपना स्वार्थ सिद्धी कर मामले को दबाने प्रार्थियों के परिजनो पर दबाव डालने की खबर है।

ब्रह्मकुमारीज धमतरी में महिला दिवस पर गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्म अनुभूति तपोवन सांकरा में महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला जागृति आध्यात्मिक सम्मेलन, सार गर्भित उद्बोधन नृत्य नाटिका रहस्य खुदा का एवं महिला सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक परिवर्तन विषय पर संगोष्ठी एवं विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं एवं छात्राओं का सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बहन सरिता दोशी सचिव लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स, सीमा गोयल अध्यक्ष इनरव्हील क्लब धमतरी, रूपल जैन कल्पवृक्ष सकल जैन समाज महिला ट्रस्ट धमतरी, नलिनी सोनी उपाध्यक्ष महिला समाज धमतरी, अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सरिता बहन संचालिका ब्रह्माकुमारीज जिला धमतरी, मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी प्राजक्ता बहन मंच पर सादर उपस्थित थीं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम परमात्म स्मृति में स्थित होकर सभी ने दिव्यसत्ता को स्मरण करते हुए दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का बहुत ही स्नेहिल और आकर्षक ढंग से स्वागत एवं सम्मान ब्रहमकुमारी बहनों के द्वारा किया गया साथ ही साथ सभा में उपस्थित समस्त लगभग 250 से भी अधिक शक्तियों का स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत नृत्य कन्या निष्ठा एवं दिव्य गीत ब्रह्माकुमारी नवनीता बहन ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्तव्य देते हुए ब्रह्माकुमारी प्राजक्ता बहन ने संपूर्ण नारी जाति के लिए अष्ट शक्तियों का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है और उसके सदुपयोग से नारियां उच्चतम शिखर पर पहुंच कर अपने संपूर्ण जीवन को ही नहीं बल्कि परिवार, समाज देश और विश्व कल्याण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकती हैं। साथ ही साथ उन्होंने अष्ट शक्तियों पर आधारित बहुत ही मनोरंजक आकर्षक गेम्स भी खिलाई जिसमें प्रभा श्रीवास्तव, मनीषा छाजेड़, सूर्या लुंकड़, कंचन लुंकड़ ने पुरस्कार प्राप्त किया, एग्जैक्ट फाउंडेशन की दिव्यांग कन्या सेवती ध्रुव बेस्ट फाइटर 2003 जूडो में गोल्ड मेडलिस्ट का स्नेहिल सम्मान संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिव्य धाम सिविल लाइंस धमतरी के माताओं ने छह सेवा केंद्र की प्रमुख बहनें ब्रह्माकुमारी सरिता बहन, ब्रह्मा कुमारी प्राजक्ता बहन, ब्रह्माकुमारी नवनीता बहन, ब्रह्मा कुमारी सरस बहन, ब्रह्मा कुमारी जागृति बहन, ब्रह्माकुमारी नीता बहन का आध्यात्मिक शक्तिपुंज गौरव सम्मान भेंट कर सम्मानित किया। ब्रह्माकुमारी सरिता बहन का लेडिस क्लब धमतरी, इनर व्हील क्लब धमतरी, महिला समाज धमतरी, बाबा की बेटियां ग्रुप धमतरी की ओर से स्नेहिल सम्मान किया गया। ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने अपने दिव्य उद्बोधन में मंच पर विराजित अतिथियों तथा सभागार में उपस्थित सभी माता बहनों, भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि नारियों में जीवन मूल्यों का होना बेहद आवश्यक है उन्होंने खुशी जैसे श्रेष्ठ गुण को जीवन में सदैव सहेज कर रखने के लिए आह्वान करते हुए विभिन्न ऐतिहासिक पौराणिक उदाहरणों से समझाते हुए कहा कि जीवन में यदि खुशी है तो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः आते जाएंगे तथा जीवन सुख शांति मय हो जाएगा।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के आगमन को लेकर हुई बैठक

विधायक चातुरी नंद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

केजुआ स्थित न्यू रेस्ट हाऊस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 18 मार्च को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के आगमन के तैयारियों के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने और कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू का धूमधाम से स्वागत सत्कार करने की रणनीति बनाई गई। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लिया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि देश में नफरत फ़ैलाने का काम किया जा रहा है इस नफरत को मिटाने और देश में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के साथ ही हर वर्ग को न्याय देने के लिए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनानी है। कार्यकर्ता एक बार फिर कमर कस लें और चुनावी मैदान में पूरी तैयारी के साथ जुट जाएं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ नायक, महिला कांग्रेस के प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लीलाकान्त पटेल, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, नपा के सभापति सुरेश भोई, प्रदीप गुप्ता, रिमजी सरपंच सादराम पटेल, तिरिथ मानिकपुरी, सरपंच शांति साहू, हेमा श्रीवास पूजा तिवारी भोजराम साहू, हेतराम पटेल , केशव अग्रवाल, प्रभात पटेल, तेजराम पटेल, सुरेश भोई, चंदभान नायक, राधा नायक, मीरा जमीदार, भीष्म देव पटेल, शरद यादव, लोचन नायक, साहेवराम पटेल, नागेश्वर पटेल, संतलाल बारीक ,अरमान हुसैन, अनील पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, आरिफ अली पिंकी, विकास यादव, विनोद दीवान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विधायक चातुरी नंद ने सिंघोड़ा में लगाई जन चौपाल

.महिलाओं और ग्रामीणों की समस्याओं से हुई रूबरू

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम सिंघोड़ा में जन चौपाल लगाकर महिलाओं और ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिला समिति के सदस्यों ने गांव में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की जिस पर विधायक ने तुरंत थाना प्रभारी सिंघोड़ा से दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें मौके पर बुलाया और महिलाओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्रामीणों ने भी तालाब की साफ सफाई और खुदाई करने की मांग की जिस पर विधायक स्वयं तालाब का निरीक्षण किया और जल्द ही कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच कुसमलता मिरी, उपसरपंच तन्मय पंडा, महिला समिति अध्यक्ष पुष्पा यादव, एनएसयूआई के प्रदेश संयोजक जयंत यादव, छत्तीसगढ़ चौहान सेना के लक्ष्मीनारायण चौहान, संतोषी बहरा, साबित्री यादव, अनुसाया भोई, लक्मी भोई, सरोजनी सोना, सेत भोई, शांति दास, गोभा कलेत, लता खूंटे, साबित्री बिशी, संतोषीनी भोई,मंजू ठाकुर समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महासमुंद जिले के बलौदा महाविद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 86.29 लाख रुपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के अनुमोदन पश्चात बजट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत महासमुंद जिला के शासकीय महाविद्यालय बलौदा में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति करने हेतु वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में वित्त उल्लेखित अपरीक्षित नवीन मद के प्रकरण में स्वीकृत की प्रक्रिया अनुसार महासमुंद जिला के शासकीय महाविद्यालय बलौदा में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 86.29 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के अनुमोदन पश्चात बजट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत महासमुंद जिला के शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद महाविद्यालय बागबाहरा में ओपन स्टेडियम निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति करने हेतु वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में वित्त उल्लेखित अपरीक्षित नवीन मद के प्रकरण में स्वीकृत की प्रक्रिया शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद महाविद्यालय बागबाहरा में ओपन स्टेडियम निर्माण हेतु 134.67 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से जारी किया गया है।

विभिन्न संगठनों ने किया नपं अध्यक्ष राकेश का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत तुमगाँव के अध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर को पिछड़ा वर्ग मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर नगर पंचायत तुमगाँव के नागरिक, पेंशनर संघ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया। बीएसपी से रिटायर कर्मचारी रामकुमार साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान पाठक ने कहा एक बड़ा दायित्व मिलना सम्मान की बात है। उन्होंने चंद्राकर को तुमगाँव क्षेत्र के विकास कर समाज सेवा को केन्द्र में रखकर काम करने की सलाह दी। कार्यक्रम आयोजक रामकुमार साहू ने कहा कि निरंतर मेहनत और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने के कारण राकेश चंद्राकर यहां तक पहुंचा है। उपरोक्त कार्यक्रम को महावीर निर्मलकर, तीरथ साहू ने भी संबोधित किया। नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने सभी वरिष्ठ जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद और स्नेह ही मेरा संबल है, आगे निरंतर परिश्रम कर इस क्षेत्र का नाम एवं आप सभी का गौरव बढ़े ऐसा कार्य पार्टी एवं संगठन के लिये करूंगा। इस अवसर पर रामकुमार साहू, होरीलाल निर्मलकर, कली राम साहू, जनक राम साहू, टीआर साहू, शिव साहू, कन्हैया साहू, तोषराम चंद्राकर, शिव कुमार यादव, मेहतर साहू, तीरथ साहू, गेंद लाल यादव, नरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

अवैध शराब के विरुद्ध हुई कार्रवाई, 34 बल्क लीटर से अधिक शराब हुई जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के एल लाल चौहान के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी एल.के. गायकवाड़ के मार्गदर्शन में आज गस्त के दौरान कुल 34 ब्लक लीटर शराब जब्त की गई है। जिसमे सर्किल बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम सरखोर में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में 150 पाव गोल्डन गोवा विदेशी मदिरा कुल 27 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। इसी प्रकार वृत-कसडोल क्षेत्र के कटगी मुख्य मार्ग से सर्वा सरवानी रोड मार्ग में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में एक प्लास्टिक थैले में लगभग 40 पाव देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक में 180 एम.एल. क्षमता वाली शीशी में कुल लगभग 7.200 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण आबकारी वृत बलौदाबाजार एवं कसडोल में कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह, मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, लेखराम देशमुख नगर सैनिक दुर्गा ध्रुव, दुर्गेशवरी कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर ने दिया छुईहा स्कूल में न्यौता भोज

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व सहायक जिला परियोजना समन्वयक टेसूलाल धुरंधर एवं प्रधानपाठक उषादेवी धुरंधर द्वारा अपने सुपुत्र कर्मवीर धुरंधर का दिल्ली यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास) पद पर नियुक्त होने की खुशी में प्राथमिक शाला छुईहा (रैय्यतवारी) में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों को दाल, चांवल, सब्जी,सलाद, पापड़, अचार, खीर, पूड़ी, अंगूर तथा बालूशाही परोस कर न्यौता भोजन कराया गया। मुख्य आतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी बी एल देवांगन सर ने कहा है कि देश के प्रतिष्ठित संस्थान में कर्मवीर को असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति मिलना हम सबके लिए गौरवशाली पल है, उनकी नियुक्ति से छत्तीसगढ़ के होनहार बच्चे प्रेरित और प्रोत्साहित होंगे।इस अवसर पर एपीसी एम एल साहू, समन्वयक सेवाराम वर्मा, बीईओ आफिस से संतोष वैष्णव,व्याख्याता हेमंत कुमार साहू, शिक्षक तिलक राम वर्मा, मती उषादेवी धुरंधर, मती संगीता धुरंधर,राजकुमार एवं पुष्पेन्द्र बंजारे, जीविषा व युतिका धुरंधर व स्कूल स्टाफ से शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा, टिकेश्वरी पैकरा सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, आगंतुकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए प्रधानपाठक मती प्रभा वर्मा द्वारा धुरंधर परिवार को न्योता भोजन कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध सतत कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

वृत्त महासमुंद अंतर्गत परसदा ग्राम के स्टाप डेम के पास में कीर्ति राम उम्र 44 वर्ष के कब्जे की विधिवत तलाशी लिए जाने से 8 लीटर हाथ भट्टी अवैध महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया एवं न्यायालय महासमुंद से रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त महासमुंद शहर प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बागबाहरा विकास बढेंद्र ,आरक्षक देवेश मांझी व आबकारी वाहन चालक गांधी राम ठाकुर एवं समस्त आबकारी स्टाफ महासमुंद शहर, ग्रामीण, आंतरिक, बागबाहरा उपस्थित थे।

उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रमः मास्टर ट्रेनरों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

10 हजार से अधिक लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य,17 मार्च को होगी परीक्षा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के. एल. चौहान के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला जिला मुख्यालय स्थित बीआरआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण हाल में किया गया। कार्यशाला में असाक्षरों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के चिन्हांकन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पढ़ना लिखना अभियान के अंतर्गत 30 मार्च 2022 में आयोजित की गई थी. जिसमें राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के चिन्हांकित असाक्षरों को पुनः 17 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली महापरीक्षा अभियान में शामिल करना है क्योंकि पूर्व में आयोजित परीक्षा में शिक्षार्थियों का प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) नहीं हो पाया था। इस महापरीक्षा का नाम राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा होगा। विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ सत्यनारायण साहू ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 17 मार्च 2024 रविवार को प्रातः 10 बजे से 5:30 तक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। शिक्षार्थी सुविधानुसार उक्त समय के भीतर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। शिक्षार्थी को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा बी.एल. देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केन्द्र में षिक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। 17 मार्च 2024 के कम से कम तीन दिवस पूर्व ग्राम/वार्ड प्रभारी, स्वयंसेवी शिक्षक की सहायता से प्रत्येक पंजीकृत शिक्षार्थी के घर-घर संपर्क कर शिक्षार्थी पर्ची का वितरण करें। परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी जिनका पूर्व में पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नहीं हुआ है जो साक्षरता केन्द्र में पढ़ाई किए हो को शामिल करें। पंजीयन के आधार पर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के वार्डवार आंकलन में सम्मिलित होने वाले शिक्षार्थियों की सूची तैयार की जायेगी। इसके बाद सम्बंधित ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के नजदीक वाले शासकीय स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाये। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सोमेश्वर राव ने बताया की जिला को शत् प्रतिशत साक्षर बनाने हेतु कलेक्टर के. एल. चैहान के कुशल मार्गदर्शन में केन्द्र प्रवर्तित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2023-24 से किया जाना है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु सर्वप्रथम जिला के शैक्षणिक रूप से पिछड़े ग्राम पंचायतों व वार्डो का चिन्हांकन किया जायेगा एवं पूरे टीम भावना के साथ कार्य कर शत् प्रतिशत साक्षर बनाया जायेगा। चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं वार्डो में 5-10 असाक्षरों के मान से स्वयंसेवी भावना से पठन-पाठन कराने हेतु स्वयंसेवी शिक्षकों जिसमें एन.एस.एस,एन.सी.सी., स्काउट गाइड, मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक या अन्य उत्साही का चिन्हांकन किया जायेगा। विकासखण्डों के मुख्य प्रशिक्षकों को स्वयंसेवी शिक्षकों एवं असाक्षरों का ऑनलाईन व ऑफलाईन सर्वे का कार्य मोबाईल एप के माध्यम से करने के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया।

राज योगिनी दादी की तृतीय पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई

महासमुंद। अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में संस्थान की मुख्य प्रशासिका रहीं राज योगिनी दादी हृदय मोहिनी जी की तृतीय पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। सभी ब्रह्माकुमारी भाई बहनों ने मिलकर दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया और विशेष दादी जी के नाम प्यारे शिव बाबा को भोग स्वीकार कराया।दादी जी इस आध्यात्मिक संगठन की आधारस्तम्भ थी, सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन ने बताया कि दादी जी अनुशासन और दिव्यता की साक्षात फरिशता थी ,1929 को जन्मी और 10 वर्ष की छोटी सी आयु में इस संस्थान से जुड़कर देश-विदेश का भ्रमण कर लाखों आत्माओं को परमात्मा शिव के अवतरण का सन्देश देकर उनका जीवन सुख शांति से सम्पन्न बनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया पीएम-सूरज पोर्टल, राष्ट्रीय निगम योजना की मदद से शिक्षित बेराजगारों को मिला स्वरोजगार

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर में लोगों को सूरज पोर्टल की सौगात दी। राष्ट्रीय पोर्टल सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित है। वंचितों को रोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। नमस्ते। योजनाओं से लाभार्थियों का सशक्तिकरण इस पोर्टल का उद्देश्य है। पोर्टल से रोजगार के अवसर तैयार होंगे। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सीवर और सेप्टिक टैंको की सफाई के संचालन हेतु नमस्ते योजना लागू किया गया है। प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम सूरज योजना के तहत आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण योजनाओं के तहत विगत वर्षों में लाभांवित हुये हितग्राहियों को योजना के संबंध में जानकारी देने एवं भविष्य में इनके आर्थिक विकास हेतु राष्ट्रीय स्तर पर संचालित अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सफाई कामगार वर्ग के लोगों को आर्थिक लाभ देकर विकास की धारा से जोड़ने मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने देशभर में अलग-अलग राज्यों से पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग लाभार्थियों से भी बातचीत की। समाज के सबसे असहाय वर्गो को उठाना हमारा उद्देश्य है। इस पोर्टल के माध्यम से वंचित समुदाय के लोगों को सीधे आर्थिक सहायता दी जाएगी। कही भी चक्कर लगाने की जरूरत नही है। नमस्ते योजना से सफाई कर्मचारियों का जीवन बेहतर होगा। सम्मान जनक जीवन की व्यवस्था इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल रूप से पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लांच किया। जिले में यह कार्यक्रम पद्मनाभपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। वर्चुअल रूप में देश के 470 जिलों से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर एवं गजेन्द्र यादव, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चंद्राकर सहित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अंत्यावसायी निगम द्वारा संचालित अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सफाई कामगार वर्ग के लाभार्थियों उपस्थिति थे। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यह योजना सफाई कामगारों के लिए बहुत ही लाभदायक योजना है। सीधे पोर्टल के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हम सब बहुत भाग्यशाली हैं जो सरकार की योजनाओं से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सफल 08 लाभार्थियों को ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं जय अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह नगपुरा के 15 आवेदकों के समूह को टीफिन/मध्यान भोजन व्यवसाय हेतु 3.00 लाख रूपये का ऋण, संध्या स्व-सहायता समूह ग्राम बिरेझर की 25 आवेदकों के समूह को सिलाई कार्य हेतु 5.00 लाख रूपये का ऋण एवं छत्तीसगढ़ महतारी स्व-सहायता समूह ग्राम डूमरडीह के 22 आवेदकों के समूह को 4.40 लाख रूपये का ऋण मिलेट्स के उत्पादकों की ब्रिकी हेतु ऋण का चेक वितरीत किया गया। राष्ट्रीय निगम की योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया गया है। कृष्णा नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग निवासी कु. तृप्ति बंजारे पिता डेरेश्वर कुमार बंजारे (29 वर्ष) को 1 लाख रूपए की राशि ऋण में दी गई। तृप्ति को योजनांतर्गत मेडिकल स्टोर्स व्यवसाय हेतु वर्ष 2021 में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 5 वर्ष की अवधि हेतु ऋण स्वीकृत किया गया उनके द्वारा सफलतापूर्वक मेडिकल स्टोर्स का संचालन कर नियमित रूप से वितरीत ऋण की मूलधन व ब्याज अदा किया गया।

विकसित भारत की तरह विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित जिला बनाना है: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी विभागों की समीक्षा की

- विगत 3 माह में सरकार द्वारा किए गए कार्यों गतिविधियों पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभागवार अधिकारियों से संबंधित विभागों में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वर्तमान में चल रही योजनाओं से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री साय ने विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि विगत 3 महीनों में प्रदेश की सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले को विकसित बनाने का पूरा प्रयास किया है और भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य किया जाए। जिला प्रशासन की तरफसे इस ओर पूर्ण समर्थन दिया जाए। हम सभी लोक सेवक है, हमें लोक सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना है। विकसित भारत की तरह विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित जिला बनाना है। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त कार्यों के प्रति पूर्ण रूप से जिम्मेदारी से कार्य करने कहा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि जिले के डीएमएफ फंड का दुरूपयोग न हो। इससे ग्राम पंचायतों को लाभ मिले। ग्रामीणों व किसानों को अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। सभी कार्यालयों में अधिकारीगण समय पर उपस्थित हो। हर घर में बिजली की तरह ही जल जीवन योजना के अंतर्गत जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सड़क व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। बारिश के पहले जिले के समस्त सड़कों के गड्ढे भरे जाए। अस्पतालों में साफ -सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षा विभाग सुनिश्चित करे कि सभी शिक्षक निरंतर उपस्थित रहे। सभी स्कूलों में न्योता भोजन कार्यक्रम का प्रयोजन हो, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पौष्टिक आहार मिले। मनरेगा अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों का तत्काल भुगतान हो। स्वीकृत कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण हो। मुख्यमंत्री साय ने पीएम आवास योजना से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि आवास का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। निगम व नगर पंचायत की टुकड़ियां बनाई जाए एवं समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की योजना बनाकर कार्य किया जाए।

निगम कमिश्नर ने की प्रधान मंत्री आवास योजना मोर जमीन मोर मकान की समीक्षा

सभी स्तरो पर निर्माण हो रहे आवासों की पूर्णता हेतु एजेंसियों को दी हिदायत

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई चरौदा कमिश्नर डी. एस.राजपूत ने शासन की अति महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे । निगम कमिश्नर द्वारा वर्तमान में योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की संख्या, उन्हे किये जा रहे भुगतान समेत सभी निर्माणधीन मकानो की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निगम के कार्यपालन अभियंता तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी सुनिल जैन बैठक में मौजूद रहे। भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में कार्यरत डीडीएफ कंसल्टेंट निकेश ताम्रकार, नूतन पूरी गोस्वामी, श्रीराम एसोसियेट्स, सौरभ मिश्रा एंजेसी, सी.एल.टी.सी. अंकित साहू, टिकेन्द्र शर्मा एवं जया पमनानी बैठक में मौजूद थे। निगम कमिश्नर राजपूत ने बी.एल.सी. आवासो को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

आबकारी विभाग द्वारा बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों एवं होटल ढाबों में लगातार गश्त जारी

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण हेतु सम्पर्क नम्बर जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, धारण एवं चौर्यनयन पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्यवाही तेज कर दिया गया है। बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों एवं स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के अतिरिक्त मैदानी (संदिग्ध एवं पारंपरिक) क्षेत्रों तथा विभिन्न होटल ढाबों में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24»7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है। उक्त सम्पर्क नम्बर पर आम नागरिक अपने आस - पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज करा सकते है। आबकारी विभाग दुर्ग के चुनाव नोडल अधिकारी अशोक अग्रवाल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आम नागरिकों के लिए उपलब्ध करायी गई टेलीफोन शिकायत नम्बर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही होगा, जिसमें प्रकरण प्रकाश में आने पर दोषियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया जावेगा। आबकारी विभाग द्वारा विगत 09 मार्च 2024 को अवैध शराब के परिवहन/विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर एक नीले रंग की एक्टिवा स्कूटी सीजी 07 सीडी 7175 एवं 30 पाव देशी मदिरा मसाला जप्त कर आरोपी विकास उर्फ विक्की यादव पिता विनोद यादव, निवासी सिकोला भांठा दुर्ग के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सिंह सेंगर के द्वारा विवेचना में लिया गया।

एसडीएम और तहसीलदार पहुंचे लोक सेवा केन्द्र शिकायत मिलने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एसडीएम पाटन दीपक कुमार निकुंज और तहसीलदार पाटन उत्तम कुमार ध्रुव अचानक तहसील परिसर में स्थित लोक सेवा केन्द्र पहुंचे। यहां पर सबसे पहले लोक सेवा केन्द्र में आए हितग्राहियों से चर्चा किया। इसके बाद लोक सेवा केन्द्र की व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने लोक सेवा केंद्र के संचालक को निर्देशित किया की यहां पर आने वाले लोगों का काम समय पर पूरा करे। अनावश्यक बैठाकर न रखे, इसके अलावा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेने की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतानवी भी दी। सभी हितग्राहियों से सौम्य व्यवहार करें। साथ जो दिव्यांग और बुजुर्ग आते है उन्हे पहले प्राथमिकता देवें।

जंगल के रास्ते पैदल शराब परिवहन कर रहे व्यक्ति से 50 लीटर महुआ शराब जप्त, आरोपी पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गेरवानी से जंगल के रास्ते पैदल कंधे पर कांवर में शराब परिवहन कर रहे व्यक्ति शिव प्रसाद सिदार पिता बोनोगिरी सिदार उम्र 55 वर्ष साकिन लाखा थाना कोतवाली रायगढ़ को रिंकु ढाबा के सामने पकड़ा। शिव प्रसाद अपने कांवर में 05 प्लास्टिक थैला लटकाये हुआ था, प्रत्येक थैला अंदर 10-10 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरकीन अंदर महुआ शराब रखा हुआ था जिसे शिव कुमार ने अवैध बिक्री करने लेकर जाना बताया। आरोपी शिव प्रसाद सिदार के कब्जे से कुल 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुआ आरोपी के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम प्रधान आरक्षक लाजरूस मिंज आरक्षक बालचंद राव, आदिकंद प्रधान शामिल थे।

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियां शुरू कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

- निर्वाचन कार्यों की प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी नें कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व के अनुसार प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता के सुव्यवस्थित प्रबंधन, निर्वाचन व्यय अनुविक्षण, ईवीएम तथा शिकायत सेल, यातायात व्यवस्था, डाकमत पत्र होम वोटिंग, रूटचार्ट वाहन व्यवस्था, विडियोग्राफी सीसीटीवी कैमरा, एमसीएमसी समिति गठन, कर्मचारी कल्याण, ब्रेनलिपि मुद्रण, निर्वाचन प्रशिक्षण, समाग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों मे व्यवस्था और प्रेक्षकगणो के लिये जानकारियां तैयार करने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सर्व कार्यालय/विभाग प्रमुख अधिकारियों को अवगत कराया है कि निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा के साथ ही आचार संहिता प्रभावशिल हो जायेगी। आचार संहिता प्रभावशिल होते ही सभी शासकीय, निगम मंडल, आयोग, राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम की अधिकारिक वेबसाइट्स से सभी जनप्रतिनिधियों के संदर्भ एवं तस्वीर तत्काल हटाये जाने की कार्यवाही किया जाये। आचार संहिता लगते ही 24 एवं 48 घंटे के भीतर की जाने वाली कार्यवाही हेतु अभी से चिन्हांकित कर लिया जाये। निर्वाचन के दौरान फोर्स को ठहराने की व्यवस्था की कार्य योजना तैयार कर ली जाये। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम संबंधित बीएलओ की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में आवश्यक जानकारियां अभी से उल्लेखित कराना सुनिश्चि करें। उन्होंने कहा कि मतदान दल अथवा चुनाव कार्य में शासकीय सेवारत अधिकारी एवं कर्मचारी की ही डयूटी लगायी जायेगी।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कैमरा लगाने का सुशील रामदास ने की व्यापारी बंधुओं से अपील

रायगढ़। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने जिले के व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आवश्यक रूप से कैमरा लगाएं और कैमरे को दुकान के बाहर के क्षेत्र की विजिबिलिटी को बनाए रखते हुए लगाएं, ताकि घटना या दुर्घटना होने के स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही सरलता पूर्वक की जा सके। कैमरा हमारे लिए सुरक्षा प्रदान करने वाला उपकरण है। इसका अनुसंधान हमारे जान माल की सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है।

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
(ऋण खाता संख्या) L9001060713635022 एवं L9001060820500420, रामजी दिवाकर (ऋणी), श्रीमती रामशिला दिवाकर (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 6,40,859/- छः लाख चालीस हजार आठ सौ उनसठ रूपये मात्र एवं ₹ 4,41,136/- चार लाख इकतालीस हजार एक सौ छत्तीस रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 1409/3, बरभाता पीसी नं. 12, बरभाटा नावागढ, गवर्नमेंट हाई स्कूल के पास, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ 495556, क्षेत्रफल 4360 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060128606850, अजय कुमार कश्यप (ऋणी), श्रीमती मंजू देवी कश्यप (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 11,95,171/- ग्यारह लाख पिच्यानवे हजार एक सौ इकहत्तर रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 387, प्लॉट नं. 03, पीएच नं. 23, नगर पंचायत लोरमी मुंगेली, ग्राम लोरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 818 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060114039029, शिव कुमार (ऋणी), श्रीमती सुषमा जायसवाल (सहऋणी), सुशील कुमार सिंह (गारंटर)	18-जनवरी-24 ₹ 60,04,796/- साठ लाख चार हजार सात सौ छियानवे रूपये मात्र 18-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित दुकान नं. 177, 178, 179 भूतल अलंका बिजनेस कॉम्पलेक्स, जीई रोड भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 46.5 वर्ग मीटर
(ऋण खाता संख्या) L9001060120286161, मदन लाल वर्मा (ऋणी), दीपा कुमार वर्मा (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 4,20,337/- चार लाख बीस हजार तीन सौ सैंतीस रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 305/2, 305/8, पीएच नं. 35/2, ममतानगर, वार्ड नं. 17, मोतीपुरा, जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 704 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060124094979, मिथलेश कुमार सोनी (ऋणी), चन्द्रभागा सोनी (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 5,11,529/- पांच लाख ग्यारह हजार पांच सौ उनतीस रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 11 1392, वार्ड नं. 03 महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 358.76 वर्गगज
(ऋण खाता संख्या) L9001060125057882, ठाकुर राम साहू (ऋणी), सोमनाथ साहू (सहऋणी), श्रीमती तारा बाई साहू (सहऋणी), श्रीमती भानू बाई साहू (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 5,53,044/- पांच लाख तिरेपन हजार चवालीस रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित पीएच नं. 33, ग्राम नावपारा, तहसील गोबरा नावपारा, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 10000 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060128980944, श्रीमती मंजू लता ब्रह्माद (ऋणी), लक्ष्मी नारायण (सहऋणी)	12-जनवरी-24 ₹ 2,97,301/- दो लाख सतानवे हजार तीन सौ एक रूपये मात्र 10-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 557, 369, पीएच नं. 22, बलोदाबाजार, ग्राम पालरी, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 120 वर्ग मीटर
(ऋण खाता संख्या) L9001060135524722, ओमप्रकाश निषाद (ऋणी), श्यामरतन निषाद (सहऋणी), बालक निषाद (सहऋणी)	06-जनवरी-24 ₹ 4,89,075/- चार लाख नवासी हजार पिचहत्तर रूपये मात्र 05-जनवरी-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 297/4, ग्राम निपानिया, तहसील भाटापारा, जिला बलोदाबाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 84 वर्ग मीटर

दिनांक: 14-03-2024
स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

राजेन्द्र पार्क अवैध कब्जा, विरोध के बाद भी सख्ती कार्रवाही,हटाया कब्जा

नोटिस के बाद भी नही माने व्यापारी तो अवैध कब्जे पर चला निगम का जेसीबी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर सुबह 7 बजे निगम, जिला प्रशासन व पुलिस बल के अधिकारी राजेंद्र पार्क चौक के पास जीई रोड किनारे चर्च के सामने अवैध कब्जों को हटाने पहुँचे। इसे लेकर नगर निगम ने पूरी तैयारी तेज कर रखी थी, नगर निगम का तोडू दस्ता जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे।कब्जा हटाने के लिए उन्हें पहले भी नोटिस जारी गया था। नोटिस मिलने पर भी कब्जाधारियों को नोटिस का कोई असर नही हुआ।अल्टीमेटम के बाद भी कब्जा को नही हटाया गया था। आज कब्जा को हटाए जाने के लिए बुलडोजर से तीनो दुकानों का कब्जा तोड़ा गया। एसडीएम मुकेश रावटे, अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल कुमार गुप्ता, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, नायब तहसीलदार ढालसिंग बिसेन, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी चंदन मनहरे, थानसिंह यादव, पद्मनाथपुर थाना प्रभारी आईपीएस अक्षय प्रमोद सामद्रा, अनिल सिंह पेट्रिलिंग स्टाप सहित दुर्ग थाना व पद्मनाभपुर पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाही की गई। बता दे कि अतिक्रमणकर्ता शशिकला छिपेकर अस्थाई जूता चप्पल स्टॉल दुकान एवं मो. इमरान खान कपड़े की दुकान तथा गौरव सिंह को दुकान लगाने मेनोनाईट चर्च के सामने अनुमति दिया गया था। जिसकी अनुमति 31दिसंबर 2023 को समाप्त हो गया है। लेकिन इनके द्वारा स्टॉल को नही हटाया गया है, उक्त अवैध स्टॉल को हटाने नोटिस तामिल किया जा चुका है,इसके पहले बेदखली कार्यवाही के दौरान कब्जाधारियों को कार्य पालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 48 घण्टे में स्वयं स्टॉल हटा लेने लिखित सूचना दिया गया है, लेकिन आज दिनांक तक स्टॉल नही हटाया गया है, एवं अवैध रूप से व्यवसाय किया जा रहा है, जिससे उक्त स्थल पर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है, एवं अनावश्यक कार्य में विलंब हो रहा है। उसके बाद अतिक्रमणकर्ता द्वारा भारी विरोध के बाद भी नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा सख्ती कार्रवाही अभियान शुरू जारी रखकर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटवाया गया तथा शासन की रिक्त भूमि को कब्जा मुक्त किया गया।

संपादकीय

सीएए अधिसूचना विवाद को हवा

सरकार ने सीएए नियमों की अधिसूचना जारी कर दी है। इस प्रकार गृह मंत्री ने चुनाव के पहले सीएए अधिसूचना जारी करने का वादा पूरा किया है। सीएए का उद्देश्य पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना है। हालांकि, यह लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। समर्थक इसे एक मानवतावादी कदम मानते हैं, जबकि आलोचक इसे भेदभाव वाला तथा लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के ध्रुवीकरण का प्रयास मानते हैं। 11 मार्च को गृह मंत्रालय ने सीएए नियम लागू करने की अधिघोषणा जारी कर दी जिसमें तीन पड़ोसी देशों से 31 दिसंबर, 2014 से पहले आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई व पारसी शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का प्राविधान किया गया है। 2019 के विधेयक का उद्देश्य भारतीय नागरिकता कानून, 1955 में संशोधन कर विशेष धार्मिक समुदायों के विदेशी आप्रवासियों को भारतीय नागरिकता देना था। इसे संसद ने दिसंबर में पास किया था। इसके फौरन बाद सीएए के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन राजधानी में शाहीन बाग से शुरू होकर अनेक स्थानों पर फैल गए। अब नियमों की अधिघोषणा ने फिर विवाद को हवा दी है। मुसलमानों को कानून के दायरे से बाहर रखा गया है, इसलिए विपक्ष का तर्क है कि यह संविधान के पंथनिरपेक्ष सिद्धान्तों का उल्लंघन करता है।

सीएए समर्थकों का कहना है कि यह पड़ोसी देशों में उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए जरूरी है। उनके अनुसार भारत की नैतिक जिम्मेदारी धार्मिक उत्पीड़न का शिकार लोगों को शरण देना है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में विधेयक पर बहस के दौरान स्पष्ट किया था कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री समेत कई संविधान निर्माताओं ने पड़ोसी देशों में धर्म के आधार पर संभावित उत्पीड़ितों की सहायता का वादा किया था। लेकिन बाद में 'छद्म पंथनिरपेक्षता' के कारण इस तथ्य को अनदेखा किया गया, जबकि खासकर पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं, सिखों, बौद्धों व जैनों का उत्पीड़न लगातार बढ़ता गया। ये अल्पसंख्यक अपने मान-सम्मान तथा धर्म व प्राणों की रक्षा के लिए भारत पलायन करने पर मजबूर हुए। आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में नाम मात्र के हिंदू व सिख बचे हैं जो भयानक उत्पीड़न के शिकार हैं। सीएए विरोधियों को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि देश का धर्म के आधार पर विभाजन होने के बावजूद भारत ने स्वयं को हिंदू राष्ट्र नहीं घोषित किया और वह पंथनिरपेक्षता के मार्ग पर चलता रहा क्योंकि यह हिंदू धर्म और विश्वासों में अंतर्निहित है। लेकिन कालान्तर में यह विकृत होकर 'तुष्टीकरण' में बदल गया। गृह मंत्री बार-बार कह चुके हैं कि सीएए 'नागरिकता छीनने नहीं नागरिकता देने वाला कानून' है, इसलिए भारत में रहने वाले किसी नागरिक या अल्पसंख्यक को इससे भयभीत होने की जरूरत नहीं है। विडंबना है कि विपक्षी दल 'वोटबैंक' राजनीति के कारण सीएए के खिलाफ लोगों को भड़काते हैं। कुछ विपक्षी दलों को यह 'डूबते को तिनके का सहारा' लगता है। हालांकि, पढ़े लिखे व मध्यमार्गी मुसलमानों का बड़ा तबका सीएए का विरोधी नहीं है। खासकर पसमांदा मुसलमानों के एक समूह का मानना है कि इससे उनको कोई खतरा नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय न केवल सीएए को सही ठहरा चुका है, बल्कि केन्द्र सरकार से इसके नियमों की जल्दी से जल्दी अधिघोषणा जारी करने का निर्देश भी दे चुका है। अधिसूचना जारी होने से हजारों लोगों में खुशी की लहर है जो पूर्ण भारतीय नागरिक बनने की प्रतीक्षा कर रहे थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की दौड़

सुपर ट्यूज़डे प्राइमरी चुनावों के दौरान बाइडेन ने अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है, लेकिन ट्रंप के पुनः प्रभावी होने के अनुमानों ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ तेज कर दी है।

कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ तेज होती जा रही है। जहां सुपर ट्यूज़डे के दिन हुए प्रमुख प्राइमरी चुनावों के दौरान वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है, वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पुनः प्रभावी होने के अनुमानों ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ और तेज कर दी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका का अगला राष्ट्रपति कौन होगा? वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में पहुंचने के लिए प्रतियोगिता कर रहे हैं। उन्होंने सुपर ट्यूज़डे प्राइमरी में अधिकांश सीटों पर विजय पाई है। ऐसा लगभग 70 साल में पहली बार हो रहा है, जब राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ इतनी तेज है। लेकिन अमेरिकनों को दोनों उम्मीदवारों में से चयन कठिन लग रहा है क्योंकि इस बारे में मतदाताओं में कोई खास जोश नहीं है। 5 मार्च को 15 राज्यों और एक क्षेत्र में मतदाताओं ने प्राइमरी चुनावों में अपने मतों का प्रयोग किया।

दोनों उम्मीदवारों ने लगभग सभी मुकाबलों में जीत हासिल की जिससे सुपर ट्यूज़डे प्राइमरी कैलेंडर में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान पर आ गया है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इस दिन कुल प्रतिनिधियों के लगभग एक तिहाई का निर्णय हुआ जिनमें 865 रिपब्लिकन तथा कम से कम 1,420 डेमोक्रेटिक थे। अब दोनों उम्मीदवार 5 नवंबर को होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिका में चुनाव वर्ष में सुपर ट्यूज़डे उम्मीदवारों और पार्टियों के लिए महत्वपूर्ण दिन था। उम्मीदवारी जीतने के लिए निश्चित संख्या में प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त करना जरूरी है। रिपब्लिकनों के लिए उम्मीदवार को 2,429 प्रतिनिधियों में से 1,215 का समर्थन प्राप्त करना जरूरी है। इसी प्रकार डेमोक्रेटों में राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए 3,934 प्रतिनिधियों में से 1,968 का समर्थन पाना जरूरी है।

अमेरिका में राष्ट्रपति उम्मीदवारों की आयु को लेकर काफी आलोचना होती रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति की दौड़ में शामिल 77 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप तथा 81 वर्षीय जो बाइडेन की आयु को लेकर काफी आलोचना हुई है। अनेक अमेरिकी मतदाताओं का कहना है कि अपनी बढ़ती आयु के कारण वे राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी का सफल निर्वहन नहीं कर सकेंगे। लेकिन इस आलोचना के बावजूद दोनों उम्मीदवार अपनी पार्टियों का नामांकन प्राप्त करने में सफल हुए हैं। इससे सिद्ध होता है कि बढ़ती आयु उनकी राजनीतिक सफलता में बाधा नहीं है। अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बार प्राइमरी चुनावों में विजय पाने में सफल हुए हैं। उनके समक्ष अनेक कानूनी चुनौतियां थीं तथा एक राज्य में मतदाताओं की सूची से उनका नाम भी हटा दिया गया था, लेकिन अंततः वे सर्वोच्च न्यायालय में विजय पाने में सफल हुए। हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप लोकप्रियता के दृष्टिकोण से वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन से आगे हैं। लेकिन इसके बावजूद दोनों उम्मीदवारों के बीच मुकाबला बहुत कड़ा है।

रिपब्लिकन पार्टी में संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमेरिकी राजदूत रही निक्की हेली ट्रंप की मुख्य प्रतियोगी थीं, पर उन्होंने अंततः प्रतिद्वंद्विता से हटने का निर्णय किया। इसके कारण ट्रंप को 946 प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हुआ और वे रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवार घोषित होने वाले हैं। 2020 में चुनाव परिणाम अपने पक्ष में न आने के बाद ट्रंप समर्थकों ने जनादेश उलटने का प्रयास किया था। इसके परिणामस्वरूप ट्रंप को इस मामले के साथ ही तीन अन्य मामलों में कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप अपने समक्ष उपस्थित कानूनी चुनौतियों से हतोत्साहित नहीं हुए और उन्होंने 2020 में व्हाइट हाउस छोड़ने के फौरन बाद से 2024 राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभियान चलाना शुरू कर दिया था। सुपर ट्यूज़डे को प्राइमरी चुनावों में विजय के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 'फाक्स न्यूज़' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्हें रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व कर गर्व की अनुभूति हो रही है और वे देश को बेहतर स्वास्थ्य तथा समृद्धि की ओर ले जाना चाहते हैं। ट्रंप का आत्मविश्वास अमेरिकी राजनीति में अभूतपूर्व है।

वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन को अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसमें कोविड-19 वैश्विक महामारी, उच्च मुद्रास्फीति दर, महत्वपूर्ण औद्योगिक नीति विधेयक तथा अफगानिस्तान, यूक्रेन व मध्यपूर्व में टकराव शामिल हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने कार्यकाल में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा लगाते रहे हैं, पर हालिया जनमत सर्वेक्षणों से स्पष्ट है कि अमेरिका को ऐतिहासिक विसंगतियों से निपटने के लिए ज्यादा उत्साह की जरूरत है। चुनावों में मतदाताओं की घटती संख्या ने भी अमेरिकन राजनीतिक विश्लेषकों में चिन्ता पैदा की है। अनेक अमेरिकन अपने देश की आंतरिक व आर्थिक स्थितियों तथा दुनिया में अमेरिका के घटते दबदबे से चिन्तित हैं। ऐसे में अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों को अमेरिकी जनता की समस्याओं पर ध्यान देते हुए भविष्य की ऐसी योजनायें पेश करनी चाहिए जिनसे देश भावी चुनौतियों का सामना कर सके। इसके लिए जनता में विश्वास पैदा करने की जरूरत है। दोनों उम्मीदवार मतदाताओं को हतोत्साहित कर रहे हैं कि वे उसके विरोधी को वोट न दें। जो बाइडेन को विजय का विश्वास है। उनका मानना है कि मतदाताओं को आगे बढ़ने या ट्रंप के दिनों में वापस लौटने के बीच चयन करना है जब शासन-प्रशासन भयानक आलोचनाओं का शिकार था। जो बाइडेन ने कहा है, 'मैं युवा नहीं हूं, लेकिन मैं जानता हूं कि अमेरिकन जनता के लिए चीजों को कैसे ठीक किया जा सकता है।' बाइडेन को डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने के लिए 1,968 प्रतिनिधियों का समर्थन चाहिए और वे 19 मार्च को इस संख्या तक पहुंच सकते हैं। 12 और 19 मार्च के मुकाबलों के बाद डोनाल्ड ट्रंप के भी रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की आशा है।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अनेक कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दो महाभियोग कार्यवाहियां, चार आपराधिक मामले तथा 91 आपराधिक आरोप शामिल हैं। इसके साथ ही वे 450 मिलियन डालर मामले में सिविल कोर्ट निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वैश्विक महामारी के दौरान उनके असंगठित नेतृत्व ने उनकी छवि पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। इसके बावजूद वे अपना जनाधार बनाए रखने में सफल हुए हैं और स्वयं को 'पीड़ित' की तरह पेश करते हैं। मंगलवार को चुनाव में विजय के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन को बहस की चुनौती दी है। उम्मीदवार ऐसी बहसों में अपनी उपलब्धियां बताने के साथ देश के लिए लक्ष्य परिभाषित करते हैं तथा मतदाताओं को विपक्षी को वोट न देने की सलाह देते हैं। ट्रंप ने किसी समय, किसी भी स्थान पर बहस की चुनौती दी है। उनका विश्वास है कि वे अमेरिकनों को लाभान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। लेकिन जो बाइडेन ने उनकी चुनौती स्वीकार नहीं की है। ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड के बाद किसी निवर्तमान राष्ट्रपति ने प्राइमरी में बहस में हिस्सा नहीं लिया है। ट्रंप अभियान में आर्थिक मामलों, आप्रवास नीति तथा यूक्रेन व इज़राइल के प्रति अमेरिकी दृष्टिकोण में बाइडेन की विफलताओं पर निशाना लगाया जाएगा।

बाइडेन 2020 चुनाव परिणाम उलटने के प्रयास तथा कैपिटाल हिल पर दंगों में उनकी कथित भूमिका को लेकर ट्रंप पर निशाना लगाएंगे। बाइडेन को अपनी आयु से संबंधित चिन्ताओं को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था व आप्रवास पर अपनी रेटिंग सुधारने का प्रयास करना चाहिए। सुपर ट्यूज़डे के बाद 2024 राष्ट्रपति चुनाव की गतिविधियां तेज होंगी। अगले आठ महीनों में नकारात्मक अभियान रणनीतियां तेज होंगी। अमेरिकन मतदाताओं के समक्ष विकल्प सीमित हैं और वे दोनों उम्मीदवारों से बहुत प्रसन्न नहीं हैं। हालिया जनमत सर्वेक्षणों में दोनों की रेटिंग 50 प्रतिशत से कम है। लोग दोनों उम्मीदवारों के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष जानते हैं। दोनों मुख्य पार्टियां भी संभावित उम्मीदवारों को अपनी बड़ी समस्या मानती हैं। ट्रंप की विजय से लोगों को गिरावट की आशंका है, जबकि बाइडेन की विजय से मामूली परिवर्तन हो सकते हैं।

शिक्षक कल्याण को प्राथमिकता

> शिक्षक कल्याण को प्राथमिकता मिलने से इस पेशे में प्रतिभाशाली लोग आना पसंद करेंगे।

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षक हैं)

शिक्षा प्राचीन काल से कभी स्थिर नहीं रही है। इसमें हमेशा समाज में तकनीकी परिवर्तनों के साथ प्रगति होती है। वे दिन बीत गए जब पढ़ाई केवल पाठ्यपुस्तकों तथा परंपरागत विधियों से होती थी और शिक्षकों का काम केवल सवेरे 8 बजे से 2 बजे तक सीमित था। आज शिक्षक की बेहतरी शिक्षा व्यवस्था का मुख्य आयाम है जिसका प्रभाव न केवल शिक्षा की गुणवत्ता, बल्कि सीखने के समग्र परिवेश की प्रभावशीलता पर भी पड़ता है।

शिक्षकों की वर्तमान पीढ़ी को अनेक दबावों का सामना करना पड़ता है जिसमें कक्षा प्रबंधन, ग्रेडिंग तथा छात्रों की अनेक आवश्यकतायें पूरी करना शामिल है। शिक्षक की बेहतरी इसलिए महत्वपूर्ण है, लेकिन अक्सर शिक्षा व्यवस्था में उसकी अनदेखी होती है। शिक्षक बेहतरी के विभिन्न आयामों में शिक्षाशास्त्रियों के समक्ष उपस्थिति समस्यों के साथ ही शिक्षक का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बेहतर बनाना है क्योंकि इसका प्रभाव सीधे न केवल उसके व्यक्तिगत जीवन, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।

हाल के वर्षों में यह स्वीकार किया जाने लगा है कि शिक्षक की बेहतरी से शिक्षा अनुभव में सकारात्मक और टिकाऊ सुधार होता है। विभिन्न मानसिक क्रियाओं, तनाव प्रबंधन तकनीकों तथा मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक पहुंच मानसिक बेहतरी के कुछ प्रमुख आयाम हैं। शिक्षकों का सशक्तीकरण शिक्षा के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए शिक्षक की बेहतरी पर जोर देना आवश्यक है।

यह शिक्षकों को पेशे में बनाए रखने के साथ इस पेशे में नई प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए जरूरी है। इस तथ्य से

इनकार नहीं किया जा सकता है कि अत्यधिक तनाव तथा बर्नआउट के कारण शिक्षकों का व्यवहार प्रभावित होता है इससे सीखने के परिवेश के स्थायित्व व निरंतरता पर भी प्रभाव पड़ता है। शिक्षक की बेहतरी से रोजगार में संतोष विकसित हो सकता है जिससे प्रतिभाशाली लोग शिक्षक के पेशे में आने को प्रेरित हो सकते हैं तथा शिक्षक पेशे में बने रह सकते हैं।

शिक्षकों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने पर ही वे सीखने का सकारात्मक परिवेश विकसित कर सकते हैं। शिक्षकों का समर्थन करने वाले मूल्यों को प्रोत्साहन देने के साथ उनको पेशे में प्रगति के अवसर मिलने चाहिए। शिक्षकों को लचीले कार्यदिवस के अवसर मिलने चाहिए ताकि कार्य और जीवन में बेहतर संतुलन स्थापित हो सके। ऐसा करने से ही शिक्षक पेशेवर रूप से अपनी पूरी क्षमता प्राप्त कर सकेगा। इसके साथ ही शिक्षक के कठोर श्रम को स्वीकार करने और उसका सम्मान करने से ही उसकी कार्य के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ेगी तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित होगी। केवल इतना ही नहीं शिक्षक का योगदान स्वीकार करने के लिए पुरस्कारों, आयोजनों ओर अभिव्यक्तियों का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षक को उसके कार्य के लिए धन्यवाद देने से उसके प्रयास और मजबूत होंगे।

काम के बोझ की तार्किक उम्मीद से स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन स्थापित किया जा सकता है। इसके लिए लचीले कार्यदिवस, कार्य तथा व्यक्तिगत जीवन के बीच स्पष्ट विभाजक रेखाओं से बर्नआउट से मुक्ति मिल सकती है। सशक्त शिक्षाशास्त्रियों व शिक्षकों का प्रभाव कक्षा से बाहर भी पड़ता है जिससे शिक्षा के परिदृश्य में सुधार आता है तथा सीखने वालों की भावी पीढ़ियों की प्रगति आसान होती है।

इसके साथ ही पेशेवर विकास से सुनिश्चित होगा कि शिक्षक अपने क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियों से परिचित होंगे तथा शिक्षा देने में सर्वोत्तम व्यवहारों का प्रयोग करेंगे। याद रखें कि शिक्षक सशक्तीकरण केवल एक अवधारणा नहीं है। यह शिक्षा को उत्कृष्ट बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रेरक है। स्वायत्ता, पेशेवर विकास, नेतृत्व के अवसर तथा सहायक परिवेश विकसित कर संस्थानों के ऐसे प्रबंधन में सहायता मिल सकती है जिनसे शिक्षकों को अपनी पूरी क्षमता विकसित करने में सहायता मिले। इस प्रकार हम एक जीवन्त, खोजी तथा प्रेरक शिक्षा परिदृश्य तैयार कर सकते हैं जिससे शिक्षकों तथा छात्रों को समान रूप से लाभ होगा। संचार साधनों के विकास तथा इंटरनेट के बढ़ते प्रसार से शिक्षकों से छात्रों तथा समाज की उम्मीदें तेजी से बढ़ती जा रही हैं। इसे देखते हुए शिक्षक को नई जानकारियों से लैस रहना होता है। इसलिए शिक्षक सशक्तीकरण और जरूरी हो जाता है।

आप की बात

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

विपक्ष का विलाप

भारत सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून-सीएए की अधिसूचना जारी कर दी है। इस पर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने अकारण शोर मचाना शुरू कर दिया है। नागरिकता संशोधन कानून तो पहले ही पास किया जा चुका था मगर बेवजह की अड़चनें पैदा करके इसे लागू नहीं होने दिया गया। अब यदि सरकार ने ठीक चुनाव से पहले इसकी घोषणा की है तो चुनाव में इस पर देशवासियों की मोहर भी लग जाएगी। जब इसे जनादेश मिलेगा तो किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति उठाने का हक नहीं होगा। भारतीय लोकतंत्र में यदि जनता नागरिकता संशोधन को समर्थन देती है तो उसे सबको स्वीकार करना होगा क्योंकि जनता की अदालत ही सबसे बड़ी अदालत है। यदि हिंदुओं को भारत में नागरिकता नहीं मिलेगी तो क्या पाकिस्तान में मिलेगी? आखिर इस्लामी देशों में धर्म के आधार पर उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन किस देश से उम्मीद करेंगे? बहुसंख्यकवाद का आरोप लगाने वाला विपक्ष इस्लामी देशों में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा पर मौन क्यों रहता है? हमारे देश के कुछ विपक्षी दलों को राष्ट्रीय हित के हर निर्णय पर उंगली उठाकर जनता को दिगभ्रमित करने की आदत पड़ चुकी हैं। मगर अब जनता विपक्ष की सभी राजनीतिक कुटिलताओं से वाकिफ हो चुकी है।

– विभूति बुपक्या, खाचरोद

सीएए का विरोध

सीएए कानून पास करने से लेकर आज तक भारत के कुछ मुस्लिम धर्मगुरु एवं कुछ नेता इसके बारे में आपत्तिजनक बातें कर रहे हैं। वे कहते हैं कि इस कानून से देश के मुसलमानों को बड़ा खतरा उत्पन्न होने वाला है एवं उनकी नागरिकता जाने का खतरा है। यह सरासर झूठ तथा मुसलमानों को भड़काने का प्रयास है। कानून को पास करने के समय ही संसद में गृहमंत्री ने कहा था कि इस कानून द्वारा अफगानिस्तान, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों को प्रताड़ित होने पर भारत में नागरिकता दी जा सकेगी तथा भारत में रहने वाले मुसलमानों की स्थानीय नागरिकता पर इसका कोई भी असर नहीं होगा। मगर इसके बावजूद कानून को लेकर कई तरह की भ्रातियां फैलाई जा रही है। विडंबना है कि संविधान की शपथ लेने वाले दो-तीन राज्यों के मुख्यमंत्री भी इसका विरोध कर रहे हैं। वैसे नागरिकता देने का काम केन्द्र सरकार का है जिसने इसके लिए पोर्टल भी जारी कर दिया है। ऐसे में राज्य सरकारों के विरोध का कोई औचित्य इसलिए भी नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सीएए कानून को सही माना है। कानून की अधिसूचना जारी कर भाजपा सरकार ने अपना एक वादा पूरा किया है और यही- मोदी की गारंटी है।

– एमएम राजावत, शाजापुर

भारत की संपदा

ब्रिटिश आक्रांताओं द्वारा भारत से कोहिनूर हीरा सहित हजारों बहुमूल्य वस्तुएं ब्रिटेन ले जाई गई जिन्हें वहां के संग्रहालयों में रखा गया है। कोहिनूर को भारत में वापस लाने की मांग आजादी के बाद से ही की जा रही है। मगर इसके लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक प्रयास नहीं किए गए। इसके चलते भारत की अनमोल संपदा तथा विरासत के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हजारों कलाकृतियां, मूर्तियां, प्राचीन हथियार, आदि आज भी भारत से दूर विदेशों में संग्रहालयों या कुछ लोगों के घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं। भारत सरकार को कोहिनूर सहित देश की सभी धरोहरें वापस भारत में लाने के लिए सक्रिय प्रयास करने चाहिए। ब्रिटेन की महारानी ने भारत के अलावा जिन अन्य देशों पर ब्रिटेन ने अधिपत्य किया था उनसे इस बारे में माफी मांग ली थी मगर भारत से माफी नहीं मांगी थी। जाहिर है कि तब भारत सरकार इसके प्रति उदासीन थी। मोदी सरकार ने पिछले दस साल में पहले के किसी भी समय की तुलना में विदेशों से भारतीय बहुमूल्य वस्तुएं व कलाकृतियां वापस लाने में सफलता पाई है। ऐसे में उम्मीद करनी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में कोहिनूर हीरा भी वापस लाने का प्रयास तेज करेंगे। ब्रिटेन को भी इस मामले में संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।

– सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

गांधी भवन में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं का किया गया सम्मान

स्वीप कार्यक्रम के तहत वृद्धजनों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग कर उनमे जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में स्थित गाँधी भवन में वृद्धजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता दिलाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह रखा गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के द्वारा वृद्धजनों और दिव्यांग मतदाताओं को साल व श्रीफल देकर सम्मान किया, एवं साथ-साथ समस्त अधिकारीयों ने भी वरिष्ठ नागरिकों को साल श्रीफल देकर सम्मान किया। इस दौरान उन्हें और उनके परिवार के मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित किया गया। बेमेतरा ज़िले में 80 वर्ष से अधिक आयु के लगभग चार हजार मतदाता हैं। कार्यक्रम में मतदाताओं के लिए डमी ईव्हीएम मशीन की व्यवस्था की गई थी जिसमे सभी बुजुर्ग मतदाताओं ने वोट डालने का अभ्यास किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन

अधिकारी गुड्डु लाल जगत, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा.अनिल वाजपेयी, एसडीएम घनश्याम तंवर, सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय, स्वीप कार्यक्रम के आइकॉन दिलहरण प्रसाद तिवारी, मास्टर ट्रेनर सुनील झा सहित जिले के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर शर्मा ने कार्यक्रम में आये हुये वृद्धजनों और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान देने के लिए प्रेरित किया और सभी को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा की आपका एक मत बहुमूल्य हैं सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। आपका एक मत राष्ट्र के निर्माण में और एक विकसित जिला सहित विकसित राष्ट्र बनाने का निर्धारण करता है । इसके लिए आपको सही उम्मीदवार को चयनित करना चाहिए। उन्होंने कहा की वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सुविधा भी दी गई है की जो 85 वर्ष से ऊपर जितने हमारे मतदाता है। उन्हे घर जाकर वोट दिलाने की सुविधा है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने स्वीप कार्यक्रम में लोगों से सत प्रतिशत मतदान करने की अपील की उन्होंने सभी दिव्यांगजन और वृद्धिजन मतदाताओं से कहा की प्रशासन हर संभव प्रयास कर रही है कि सभी लोगो को निर्वाचन की प्रक्रिया में जोड़े रखे और मतदान के लिए जागरूक रखे इसी कारण लगातार स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन मतदाताओं से जुड़ रहें हैं । प्रशासन सभी दिव्यांग, थर्डजेडर और जितने वृद्धजन है उन्हे जोडने का प्रयास कर रही है। कोई भी मतदाता किसी भी तरीके से मतदाता के रूप में पंजीकृत होने से और वोट देने अपना अधिकार ना छोड़े। जिले में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है ताकि सभी में मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके और सभी को अपने मत का अधिकार पता चल सकते। इसके साथ ही कार्यक्रम में आये हुये जिले के स्वीप कार्यक्रम आइकॉन दिलहरण प्रसाद तिवारी ने कार्यक्रम का उद्बोधन किया और अपने मताधिकार का महत्व बताया इस दौरान उन्होंने सभा को उत्साह से भरा और मतदान करने की अपील की, जिसे देखते हुये एक और वृद्धजन मतदाता चंद्रशेखर पांडे ने भी मताधिकार के संबंध में लोगों को जागरूक किया और लोगों से मत देने की अपील करते हुये अपनी बात रखी।

मुख्यमंत्री के गृह प्रवेश पर भाजपा नेता योगेश तिवारी ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय मुख्यमंत्री निवास में गृह प्रवेश करने के अवसर भोज का आयोजन किया। भोज कार्यक्रम में पहुंच कर बेमेतरा के भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान बेमतरा आने का निवेदन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में प्रदेश की ग्यारह की ग्यारह सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी पर प्रदेश की सरकार काम कर रही है। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के किसानों को एक मुश्त धान के अंतर की राशि, महतारी वंदन योजना के तहत हर विवाहित महिला को हजार रुपए महीना देने समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओ के अंतर्गत प्रदेश के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

नगर की आराध्य देवी मां झरन मैय्या के भंडारा स्थल में सीसी फ्लोर निर्माण की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर की आराध्य देवी मां झरन मैय्या प्राचीन मंदिर में 3 मार्च से 8 मार्च 2024 तक शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया था। इस आयोजन से पूर्व समिति ने शिबू नायर नगरपालिका अध्यक्ष से मिलकर अपने आयोजन के बारे में चर्चा कर मांग किया कि अगर झरन मंदिर के भंडारा स्थल पर सीसी फ्लोर हो जाता है तो कार्यक्रम में सुविधा होगी जिसका आपके द्वारा भूमिपूजन किया था। कार्य म के आयोजन को देखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने तत्काल सीसी फ्लोर करवाया । जिसके लिए 13 मार्च को मां झरन मैय्या मंदिर समिति के संरक्षक व मंदिर प्रभारी रमेश मित्तल, अध्यक्ष महेश सहारे, सचिव नरोत्तम सागर, कोषाध्यक्ष आनंद साहू मंदिर के पुजारी नर्मदा प्रसाद दुबे ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर शिबू नायर अध्यक्ष नगरपालिका को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया व कार्य पूर्ण करने के आभार प्रकट किया व आने वाले समय मे कुंड की सफाई, शौचालय व भंडार गृह में टीन शेड का कार्य कराने का अनुरोध किया जिस पर शिबू नायर ने आश्वासन दिया कि मैं सभी मांगो को अवश्य ही पूर्ण करूंगा।

2 प्रकरण में 8 जुआडियानो से नगदी रकम 7,290 रूपये जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दो प्रकरण में आठ जुआडियों से 7290रुपये जप्त किया गया है। थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोदवा के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना साजा पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 02 प्रकरण दर्ज कर 08 जुआडियानो धर्मेन्द्र जायसवाल उम्र 30 साल, दिलीप यदु उम्र 32 साल दोनो साकिनान कोदव, डाकवर यादव उम्र 33 साल साकिन साजा थाना साजा एवं गोकुल यादव उम्र 33 साल विजय धोबी उम्र 32 साल रवि यादव उम्र 19 साल आदित्य यादव उम्र 19 साल कमलेश साहू उम्र 24 साल साकिन कोदवा थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फ्ड से कुल जुमला नगदी 7,290/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, फागेश्वर देशमुख, विजय साहू एवं अन्य स्टाफका सराहनीय भुमिका रही।

आबकारी एक्ट के प्रकरण में आरोपी से 4 लीटर गुड से निर्मित कच्ची शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गुड से बने चार लीटर कच्ची शराब सहित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस जानकारी के अनुसार थाना बेरला स्टाफ को सूचना मिला की ग्राम सरदा निवासी मनीष बारले अपने घर के बाहर गली में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री कर रहा है कि सूचना के अधार थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जिस पर थाना बेरला में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी मनीष बारले पिता समलिया बारले उम्र 32 साल साकिन सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जप्त 04 लीटर गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 800/- रूपये एवं बिक्री रकम 200/- रूपये जुमला किमती करीबन 1,000/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, आरक्षक दिनेश निषाद, एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

कवर्धा महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनी सीमा अनंत, महिला कांग्रेस में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए फूलो देवी नेताम सांसद राज्यसभा व प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों व प्रदेश पदाधिकारियों में नई नियुक्तियां करते हुये कबीरधाम ज़िले सीमा अनंत पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष को ज़िले की जवाबदारी सौपी है। नियुक्त, अनंत की पार्टी में सक्रिय भूमिका व अनुभव को मद्दे नहर रखते हुये पूर्व केबिनेट मंत्री मो. अकबर के सहमति से उन्हें अवसर दिया गया है। अनंत की नियुक्ति पर पूर्व मंत्री मो. अकबर। जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी साहू। कन्हैया अग्रवाल नीलकंठ चन्द्रवंशी लाल चंद्रवंशी,

लालबहादुर चंद्रवंशी, गंगोत्री योगी, पारस बँगानी, रानू दुबे, विजय पांडे, नीलकंठ साहू, जोहन खांडे, चोवा साहू नारायणी टोंडर तरणी ठाकुर विद्या साहू प्रभाती मरकाम, डॉ प्रदीप चंद्राकर, पंचु कोशरिया बाबुदास गोप, शिव महंत अधिवक्ता कमलेश, नवीन जायसवाल, मनीष शर्मा, डालीला वर्मा, सावित्री साहू अध्यक्ष सहित पार्टी के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनायें दी है।

अवैध मादक पदार्थ गांजा 14 किलो सहित आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम रांका निवासी संतोष सिंह चौहान अपने गाय कोठा में एक प्लास्टिक के बोरी में अवैध रूप सं गांजा जैसा मादक पदार्थ बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना पर सायबर सेल टीम एवं थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफव गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 14 किलो कीमती करीबन 1,40,000/- रूपये (एक लाख चालिस हजार रूपये) को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की जा रही है। आरोपी संतोष सिंह चौहान पिता स्वं. पंचू चौहान उम्र 43 साल साकिन रांका थाना व जिला बेमेतरा उक्त आरोपी के विरूद्ध पूर्व में अवैध गांजा मामले में कार्यवाही की जा चुकि है। बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी चंद्रदेव वर्मा एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि संतोष धुर्वे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, मोहित चेलक, लोकेश सिंह, आरक्षक राजेश ध्रुव, मोती जयसवाल, संजय पाटिल, सौरभ सिंह, इंद्रजीत पांडेय, नुरेश वर्मा, शिव सेन एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

योग मित्र मंडली के महिलाओं के द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

योग मित्र मंडली की महिलाओं के द्वारा एक रंगारंग कार्यक्रम कर महिलाओं के सम्मान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के पूर्व तथा वर्तमान परिस्थिति के संबंध में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया था द्य जिसमें वक्ताओं ने अपना-अपना विचार प्रकट किया। अनीता उपाध्याय ने अपना मत रखते हुए कहा कि पूर्व की अपेक्षा वर्तमान में महिलाओं का कद पुरुषों के मुकाबले बराबरी तक पहुंचा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व बढ़ा रही है। महिलाएं अपना हक और अधिकार के लिए लड़ना सीख रही है द्य अपना अधिकार और कर्तव्य के प्रति सजग हो रही है जिसका फायदा यहां हो रहा है कि वर्तमान में महिलाओं का शोषण होना कम हुआ है। विश्व में हमारे भारत देश को विश्व गुरु का दर्जा इसीलिए दिया गया है कि इस देश में नारियों का सम्मान होता है भारत में नारियों को जननी के रूप में पूजा जाता है सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं को लाकर नारी शक्ति का सम्मान किया जा रहा है यह बड़ी खुशी की बात है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व बना कायम रख रही है यहां हमारे लिए गौरव की बात है। देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति के पद पर द्रौपदी मुर्मू बैठी है। यह हमारे महिलाओं का ही सम्मान का प्रतीक है। उदाहरण के लिए दल्ली राजहरा को भी ले लें। राजहरा थाना के प्रमुख नगर पुलिस अधीक्षक तथा अनुभागीय दंडाधिकारी जैसे पद पर महिलाएं सुशोभित है। यह महिला वर्ग का सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में योग मित्र मंडली की ओर से दीपा साहू, शोभा यादव, प्रमिला, अरुणा ठाकुर, अल्का, आशा मुखर्जी, प्रीति श्रीवास्तव, उषा नागेश, सुशीला कुलदीप, दुज सिन्हा, किरण मानस, शिल्पा उपाते, सुमन सिंह, रश्मि, ज्योति राजाभोज, आदि लोग उपस्थित थे।

भाजपा ने पालिका अध्यक्ष पद पर जनादेश के विपरीत जाकर कब्जा किया: धनंजय सिंह ठाकुर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साय की सरकार बनने के बाद प्रदेश में लोकतंत्र का गला घोट जा रहा है। कवर्धा में बिना बहुमत के अपने अध्यक्ष का मनोनयन कर दिया तथा कांग्रेस पार्षद की सहमति के बिना पीआईसी का सदस्य बना दिया, जिसके खिलाफ में कांग्रेसी पार्षदों ने सीएमओ का घेराव भी किया। कवर्धा की जनता ने पालिका में कांग्रेस को 18 पार्षद के साथ बहुमत दिया है भरोसा किया है और भाजपा को 6 पार्षद देकर विपक्ष के लायक बनाया है। भाजपा जो आदतन लोकतंत्र की विरोधी है उसने सरकारी तंत्रो का दुरुपयोग करके पालिका की बहुमत के खिलाफ जाकर कवर्धा पालिका के अध्यक्ष पद पर अतिक्रमण किया है. और जोर जबरदस्ती कांग्रेस के पार्षद को बिना सहमति के सभापति बनाया है भाजपा का यह कृत्य बेहद निंदनीय हैं और तानाशाही हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद लोकतंत्र की चुनी हुई परिषदों को तोड़फोड़ कर हटाया जा रहा है, कई बार भाजपा के नेताओं ने सामाजिक तौर पर कहा है की पंचायत स्तर पर चुनाव नहीं होना चाहिए यानी लोकतंत्र के अधिकारों को वह छीनना चाहते हैं और मनोनयन करने की बात करके वह डिक्टेटरर्शिप स्थापित करना चाहते हैं। कवर्धा पालिका में भी भाजपा की तानाशाही रवैया नजर आई है जब वह लोकतंत्र के विपरीत जाकर मनमानी करते हुए बिना बहुमत के शासन शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए भाजपा पार्षद को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक ने ली अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

शहर विकास-शहर सरकार की पहली प्राथमिकता-मनहरण कौशिक

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका कवर्धा के कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने पदभार ग्रहण के बाद प्रथम दिवस कार्यालयीन अवधि में कार्यालय पहुंचकर कार्य की शुरूवात की। उन्होनें अपने कक्ष में पूजा अर्चना कर विधिवत कार्य प्रारंभ करते हुए निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ रूबरू होकर आवश्यक बैठक लिये। बैठक में विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश भी दिये। उन्होनें कर्मचारियों से कहा कि शहर की समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखे, छोटे-छोटे कार्यो को लेकर भटकना न पड़े। इन पर विशेष ध्यान देने को कहा। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाना भी सुनिश्चित करें। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी लगन व ईमानदारी के साथ कार्य करें। कवर्धा के विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जो दायित्व मुझे सौंपा है उसको पूरा ईमानदारी व लगन से पूरा किया जाना है उन्होनें कहा कि उनके द्वारा सौंपे गये दायित्व को मेरे सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी की मेहनत से ही पूरा कर पाउंगा। इसलिए सभी अच्छे से कार्य करें, कोई जन सामान्य अपने छोटे-छोटे कार्यो से परेशान ना हो, इसका पूरा ख्याल रखें। उन्होनें कहा कि किसी भी दबाव में परेशान होकर कार्य नहीं करेगें ।इसलिए जो भी समस्या हो मुझे जरूर बताये। उसका हल निकाला जायेगा। शहर विकास कार्य को प्राथमिकता में लेते हुए हम सभी को एक टीम वर्क के साथ कार्य करना है।

लापरवाही पर होगी कार्यवाही-मनहरण कौशिक

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बैठक में कड़े तेवर दिखाये। कार्य में किसी तरह की लापरवाही ना करें। लापरवाही बरतने वाले के खिलाफकार्यवाही भी प्रस्तावित की जावेगी। जनसामान्य से शिकायत प्राप्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखे, लापरवाही बर्दास्त नही की जावेगी। उन्होनें कहा कि कवर्धावासियों को शुद्ध पेयजल, शहर की समुचित साफ-सफाई, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन सहित अन्य मूलभूत सुविधा प्रदान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है उन्होनें कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले इसका भी ध्यान रखे। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक है सभी अपने दायित्वों को अच्छे ढंग से निर्वहन करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियो का सामना करना ना पड़े। बैठक में सभापति उमंग पांडे, प्रमोद शर्मा, अनिता साहू, सांसद प्रतिनिधि विजय पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, अभिषेक वास्तव, अजय सिंह ठाकुर सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अंकित जायसवाल मीडिया प्रभारी नियुक्त

दल्लीराजहरा। भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश संयोजक व्ही. विश्वनाथ आचार्य के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला बालोद के जिलाध्यक्ष पवन साहू के सहमति से भाजपा पी.एम. विश्वकर्मा योजना जिला बालोद के जिला संयोजक सुरेश जायसवाल ने बालोद जिला के प्रिंट मीडिया प्रभारी के रूप में दल्ली राजहरा के अंकित जायसवाल को नियुक्त किया है।

सेवा सहकारी समिति हसदा में किसानों को आदान सहायता राशि प्रमाण पत्र वितरण किया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा में कृषक उन्नति योजना के तहत किसान आदान सहायता राशि प्रमाण पत्र वितरण किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान बलराम के तैल चित्र में पुष्प अर्पण कर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रकाश वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र एवम राज्य की जनकल्याण कारी योजनाओं को सभा में रखा एवम कहा की यह पहली बार है जब डबल इंजन की सरकार आई है जिससे किसान, मजदूर, जवान सभी में खुशी का माहौल देखा जा सकता है उसके लिए छत्तीसगढ़ शासन का आभार एवम कृषकों को बधाई प्रेषित किया एवं आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी का हाथ मजबूत करने का आह्वान किया कार्यक्रम में छेत्र के जनप्रतिनिधि एवं कृषक बड़े संख्या में शामिल हुए जिसमे मुख्य रूप से समिति भूतपूर्व अध्यक्ष प्रकाश वर्मा तेजस्वी पवन डहरिया सरपंच ग्राम पंचायत हसदा होलूराम साहू पूर्व सरपंच सांकरा एन प्रकाश साहू दिलीप वर्मा शत्रुघ्न पाल धनऊ राम साहू मदन सिंहा गुहाराम साहू संतोष धनकर फागू राम देवांगन ,दौवा साहू ,नारंतक पाल ब्रम्हानंद वर्मा, राजकुमार प्रगनीहा शत्रुह्न पाल जीवन साहू रामकुमार शर्मा विवेक परगनीहा सतराम साहू सहित बड़े संख्या में कृषक के अतिरिक्त ब्रांच मैनेजर एम एल पडॉटी प्र समिति प्रबंधक देवलाल सिन्हा समिति कर्मचारी नागेश साहू डीकेश साहू ललित वर्मा सेवाराम साहू रामकुमार नायक उपस्थित थे।

बिना पार्किंग के संचालित हो रहे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक, कभी भी घट सकती है कोई बड़ी दुर्घटना

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति जिला गठन पश्चात शहर में आए दिन नए राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं आम लोगों को बैंकिंग सुविधाएं देने के उद्देश्य से खुलती जा रही हैं, किंतु शहर में प्रमुख मार्गों के किनारे जिस तरह से बैंकों की शाखाएं खुल रही है उसे देखते हुए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में पेट्रोल पंप के बगल से लगकर तीन-तीन बड़े राष्ट्रीयकृत बैंक एवं एक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक प्रारंभ हो चुके हैं, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बडौदा एवं एक नए बैंक का शुभारंभ 13 मार्च 2024 से हुआ है, किंतु इन तीनों बैंकों के सामने छोटे-बड़े वाहनों की स्थिति को देखकर कभी भी बड़ी कोई अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता, किंतु दुर्भाग्य यह है की शक्ति जिला बन चुका है एवं पुलिस प्रशासन सहित जिले के कलेक्टर दिन भर इस मार्ग से गुजरते हैं एवं पुलिस प्रशासन अपने कार्यों की इतिश्री करने के लिए कभी कभार बैंकों के साथ बैठकर पार्किंग व्यवस्था को सुधारने की बात कहता है,किंतु सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक इन बैंकों के सामने स्थित यह बनी रहती है कि बैंक के सामने से पैदल चलकर बैंक में प्रवेश करना ही बहुत टेढ़ी खीर होता है।

तो आखिरकार अगर ऐसी कोई बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो जाएं तो क्या स्थिति बनेगी, इसका अंदाज लगाना मुश्किल है, एवं लोगों ने मांग करी है कि बैंकों को बिना पार्किंग के खोलने की अनुमति न दी जाए, तथा बैंक खोलने के लिए जो भी शासकीय प्रक्रियाएं होती है उसमें सर्वप्रथम पार्किंग की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए तभी इन बैंकों को वहां खोलने की अनुमति मिले,अन्यथा बिना पार्किंग के लोग परेशान हो जाएंगे तथा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोग अपनी मोटरसाइकिल वाहनों को यत्र-तत्र खड़ा करते हैं तथा इन बैंकों के सामने ना ही कोई पार्किंग की व्यवस्था है, ना ही कोई निजी पार्किंग की व्यवस्था है, जिसके चलते सड़कों पर लोग अपने वाहन खड़ा कर देते हैं तथा स्थिति बड़ी विस्फोटक नजर आती है,विगत दिनों शक्ति जिले के पुलिस यातायात प्रभारी महतो ने बैंकों के साथ बैठक लेकर सख्त हिदायत दी थी, किंतु पुलिस अधिकारी की यह सख्त हिदायत कोई काम नहीं आ रही है, एवं अधिकारियों को चाहिए कि बैंकों के सामने सुबह जाकर स्थिति का आकलन करें, तथा उसके बाद दोषी लोगों पर कार्रवाई जरूर करें।

नवनियुक्त कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने माँ चन्द्रहासिनी के दर्शन कर अपने कार्यों का विधिवत लिया दायित्व

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जिले के नवनियुक्त कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने पहले दिन सुबह की पहली किरण के साथ जिला मुख्यालय से निकलकर चंद्रपुर तहसील में विराजित माँ चन्द्रहासिनी के दर्शन कर उन्हें मिले जिले के दायित्व निर्वहन के पहले दिन का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टर कार्यालय कक्ष में पूर्व कलेक्टर मती नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में जिला कलेक्टर कार्यालय जेठा में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो जिले में दूसरे कलेक्टर के रूप में नियुक्त हुए है। तोपनो 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन का पदभार संभाल रहे थे। उल्लेखनीय है की नगर पंचायत चंद्रपुर में कोतरी नाला से महानदी पुल तक लगभग 1.80 किलो मीटर की सड़क गौरव पथ हेतु स्वीकृत है। जिसके निर्माण कार्य के लिए खदानों से निकलने वाली भारी वाहनों एवं कंपनियों से निकलने वाले भारी वाहन क्रमशः हायवा, ट्रेलर एवं ट्रक तथा अन्य भारी वाहन का मार्ग परिवर्तित किया गया है। गौरवपथ निर्माण के दौरान सुविधा व सुरक्षा को लेकर रायगढ़ मार्ग पर मार्ग परिवर्तित कर चंद्रपुर मे भारी वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। जिसका कलेक्टर ने चंद्रपुर तहसील के लात नाला तिराहा जाकर एवं निर्माणाधीन गौरवपथ सड़क का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने उक्त निर्माण कार्य एवं परिवर्तित मार्ग की जानकारी लेते हुवे संबंधित अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी, खजांची अवनीश नामदेव, अनुविभागीय अधिकारी डभरा रूपेंद्र पटेल, डभरा तहसीलदार रवि राठौर, सक्ती तहसीलदार मनमोहन प्रताप, चंद्रपुर प्रभारी तहसीलदार अभिजीत राजभानु, जनपद पंचायत सीईओ मरकाम, जनपद पंचायत चंद्रपुर मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामसजीवन सोनवानी आदि उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज के मुखिया सियाराम का सर झुका कर सम्मान स्वीकार किया सीएम विष्णु ने

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से अग्रवाल समाज के कार्यों को सक्रियता के साथ गति देकर पूरे देश भर में समाज के गौरव के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने वाले छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के हनुमान परिवार के बाबूजी सियाराम जी अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके गृह प्रवेश मुहूर्त के मौके पर उनके सीएम हाउस पहुंचकर उन्हें अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन माला से स्वागत अभिनंदन किया,तथा इस दौरान बाबूजी सियाराम अग्रवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने वाला एक कुशल नेतृत्वकर्ता बताते हुए भगवान अग्रसेन जी के गौरवशाली इतिहास एवं पूरी दुनिया में अग्रवाल समाज के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भी जानकारी दी, साथ ही अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल के द्वारा पूरे देश भर में अपने विभिन्न राज्य इकाइयों के माध्यम से अग्रवाल समाज द्वारा स्थानीय राज्य शासन के कार्यों में भी समय-समय पर सहयोग दिए जाने की जानकारी से अवगत कराया तथा उन्हें आश्वश्त किया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी हमेशा से ही अग्रवाल समाज शासन के कार्यों में अपना योगदान देता रहा है एवं कोविड काल में अग्रवाल समाज ने सेवा के एक बड़े प्रकल्प चलाकर एक बड़ा कार्य किया है, तथा हम भी आपके इस कुशल नेतृत्व में सदैव आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित अन्य दिग्गज मंत्री एवं समाज बंधु उपस्थित थे, बाबूजी सियाराम अग्रवाल के इस मान सम्मान से अभिभूत होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बाबूजी सियाराम अग्रवाल को एक कर्मयोगी बताते हुए कहा कि आपने सदेव सेवा कामों को गति दी है तथा हम आपके दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं।

जमीन रजिस्ट्री में फर्जी भू-स्वामी व गवाह बने युवक और युवती गिरफ्तार

धरमजयगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना धरमजयगढ़ अंतगर्त ग्राम रूवाफुल खसरा नंबर खसरा नंबर 69,1 एवं खसरा 76,4 की भूमि की असल भू-स्वामी के स्थान पर अन्य महिला और गवाहों को खड़ी कर रजिस्ट्री करने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा एक युवक और युवती को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 15 जून 2023 को थाना धरमजयगढ़ में निशांत कुमार ठाकूर (उम्र 43 वर्ष) निवासी ग्राम कुसालपुर थाना पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उर्वशी गुप्ता पिता मुकेश गुप्ता निवासी कृष्ण कुंज सिविल लाईन रायपुर द्वारा अपनी भूमि संबंधित सभी प्रकार के भौतिक एवं न्यायालयीन के कार्यों के लिये इन्हें सामान्य अधिकार सौंपा है, जब ये उर्वशी गुप्ता की ग्राम रूवाफुल की जमीन के अभिलेख दुरूस्ती के लिए धरमजयगढ़ आये तो पता चला कि 24 अप्रैल 2023 को उर्वशी गुप्ता भू-स्वामी कि भूमि खसरा नंबर 69/1 रकबा 0.506 एवं खसरा 76/4 रकबा 0.344 हे.भूमि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उर्वशी गुप्ता के स्थान पर पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ में उपस्थित होकर फर्जी आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका कुट रचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय किया गया है। आवेदन पर थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात विक्रेता एवं अन्य के विरूद्ध सुसंगत धारा 419, 420,467, 468, 471,120 बी आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ़ से जानकारी प्राप्त कर आरोपियों के संबंध में साक्ष्य एकत्र कर पतासाजी किया गया जिसमें पूर्व में गिरफ्तार आरोपी- रोहित महंत निवासी नीचेपारा धरमजयगढ़ के कथन पर आरोपी अमित तिर्की निवासी लक्ष्मीपुर थाना धरमजयगढ जिला रायगढ़ एवं आरोपिया संगीता नागवंशी निवासी ग्राम सेन्द्री बहार थाना पत्थलगांव जिला जशपुर का के भी अपराध में शामिल होने की जानकारी मिली। दोनों आरोपियों की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया।

ओवरलोड वाहन के ड्राइवर व वाहन मालिक पर 34-34 हजार रुपए का जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने नियमित रूप से सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत तेज गति और शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं डीएसपी यातायात रमेश कुमार चंद्रा के कुशल नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा भी प्रतिदिन विभिन्न चेक पॉइंट पर भारी वाहनों की सघन जांच किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 मार्च के रात्रि जिंदल बैरियर के पास डीएसपी ट्रैफिक रमेश चन्द्रा द्वारा जांच दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 एम.एन.-7571 में क्षमता से अधिक सामाग्री लोड होना पाकर विधिवत वाहन का कांटा कराये और ड्रायवर तथा वाहन स्वामी के विरूद्ध धारा 113 194 मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत इस्तगासा तैयार कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय में कल वाहन के ड्राइवर धनेश्वर यादव (उम्र 24 साल) निवासी दुलदुला जिला जशपुर पर 34000 रूपये तथा वाहन स्वामी प्रमोद कुमार सिंह निवासी गुमला जिला गुमला झारखंड पर 34000 रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

32 पाव देशी प्लेन शराब के साथ युवक गिरफ्तार छातामुड़ा बाईपास पर जूटमिल पुलिस ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर जिले में लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में लगातार दूसरे दिन थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर छातामुड़ा बाईपास चैक प्रियदर्शी वासुदेव पेट्रोल पंप के पास थैले में शराब रखकर अवैध बिक्री के लिए ग्राहक तलाश करते समय संदेही लक्ष्मण बघेल पिता स्वर्गीय बजरंगी बघेल उम्र 34 साल निवासी सराईभद्दर नाला किनारे थाना जूटमिल को पकड़ा गया। संदेही के कब्जे से पुलिस टीम ने 32 नग 180उस वाली देशी प्लेन शराब (कीमत 2560) जप्त किया गया है। आरोपी लक्ष्मण बघेल के कृत्य पर थाना जूटमिल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक शिव वर्मा, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ और धनेश्वर प्रसाद उरांव शामिल थे।

जिला पुलिस के अधिकारी शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव की वर्चुवल बैठक में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री छ.ग. शासन द्वारा जिले के पुलिस अधीक्षकों का वर्चुवल मीटिंग लिया गया, मुख्यमंत्री द्वारा जिला की कानून व्यवस्था की समीक्षा किया गया। मीटिंग दौरान सख्त निर्देश दिया गया कि पुलिस की छबि आमजनों में साफ सुथरी हो एवं ''ऊपर से कठोर एवं अंदर से नर्म' होना चाहिए। अपराधियों के मन में पुलिस का ख़ौफ़होना चाहिए। पुलिस को अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार एवं अनुशासीत होकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया तथा आमजन में पुलिस की कार्यशैली के प्रति विश्वास दिखाई देवें। इसी तारतम्य में अंकित शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती द्वारा जिला के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों का मीटिंग लिया गया। मीटिंग दौरान समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियो को सख्त निर्देश दिया गया कि सामाजिक बुराई जैसे जुआ, अवैध शराब, नशीले पदार्थ की बिक्री करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही किया जावे। प्रार्थी/ पीड़ित द्वारा थाना रिपोर्ट/शिकायत दर्ज कराने हेतु आने पर उनकी बात शालीनतापूर्वक सुन कर पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट किया जावे। संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आदतन अपराधियों के विरूद्ध निगरानी बदमाश फाईल, आदतन मारपीट, जुआ, शराब/नशीले पदार्थ बिक्री करने वाले अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा बदमाश फाईल खोलने बाबत् निर्देशित किया। क्राईम मीटिंग दौरान जिला के सभी थानों के लंबित अपराधों की समीक्षा किया गया तथा समयावधि में निकाल कर न्यायालय पेश करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। महिला संबंधित अपराध/शिकायत को गंभीरता से लेने एवं वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी परवाना/दिशा निर्देश का पालन करते हुए विधि अनुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु अपराधिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं (151, 107, 116 (3) जा.फौ.) के तहत् प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारी रकम से बाउण्ड ओवर करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना/चौकी क्षेत्र के ग्रामों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् ज्याद से ज्यादा ''चलित थाना (संवाद)'' का आयोजन कर लोगों से मिलकर उनके समस्या को सुनना एवं त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया ताकि आमजन में पुलिस के प्रति जो गलत अवधारण है उसे समाप्त कर उनके मन में पुलिस प्रति विश्वास लाया जावे। थाना/चौकी द्वारा आयोजित ''चलित थाना (संवाद)'' का फोटो/विडियोग्राफी कर थाना में रजिस्टर संधारण कर रिकॉर्ड दुरूस्त किया करने हेतु निर्देशित किया गया।

बाराद्वार में 20 एवं 21 मार्च को होगा दो दिवसीय 28वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

बाराद्वार के श्री राधामदन मोहन मंदिर में विगत 27 वर्षों से निरंतर श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इस वर्ष भी श्री मदन मोहन सेवा ट्रस्ट कोलकाता एवं बाराद्वार के द्वारा 20 एवं 21 मार्च को परम पूज्य गुरुदेव गोस्वामी श्री गोविंद बाबा जी भागवत मर्मज्ञ के सानिध्य में यह आयोजन किया जा रहा है,तथा इस आयोजन के लिए परम पूज्य आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी एवं पवन कृष्ण गोस्वामी जी (लाला भैया) ने बताया है कि 19 मार्च 2024 दिन- मंगलवार को फूलों की होली का उत्सव शाम 4:00 बजे से मंदिर प्रांगण में होगा तथा 20 मार्च 2024 दिन- बुधवार को श्री श्याम प्रभु का अभिषेक सुबह 5:00 बजे, बाबा का अलौकिक श्रृंगार दर्शन सुबह 8:00 बजे, अखंड ज्योति पाठ सुबह 9:00 बजे होगी एवं बाबा की निशान यात्रा शाम 4:00 बजे से निकाली जाएगी,जिसमें बाबा को मनोकामना अर्जी अर्पण शाम 6:00 बजे से होगा, श्री हनुमान जी महाराज का छप्पन भोग दर्शन रात्रि 8:00 बजे से एवं श्री श्याम बाबा का छप्पन भोग दर्शन रात्रि 8:00 बजे से होगा, कार्यक्रम की आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में दो दिवसीय 28 वां श्री श्याम प्रभु के वार्षिक श्री श्याम महोत्सव मैं सभी धर्म प्रेमी इष्ट मित्रों एवं सह परिवार पधार कर मंदिर प्रांगण में विराजमान श्री विग्रह का दर्शन तथा पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त कर समस्त कार्यक्रमों का आनंद लेकर पुण्य के भागी बने, 21 मार्च दिन- गुरुवार को सुबह 7:00 बजे से श्री श्याम प्रभु की अखंड ज्योत, सुबह 11:00 बजे से श्री श्याम प्रभु की आरती, दोपहर 12:00 बजे से श्री श्याम प्रभु का प्रसाद- भंडारा कार्यक्रम होगा एवं 20 मार्च दिन- बुधवार को रात्रि 8:00 बजे से श्यामा कुंज बाराद्वार में भजनामृत वर्षा रात्रि 8:00 बजे से होगी, जिसमें कोलकाता की प्रसिद्ध भजन गायक अंशु सेठिया एवं यश टिबरेवाल कोलकाता अपनी प्रस्तुति देंगे,श्री मदन मोहन सेवा ट्रस्ट कोलकाता- बाराद्वार के सदस्यों ने बताया कि इस दो दिवसीय श्याम महोत्सव के लिए कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर- 999377 4982, 9993774981,9981 448866 में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है, एवं इस आयोजन में सवामणि के लिए संपर्क हेतु आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी- 9981448866, पवन कृष्ण गोस्वामी (लाला भैया)- 9993774981, सतीश जिंदल बाराद्वार 9425223340, ओमप्रकाश केडिया बाराद्वार- 6263298550, शंकर प्रसाद वर्मा कोलकाता- 9830079234 किशन चमडिया कोलकाता- 9830079234, विष्णु जिंदल बाराद्वार-9424172001, कैलाश अग्रवाल जैजैपुर वाले 9630240627 पर अपना नाम सवामनी हेतु वश्यक लिखवा दे, आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बाहर से आने वाले भक्तों के आवास एवं भोजन के संपूर्ण व्यवस्था श्री राधा मदन मोहन मंदिर में की गई है, तथा आयोजन को सफल बनाने में बाराद्वार के शहर वासी भी जुटे हुए हैं।

शत-प्रतिशत मतदाता जागरूकता करने दिए आवश्यक निर्देश, लोकसभा निर्वाचन 2024 मद्देनजर जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक संपन्न

मतदाताओं को जागरूक करने में सभी निभायें अहम भूमिका : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जिला स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 मद्देनजर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत् मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागों के समन्वय के साथ शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप की गतिविधि को त्योहारों में शामिल करने, महिला, बच्चों, दिव्यांगजनों सभी वर्गों को मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने नव विवाहिताओं को सम्मान करने एवं युवाओ को कॉलेज में स्पेशल एक्टिविटी कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने कहा एवं सभी शैक्षणिक संस्थानों में गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए इसके अलावा कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता के लिए नवाचार करने और जागरूकता की शपथ दिलाने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में विभागों के विभिन्न आयोजनों, कार्यक्रमों, बैठकों, प्रत्येक माह महात्मा गांधी नरेगा के तहत 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस कार्यक्रमों एवं समूह द्वारा आयोजित गतिविधियों के दौरान स्वीप कार्यक्रमों की चर्चा की जाए। साथ ही मुनादी आदि के माध्यम से इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। कलेक्टर ने राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, भारत स्काउट एवं गाईड, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, महिला बाल विकास विभाग की विभिन्न समितियों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। उन्होने समाज कल्याण विभाग को वरिष्ठ मतदाता (सिनियर सिटीजन), दिव्यांग, थर्ड जेंडर विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के विभिन्न कार्यक्रमों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा आंगनबाडी सहायिकाओं के माध्यम से घर-घर मतदाताओ से संपर्क, स्वसहायता समूहों के माध्यम से मतदाता रक्षा सूत्र बांधकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली तथा चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल गोकुल कुमार रावटे, जिला उप निर्वाचन अधिकरी निशा नेताम मड़ावी, स्वीप सहायक नोडल अधिकारी प्रो. बी.के.पटेल, डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थें।

प्राथमिक विद्यालय तुषार में न्योता भोज का आयोजन

जैजैपुर। प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत नेवता भोजन कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय तुषार में, जै अम्बे महिला स्व सहायता समूह द्वारा बच्चों को पोषण आहार दिया गया, जिसमे विकास खंड से माननीय सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार साहू अपने पूरे स्टाप के साथ सामिल हुए, एवम ग्राम सरपंच प्रतिनिधि अनिल चन्द्रा, उप सरपंच अशोक भारद्वाज सचिव तुलसी चन्द्रा एवम हाई स्कूल से प्राचार्य राधे लाल बरेठ व्याख्याता चंद्र कुमार चन्द्रा शोभित सिंग चन्द्रा शिव कुमार देवांगन सामिल रहे माध्यमिक स्टाप नरेन्द्र बंजारे शैक्षिक समन्वयक केशव सिंग कंवर, प्राथमिक स्टाप कुंती चन्द्रा प्रधान पाठक, सरोजनी बंजारे, एवं जै अम्बे स्व सहायता समूह से कुमारी केंवट सचिव एवं फूल बाई चन्द्रा उतरा केंवट मती देवकी यादव के द्वारा बच्चो को नेवता भोजन कराया गया।

दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)
(सीआईएनः L74899DL1956 GOI 002674)
जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110001

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

एस.टी.सी. ऑफ इन्डिया लिमिटेड, जवाहर व्यापार भवन, टॉल्सटॉय मार्ग, नई दिल्ली व एसटीसी हाउसिंग कॉलोनी, महरौली रोड, अधचिनी, नई दिल्ली में केवल ई–निविदा के माध्यम से हाउसकीपिंग की सेवाएं प्रोक्यूर की जानी है। ई–निविदा जमा करने/खोलने की तिथि 27.03.2024 है। इच्छुक पार्टियॉ विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.stclimited.co.in तथा GeM ID- BID NUMBER: GeM/2024/B4738525 देखे।

सीएए के बारे में लोगों के मन में कई भ्रांतियां, आखिर क्या है सीएए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2024 की अधिसूचना जारी कर दी है। यानी पूरे देश में अब सीएए लागू हो गया है। इस कानून के लागू होने से तीन पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) अब भारतीय नागरिक बन सकेंगे। इसके लिए इन लोगों को सरकारी गाइडलाइन का पालन करना होगा और नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि, कुछ जरूरी शर्तें भी रहेंगी। जैसे सीएए नियमों के तहत आवेदन करने से पहले भारत में एक साल तक लगातार रहना अनिवार्य है।

क्या है सीएए

सीएए दिसंबर 2019 में संसद में पारित हो गया था। चार साल से ज्यादा समय बाद इसके नियमों को अधिसूचित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए के लिए फॉर्म जारी कर दिया है। इसमे सभी जरूरी दस्तावेजों और नियमों की जानकारी दी गई है। उधर, पश्चिम बंगाल, केरल, मेघालय त्रिपुरा और असम में सीएए को लेकर विरोध शुरू हो गया है।

किन लोगों को मिलेगी नागरिकता?

ऐसे शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी, जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर बस गए हैं। आवेदकों को वो साल बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेज के बिना भारत में प्रवेश किया था। भारत में आने का दिन, भारत में आने के लिए वीजा या इमिग्रेशन स्टैंप समेत अन्य जानकारियां देनी होंगी।

सीएए का सिस्टम कैसे काम करेगा?

वेब पोर्टल किया गया है। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है। ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। सबसे पहले आवेदन जिला कमेटी के पास जाएगा, फिर वो एंपावर्ड कमेटी को भेजेगी। अधिकार प्राप्त कमेटी नागरिकता पर फैसला लेगी। इसके प्रमुख डायरेक्टर (सेंसस ऑपरेशंस) होंगे। 7 अन्य सदस्य भी होंगे। इसमें आईबी, फॉरेन, रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस, पोस्ट ऑफिस और राज्य सूचना अधिकारी शामिल होंगे।

सीएए में नागरिकता के लिए क्या दस्तावेज जरूरी?

भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म में शेड्यूल-1ए के तहत 9 तरह के दस्तावेज मांगे गए हैं। जबकि शेड्यूल-1बी के तहत 20 तरह के दस्तावेज और शेड्यूल-1सी के तहत शपथ पत्र यानी एफिडेविट देना होगा। सबसे पहले यह बताना होगा कि वे इन तीनों देशों के गैर मुस्लिम शरणार्थी हैं। यानी वहां के निवासी हैं। इसके लिए वहां के पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, जमीन से जुड़े दस्तावेज दिखाने होंगे। आवेदक भारत सरकार की तरफ से जारी आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जमीनी दस्तावेज, बिजली और पानी बिल, विवाह प्रमाण पत्र आदि दिखाकर भी नागरिकता के लिए आवेदन किया जा सकता है।

अगर दस्तावेज नहीं हैं तो क्या करें?

फॉर्म भरने के लिए दस्तावेज होना जरूरी नहीं किया गया है। यदि किसी के पास कोई दस्तावेज नहीं है तो वो उसका कारण बता सकता है। अगर कोई डॉक्यूमेंट्स है तो जानकारी देनी होगी। इसके अलावा अगर किसी राज्य में बसे हुए हैं या बसना चाहते हैं तो वहां के नियमों के हिसाब से मूल निवासी का प्रमाण पत्र हासिल कर सकते हैं।

फॉर्म में क्या-क्या भरना होगा?

ऑनलाइन फॉर्म में आपको अपने माता-पिता या पति का नाम, भारत में कब से रह रहे हैं। और कहां, कौन से देश से आए हैं। वहां कहां रह रहे थे। भारत में आने के बाद क्या काम कर रहे हैं। किस धर्म से संबंध रखते हैं।

शादीशुदा और गैर-शादीशुदा के लिए अलग फॉर्म है?

वेब पोर्टल पर इसके लिए अलग से फॉर्म है। यदि भारत आने के बाद किसी भारतीय से शादी की है तो उसके बारे में भी जानकारी देनी होगी। बच्चों के लिए भी अलग से फॉर्म दिया गया है।

आपराधिक रिकॉर्ड होने की स्थिति में क्या होगा?

अगर कोई आपराधिक रिकॉर्ड है तो इसकी जानकारी देनी होगी। अगर सरकार को लगेगा कि ऐसे किसी शख्स को नागरिकता देने से खतरा हो सकता है तो उसका फॉर्म कैंसिल किया जा सकता है।

क्या किसी की नागरिकता छिन सकती है?

नहीं, किसी की नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है। यानी किसी की नागरिकता पर कोई संकट नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक बयान में कहा था कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले आए गैर मुस्लिम छह समुदायों को नागरिकता देने का प्रावधान किया है।

नागरिकता का सर्टिफिकेट कैसे हासिल करें?

फॉर्म में सारी जानकारी देने के बाद सत्यता की पुष्टि करनी होगी और हस्ताक्षर करने होंगे। कोई झूठ या धोखाधड़ी की स्थिति में फॉर्म कैंसिल किया जा सकता है। सरकार के सत्यापन और संतुष्टि के बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। आवेदक अगर हार्ड कॉपी चाहेगा तो वो भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा या अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होगा। देशीयकरण द्वारा नागरिकता प्राप्त करने वाले लोगों को समिति द्वारा देशीयकरण का एक डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

सर्व ब्राह्मण समाज के आयोजित ऑनलाइन सिंगिंग प्रतियोगिता में सुजाता शुक्ला राष्ट्रीय विजेता घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन सिंगिंग कंपीटीशन मेरी आवाज सुनो का आयोजन किया गया। समाज के सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा तथा उपाध्यक्ष अमिताभ दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन में विगत 10 दिनों से आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा आज समाज के केंद्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में की गई। गायन में राष्ट्रीय विजेता सुजाता संदीप शुक्ला घोषित हुए। द्वितीय प्रसन्न पांडेय, तृतीय दीक्षा पांडेय एवं स्वाति पांडे। विशेष पुरस्कार शांतिलाल शर्मा। जूनियर प्रथम मुस्कान मिश्रा तथा द्वितीय उषा विजयी हुए। कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में राष्ट्रीय विजेता सुजाता संदीप शुक्ला का राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष जेपी शर्मा तथा प्रदेश सचिव नीरज शर्मा ने परशु गमछा, स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, प्रदेश सचिव अक्षय दीवान, संजय मिश्रा (अभनपुर), सुनील तिवारी (सिमगा), अजय तिवारी, पदाधिकारी गण पं ऋषि तिवारी, सोनू तिवारी, राजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, राहुल शर्मा, प्रसन्ना शर्मा, मनीष दुबे, सुनील तिवारी (गुड्डा), सागर शर्मा, सुभाष मिश्रा, मनीष मिश्रा, धनंजय शर्मा, डॉ सुनीता चंसोरिया, डॉ श्रद्धा द्विवेदी, रत्ना शर्मा, वैजयंती चतुर्वेदी, निर्मला शर्मा, संगीता शर्मा, तनु मिश्रा, छाया राही, विभा तिवारी, शैली शर्मा, प्रीति मिश्रा, लक्ष्मी शर्मा, दिव्या शुक्ला, आशा शर्मा, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, सुमित शर्मा, अंजू शर्मा, नीतीश शुक्ला, हेमंत तिवारी मुकेश मिश्रा, प्रभु लाल तिवारी, शिखा शर्मा, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, नीतू शर्मा, सरिता शर्मा, ममता तिवारी, कविता शर्मा सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मैक्लोइड्स ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव रख श्री रावतपुरा सरकार के 21 छात्रों का किया सिलेक्शन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

फार्मेसी और आईटीआई के छात्रों के चयन करने के लिए एमएनसी मैक्लोइड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड अपनी श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कुम्हारी पहुची जहा मैक्लोइड्स की ओर से डी फार्मा, बी. फार्मा और आईटीआई फाइनल इयर के छात्रों के साथ पास आउट स्टूडेंट्स के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी जबलपुर, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के साथ श्री शंकराचार्य कॉलेज भिलाई के कुल 160 छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के वाईस चेयरमैन डॉ. जे. के. उपाध्याय मौजूद रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मैक्लोइड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट एचआरडी साईदत्ता नंदा, रंजित उन्नीथन, राज कुमार व हेड ऑफिस से डिप्टी डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) ओम प्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। कैंपस डायरेक्टर प्रीति गुरनानी ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उदबोधन दिया।

इन छात्रों का हुआ चयन

कार्यक्रम में बी.फार्मा छात्रों का रिटेन टेस्ट हुआ फिर सभी छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें चयनित छात्रों में विवेक कुमार, शुभम कुमार, अभिलाष साहू , विशाल गुप्ता, सचिदानन्द पाण्डेय, सजल सिंह, बादल सोनकर, उमेश चंदना, अनुराग वर्मा, करन चौबे, र`श, पुष्कर, संजीव, योगेन्द्र पाण्डेय, भूपिन साहू, आयुष यादव, जितेन्द्र कुमार, देबाशीष, खोमचंद साहू, धनंजय निषाद और भूपेंद्र सिन्हा का चयन हुआ। इन 21 छात्रों ने परीक्षाओ को पार करते हुए मैक्लोइड्स फार्मास्युटिकल्स में अपनी जगह पक्की कर ली। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय ने कैंपस डायरेक्टर प्रीति गुरनानी और डिप्टी डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) ओम प्रकाश त्रिपाठी के साथ छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए चयनित छात्रों को बधाई दी।

विश्व किडनी दिवस पर रामकृष्ण केयर अस्पताल ने लोगों को जागरूक किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

किडनी मनुष्य के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। प्रति वर्ष अनेकों लोग किडनी रोग के चलते अपनी जान गवां देते हैं, किडनी फेलियर के चलते किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इस महत्वपूर्ण अंग के संदर्भ में हर वर्ष मार्च माह के दूसरे गुरूवार को विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है, और कोशिश की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को किडनी रोग के संदर्भ में जागरूक किया जा सके। रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने प्रेस वार्ता में बताया कि किडनी रोग के कुछ लक्षण होते हैं, जैसे शरीर में अधिक मात्रा में क्रेटनिन और यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। बार- बार पेशाब करने की इच्छा होती है और बाथरूम के चक्कर लगाने पढ़ते हैं साथ ही यूरिन में रक्त नजर आता है, ऑखों के आस-पास सूजन होना भी किडनी रोग का लक्षण हो सकता है। कुछ खाने की इच्छा नहीं होती, भूख लगभग मर जाती है, साथ ही मसल्स में दर्द भी होता है। डॉक्टरों ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल में कैडेवर किडनी प्रत्यारोपण हुआ, यहां इक्यूब डायलिसिस सेंटर है जिसमें हर महीने 2500 से 3000 किडनी डायलिसिस किया जाता है। किडनी रोग से संबंधित नेफ्रो क्रिटिकल केयर आई.सी.यू. भी रामकृष्ण केयर में उपलब्ध है। पथरी का संपूर्ण ईलाज की सुविधा के साथ यूरो रोबोटिक सर्जरी व ऑन्कों रिनल साइंस भी उपलब्ध है। अब तक 250 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण रामकृष्ण केयर अस्पताल में किया जा चुका है। रामकृष्ण केयर अस्पताल के मेंडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे 35 वर्षो से भी अधिक अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में प्रतिष्ठित है और उनके साथ अनेकों अनुभवी व कुशल डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है। रामकृष्ण केयर में किडनी/यूरो विभाग के प्रमुख डॉक्टर्स डॉ. अजय पाराशर, डॉ. संजीव अनंत काले, डॉ. प्रवाश कुमार चैधरी, डॉ. हर्ष जैन एवं डॉ. मलय रंजन सारंगी ने कहा कि वे सभी लोगों की सफल किडनी ट्रान्सप्लॉट करते रहेंगे व् कई परिवारों को खुशियॉ बांटते रहेंगे।

आईआईएफएल फाइनेंस में मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को सेवाएं मिलती रहेंगी, लॉकर्स में उनका सोना है सुरक्षित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईआईएफएल फाइनेंस ने घोषणा की कि मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को इसकी सेवाएं बिना किसी व्यवधान के मिलती रहेंगी, और आईआईएफएल फाइनेंस के लॉकर्स में ग्राहकों का सोना सुरक्षित है। आरबीआई की 4 मार्च की सुपरवाइजरी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कंपनी अगली सूचना जारी होने तक तक नए गोल्ड लोन का वितरण नहीं करेगी। लेकिन आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी करके आईआईएफएल फाइनेंस को मौजूदा लोन और ग्राहकों को बिना किसी व्यवधान के सेवाएं देते रहने की अनुमति दे दी है। आईआईएफएल फाइनेंस ने बताया कि उसकी गोल्ड लोन शाखाएं हमेशा की तरह खुली रहेंगी और प्राथमिकता के आधार पर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहाँ स्टाफउपलब्ध रहेगा। आईआईएफएल फाइनेंस ने कहा, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपका लोन हमारे पास पूरी तरह से सुरक्षित है और इस मामले में आप कोई चिंता न करें। उन्होंने कहा, ये परिचालन के मामले हैं, और हम आरबीआई के सभी दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। हम आपके विश्वास एवं सहयोग की सराहना करते हैं। आईआईएफएल फाइनेंस में नैतिकता और प्रशासन संबंधी कोई समस्या नहीं है। आईआईएफएल फाइनेंस अपने गोल्ड लोन ग्राहकों से अनुरोध करता है कि वो किसी भी स्रोत से मिलने वाली किसी भी अफवाह या भ्रामक जानकारी से दूर रहें। आईआईएफएल फाइनेंस का गोल्ड लोन व्यवसाय भारत में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी 2,721 शाखाओं द्वारा काम करता है।

इंडकल टेक्नोलॉजीज ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला की घोषणा की, होम कूलिंग में नए मानक स्थापित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में एसर होम अप्लायंसेज के आधिकारिक लाईसेंसी, इंडकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश की है। होम कूलिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निर्मित ये एयर कंडीशन 1 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग, 1.5 टन - 3 और 5 स्टार रेटिंग और 2 टन - 3 स्टार रेटिंग में उपलब्ध होंगे। इन एयरकंडीशनर्स में आर्कटिकरैप कूलिंग, एआईसेंस, और कूलस्फेयर एयरफ्लो मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी हैं। ये नए एयरकंडीशनर ग्राहक-अनुभव को प्राथमिकता देते हुए शुरू में देश में सभी ऑफलाईन रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होंगे। एसर एयरकंडीशनर्स में भारत में पहली बार 7-इन-1 कन्वर्टिबल टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग की अग्रणी विशेषता दी गई है। इस टेक्नोलॉजी द्वारा यूज़र्स कूलिंग को अपनी जरूरत के अनुसार अनुकूलित कर सकते हैं। इसके अलावा, इन एसी में आर्कटिक रैप कूलिंग है, जो 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी में भी शक्तिशाली और भरोसेमंद कूलिंग प्रदान करती है। एसर एसी की इंटैलिजेंट एआईसेंस टेक्नोलॉजी की मदद से ये मशीनें एडैप्टिव कूलिंग इंटैलिजेंस के साथ आती हैं, जिसकी मदद से ये यूज़र की पसंद के अनुरूप अनुकूलित हो जाते हैं। और बाहरी तापमान के आधार पर कूलिंग की सैटिंग को भी ऑप्टिमाईज़ कर देते हैं, ताकि बिजली की खपत कम हो, और बिजली का बिल कम आए। ये एसी बहुत कम नॉईज़ के साथ काम करते हैं। एसर एसी में दिए गए कूलस्फेयर एयरफ्लो द्वारा 3डी कूलिंग डाईव की मदद से कमरे में सबसे अच्छा कूलिंग का वातावरण मिलता है, जो पूरा कम्फर्ट प्रदान करता है। ये एसी इनोवेशन और खूबसूरत डिज़ाईन का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हैं, जो स्लीक होने के साथ मिनिमलिस्ट भी है। साथ ही, इसके वन डिज़ाईन में एक उपयोगी एलईडी डिस्प्ले भी दिया गया है, जो भारतीय बाजार में इस तरह के फीचर का पहला उदाहरण है।

रक्तदान शिविर का विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किया उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने दीप जलाकर फीता काट कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन एवं ब्लड कलेक्शन मशीन व इलेक्ट्रो फारेंसिक मशीन का शुभारंभ किये। इस अवसर आम नागरिकों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने युवा समुदाय को इस पुनीत कार्य के लिये आगे आने की सलाह दी। विधायक ने कहा कि रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है। हमारे तथा आपके एक बूंद खून से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर समाज में आज भी कई तरह की भ्रांतिया हैं, जिसको खत्म करने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इस अवसर पर भाजपा पिथौरा मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, विधायक प्रतिनिधि द्वय अनूप अग्रवाल, रविन्दर आजमानी, नपं बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, जपं पिथौरा सभापति सोहन पटेल, बीएमओ बीबी कोसरिया, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल आफिसर वीरेंद्र प्रजापति, वीईटीओ विपिन प्रधान, सुपरवाइजर आरके अवस्थी, लैब टेक्नीशियन भुवन जांगड़े, मुन्ना लाल चक्रधारी, शिवकिशोर साहू, सुमित अग्रवाल, दुर्गेश सिन्हा, जीवन ताण्डी, संजय गोयल, कैलाश अग्रवाल, दिलीप निषाद, रायदास गोयल, अजय डड़सेना सहित कई प्रमुख लोग भी शामिल हुए।

एयरटेल ने रायपुर में सभी कर्मचारियों को ग्राहकों के साथ ग्राहक दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल एयरटेल ने देश में अपने सभी कार्यालय स्थानों पर ग्राहक दिवस मनाया। ऐसे सभी एयरटेल कर्मचारी, जो सीधे ग्राहकों से संपर्क बनाए रहते हुए काम करने की जिम्मेदारियों में नहीं थे, वे अपनी रोजमर्रा की भूमिकाओं से बाहर निकलकर ग्राहकों के सीधे बातचीत करने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों में शामिल हुए। देश के सभी एयरटेल कार्यालय स्थानों के कर्मचारियों ने बाजारों में होम डिलीवरी इंजीनियरों, फाइबर एक्सक्यूटिव्स और रिटेल कर्मचारियों के साथ काम किया। इन कर्मचारियों में शीर्ष सीनियर लीडरशिप टीम से लेकर सभी कार्यालयों के जूनियर मैनेजर तक सभी शामिल रहे। ग्राहक दिवस, एयरटेल की कई पहलों का एक हिस्सा है, जो ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देने के एयरटेल के सिद्धांत पर केंद्रित हैं। अपने सभी कर्मचारियों को ग्राहकों से प्रत्यक्ष मिलने-जुलने का अवसर देकर, एयरटेल का लक्ष्य ग्राहकों के दृष्टिकोण और ग्राहकों की जरूरतों खासकर उनकी चिंताओं और सुझावों को समझकर उनका कंपनी के साथ जुड़ाव बढ़ाना है। कंपनी को विश्वास है कि ग्राहक दिवस हमारी कंपनी में विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को देखने-समझने का नया नजरिया देगा और पूरे संगठन में ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए काम करने की लगन जगाने के लिए नई मानसिकता और संस्कृति को उजागर करेगा। इस बारे में और जानकारी पाते रहने के लिए, सोशल मीडिया चैनलों पर #LetsPaintItRed को फॉलो करें।

प्रदेश शिक्षक संघ ने लंबे समय से समग्र शिक्षा में जमे शिक्षकों को कार्यालय से हटाने की मांग की

धमतरी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ ने समग्र शिक्षा कार्यालय में लंबे समय से जमे शिक्षकों उनके कार्यालय से मुक्त कर पुनः विद्यालय भेजने की मांग जिला कलेक्टर नम्रता गांधी से की है। संघ के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर एवं ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सोनकर ने कहा की समग्र शिक्षा जिला कार्यालय धमतरी के कुछ शिक्षक ऐसे है जो 20 से अधिक वर्षों से राजीव गांधी शिक्षा मिशन एवं समग्र शिक्षा के संकुल समन्वयक, बीआरपी, एपीसी आदि विभिन्न पद पर ही कार्य करते है इन्हे शिक्षक होते हुए भी स्कूल जाकर पढ़ाई करने के बजाय अधिकारीगिरी करना अच्छा लगता है साथ विकासखंड स्त्रोत कार्यालय धमतरी में कार्यरत एक अधिकारी भी विगत 20 वर्षों से बीआरसी अंतर्गत संकुल समन्वयक, बीआरपी तथा बीआरसी के पद पर जमे हुए हैं ।

न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/Q/वा/तह./2024 खरोरा, दिनांक-04/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक भीखम सूर्यवंशी पिता स्व. छन्नू, जाति सूर्यवंशी, निवासी ग्राम घिवरा तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है कि ग्राम घिवरा प.ह.नं. 46 तहसील व रा.नि.म. खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 425/1 का रकबा 0.1820 हे. भूमि के राजस्व अभिलेख पर भीखम, अश्वनी दोनों पिता स्व. छन्नू एवं रम्हला पति स्व. छन्नू के नाम पर शामिलात खाता में दर्ज है। उपरोक्त बाद भूमि का पूर्व में जारी मूल ऋण पुस्तिका की प्रति लगभग 06 माह पूर्व निवास ग्राम घिवरा घर में कहीं गुम हो गया है। मूल प्रति गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने की मांग किया गया है। आवेदन के साथ नोड्स प्रमाण पत्र, थाना का सुचना, शपथ पत्र संलग्न है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 18/03/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा

शपथ पत्र

मैं कु. सेलिन एक्का पिता श्री दाऊद एक्का, उम्र 62 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-मकान नंबर 0302, वार्ड नंबर 07 होलीक्रास कॉनवेंट घोलेंग, तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूँ शपथपूर्व निम्नलिखित कथन करती हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त दर्शित पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों सह अंकसूची तथा आधार कार्ड में मेरा नाम कु. सेलिन एक्का पिता श्री दाऊद एक्का दर्ज है।
3. यह कि भारत गणराज्य द्वारा जारी पासपोर्ट में मेरा नाम सेलिन एक्का पिता दाऊद एक्का अंकित है।
4. यह कि कु. सेलिन एक्का पिता श्री दाऊद एक्का एवं सेलिन एक्का पिता दाऊद एक्का दोनों नाम मेरा ही नाम है।
5. यह कि मैं अपने शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के अनुसार अपने पासपोर्ट में भी अपना नाम कु. सेलिन एक्का पिता श्री दाऊद एक्का अंकित कराना चाहती हूँ उसी के सम्बंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं कु. सेलिन एक्का पिता श्री दाऊद एक्का, उम्र 62 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी ग्राम-मकान नंबर 0302, वार्ड नंबर 07 होलीक्रास कॉनवेंट घोलेंग, तहसील-जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूँ जो सत्यनिष्ठा से घोषणा करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक के लिखित कथन स्वतः मेरे ज्ञान में सत्य व सही है अतः आज दिनांक 13.03.2024 को स्थान जशपुर में सत्यापित कर हस्ताक्षरित की।

जशपुर नगर
दिनांक - 13.03.2045

सत्यापनकर्ता

कार्यालय, नगर पंचायत छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

क्रमांक/2084/न.पं./2023-24 छुईखदान, दिनांक-07/03/2024

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कोचर पिता अशोक कोचर निवासी वार्ड क्रमांक 10 छुईखदान का दुकान नामांतरण आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन अनुसार आवेदक द्वारा उनकी माता श्रीमति मीना कोचर पति अशोक कोचर के नाम से वार्ड क्रमांक 10 में स्थित केशरिया दुकान के सामने शापिंग काम्पलेक्स दुकान क्रमांक 06 जिसे मीना कोचर पति अशोक कोचर की मृत्यु पश्चात् मनीष कोचर पिता अशोक कोचर के नाम से नामांतरण करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत दिनांक 26/03/2024 को या पूर्व इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तिथि समाप्त पश्चात् दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुईखदान

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A

नियम 8 (6) के परन्तुक को देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियाँ की ई–नीलामी विक्रय सूचना

आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी, बंधककर्ता व गारंटर को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशिएवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

खाता संख्या एवं ऋणी, सहऋणी / बंधककर्ता / गारंटर का नाम	13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं भोतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में)	ई–नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोली और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान निरीक्षण तिथि
खाता संख्या 1921233323617185 1. मैसर्स छत्तीसगढ फ्यूल्स जरिये प्रोपराइटर श्री वी. वेणु (ऋणी/ बंधककर्ता), 2. श्री वी. वेणु पुत्र श्री वांका वेंकट राव (सहऋणी/ गारंटर) 3. श्रीमती वांका मल्लिका पत्नी श्री वी. वेणु (सहऋणी/ गारंटर) 4. मैसर्स श्री साई बालाजी ट्रेवल्स जरिये प्रोपराइटर श्री वी. वेणु (सहऋणी)	13 (2) नोटिस की दिनांक 25.01.2022 ऋण खाता संख्या 1921233323617185 30,73,353/- (तीस लाख तिहत्तर हजार तीन सौ तिरेपन मात्र) दिनांक 25-01-2022 तक भौतिक कब्जा 02 फरवरी 2024 ऋण खाता संख्या 1921233323617185 45,51,238/- (पैंतालीस ला

कैसा सुशासन : मृत शिक्षकों का वेतन आहरण करने वाले दोषी प्राचार्य सुशासन की सरकार में डीईओ नियुक्त

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के डीईओ बनाए गए हैं प्राचार्य लालजी द्विवेदी, इनके खिलाफ कांग्रेस शासन में आर्थिक अनियमितता पर हुई थी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा की जीरो टॉलरेंस सरकार में शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के दोषियों और आरोपियों को उपकृत किया जा रहा है। इस आदेश में मृत शिक्षकों का वेतन आहरण किए जाने के दोषी प्राचार्य को भी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का डीईओ बना दिया गया है। यही नहीं मापदंडों के विपरित नियुक्ति को लेकर भी बखेड़ा खड़ा हो रहा है। बुधवार की देर रात जिला शिक्षा अधिकारियों की नई नियुक्ति के आदेश ने भी शिक्षा विभाग में चल रही गड़बड़ियों और उद्योग को सतह पर ला दिया है। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के विभाग में अंधेरगर्दी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से भी ज्यादा गहरा चुकी है। 13 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश में विभाग द्वारा कनिष्ठ प्राचार्यों को डीईओ नियुक्त कर दिया गया है। इसे लेकर पूरे प्रदेश में बखेड़ा खड़ा हो गया है। इन नियुक्तियों को सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के प्रतिकूल भी बताया जा रहा है। इन नियुक्तियों को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी है। जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति की इस सूची में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के डीईओ बनाए गए प्राचार्य लालजी द्विवेदी को लेकर भी सरकार कठघरे में खड़ी हो सकती है। यह काफी विवादास्पद पोस्टिंग मानी जा रही है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़ के प्राचार्य जिन लालजी द्विवेदी को प्राचार्य नियुक्त किया गया है वे राजनांदगांव जिले के छुरिया ब्लॉक में बीईओ रहते दो मृत शिक्षकों का तीन माह से वेतन निकालने के मामले में दोषी पाए गए थे। यही नहीं इसी दौरान उन्होंने एक शिक्षक को गलत तरीके से महंगाई भत्ता का एरियर्स भुगतान भी किया था। डीईओ नियुक्त किए गए लालजी द्विवेदी गंभीर आर्थिक अपराधों के दोषी रहे हैं। नवंबर 2022 में उनके खिलाफ यह मामले सामने आए थे। तत्कालीन राजनांदगांव डीईओ एचआर सोम ने उन्हें निलंबित करते हुए शिकायतों की जांच करवाई थी। जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई भी हुई थी। इस खबर पर प्रतिक्रिया के लिए स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भी बातचीत का प्रयास किया गया लेकिन वे कार्यक्रम में व्यस्त होने के चलते उपलब्ध नहीं हो सके।


छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय,
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर-492002
//आदेश//
नवा रायपुर, दिनांक 5/11/2022
क्रमांक एफ 1-13/2020/20-2: श्री लालजी, द्विवेदी, तत्कालीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, कुरिया, जिला राजनांदगांव के विरुद्ध 02 विभिन्न लोक सेवकों का वेतन आहरण एवं एक शिक्षक का भत्ता भुगतान की कुटिलपूर्ण स्थिति का आहरण करने के आरोप में विभागीय आदेश दिनांक 10.08.2020 द्वारा निलंबित किया गया तथा संस्थापना आदेश दिनांक 06.10.2020 द्वारा निलंबन से बहाल किए गए है साथ ही विभागीय ज्ञाप दिनांक 07.01.2021 द्वारा श्री द्विवेदी के विरुद्ध निम्नानुसार आरोप पत्र जारी किए गए:-
आरोप क्रमांक-01:
यह कि आपके द्वारा मृतक शासकीय सेवक जीवन लाल कोर्राम, शिक्षक(एलबी) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अटारा की मृत्यु पश्चात 03 माह 07 दिन का अनियमित रूप से वेतन आहरण कर अनियमितता की गई।
आरोप क्रमांक-02:
यह कि आपके द्वारा मृतक शासकीय सेवक श्री चन्द्र कुमार सिन्हा, सहायक शिक्षक (एलबी) शासकीय प्राथमिक शाला घुसपाल की मृत्यु पश्चात 03 माह 16 दिन का अनियमित रूप से वेतन आहरण कर अनियमितता की गई।
आरोप क्रमांक-03:
यह कि आपके द्वारा मृतक शासकीय सेवक श्री तुकाराम चंद्रवंशी शिक्षक(एलबी) शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सालहेटोला का खाद्यान्न भत्ता का परिवर्तन राशि 3,51,519/- का अनियमित रूप से आहरित कर अनियमितता की गई।
2/ श्री द्विवेदी के विरुद्ध उक्त जारी आरोपों के संदर्भ में उनके द्वारा आरोप पत्र का लिखित प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया, जिसका परिशीलन किया गया, परंतु उनके द्वारा प्रस्तुत लिखित प्रतिवाद को समाधानकारक नहीं पाया गया। फलस्वरूप पूर्ण विचारोपरांत श्री द्विवेदी की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति अधिरोपित किए जाने का प्रस्तावित निर्णय लिया गया।
3/ प्रकरण में लिये गए निर्णय पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर ने पत्र क्रमांक 1463/100/2022/सी.एस., दिनांक 14.10.2022 द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई।
4/ आगामी, राज्य शासन, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-10(चार) के तहत श्री लालजी द्विवेदी, तत्कालीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, कुरिया, जिला राजनांदगांव की आगामी एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति अधिरोपित करता है तथा उनके निलंबन अवधि को अनिवार्य अवधि मान्य किया जाता है।
छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आज्ञानुसार,
(पुलक भट्टाचार्य)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग
निदेशक...2

तत्कालीन सरकार द्वारा लालजी द्विवेदी के खिलाफ मंत्रालय ने आरोप पत्र जारी किया था।

द्विवेदी ने आर्थिक अनियमितता की वेतन वृद्धि रुकी.. अब डीईओ बने

भ्रष्टाचार के आरोपों पर जांच में मृत शिक्षक एलबी जीवन लाल कोर्राम पूर्व माध्यमिक शाला अटारा का 3 माह 7 दिन का व सहायक शिक्षक एलबी चन्द्रकुमार सिन्हा शासकीय प्राथमिक शाला घुसपाल की मृत्यु के बाद भी 3 माह 16 दिन का वेतन आहरण करने के मामले में तत्कालीन बीईओ लालजी द्विवेदी को दोषी पाया गया था। इसी तरह शिक्षक एलबी तुकाराम चंद्रवंशी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साल्हेटोला का अनियमित रूप से 3 लाख 51 हजार रुपए का एरियर्स निकालने के मामले में भी वे जिम्मेदार पाए गए थे। जांच प्रतिवेदन के आधार पर मंत्रालय ने 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 10 (चार) के तहत लालजी द्विवेदी के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते हुए कार्रवाई की थी। उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश किए गए थे। यह कार्रवाई कांग्रेस शासन में हुई थी। लेकिन सरकार बदलते ही भ्रष्टाचार के दोषी प्राचार्य को भाजपा सरकार ने उपकृत किया है और उन्हें डीईओ की जिम्मेदारी दे दी है।

नांदगांव के अभय नए डीईओ कुछ मामलों पर एक्शन जरुरी

इधर, राजनांदगांव जिला शिक्षा विभाग में भी दुर्ग से अभय जायसवाल को जिला शिक्षा अधिकारी बनाकर भेजा गया है। अब तक सहायक संचालक आदित्य खरे यह प्रभार संभाल रहे थे। राजनांदगांव जिला शिक्षा विभाग में भी बगैर पद की प्रतिनियुक्ति, ट्राईबल के विषय व्याख्याताओं के जमे होने के मामले ताजा हैं। डीएमसी सतीश ब्यौहारे की वनांचल जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के पानाबरस में मूल पदस्थापना के बावजूद यहां जमे हुए हैं। जबकि उनकी प्रतिनियुक्ति उस जिले में लौटाई जानी चाहिए थी। इसी तरह एपीसी आदर्श वासनिक और पारस झाड़े भी ट्राईबल से आकर शिक्षा विभाग में अफसरी काट रहे हैं। यहां जमी अफसरी कर रहीं रश्मि सिंह भी बगैर पद की प्रतिनियुक्ति पर अफसरी कर रहीं हैं। साक्षरता मिशन के बंद होने के बाद भी उन्हें उनकी मूलपदस्थापना पर नहीं लौटाया गया है। खबर ये भी है कि उनकी प्रतिनियुक्ति की मियाद भी खत्म हो चुकी है। वे वर्षों से स्कूल नहीं गए हैं और एक दशक से अधिक समय से यहां तैनात हैं। इन मामलों में भी जांच की जरुरत है।

कैसा सुशासन : सरकार में भ्रष्टाचारी उपकृत

प्राचार्य लालजी द्विवेदी के मामले में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। मृत शिक्षकों के वेतन आहरण और गलत तरीके से लाखों के एरियर्स भुगतान को गंभीर विषय माना गया। उन्हें बीईओ पद से हटा भी दिया। लेकिन सत्ता बदलते ही भाजपा ने गंभीर मामलों में दोषी को उपकृत कर एक गलत संदेश दिया है। यह नियुक्ति चुनाव के दौर में भाजपा के जीरो टॉलरेंस के सरकार के दावों पर भी बड़ी चोट कर सकता है। भ्रष्टाचारियों को सिस्टम में पावर सेंटर और सरकार में भागीदार बनाए जाने के ऐसे मामले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के लिए भारी साबित हो सकते हैं।

अब तक नहीं हुआ बहुत सी महतारियों का वंदन, अब बैंकों के काट रहीं चक्कर

कहाँ हुई चूक, प्रशासन को पता नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महतारी वंदन योजना की पहली किश्त रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी कर दी थी। राशि अधिकांश हितग्राहियों के खाते में जमा भी हो गई। राशि जमा होने का मैसेज भी हितग्राहियों के पास आ गया। लेकिन हजारों की संख्या में पात्र हितग्राहियों के खाते में पैसा नहीं आया है। बैंकिंग सूत्रों के अनुसार ऐसे हितग्राहियों का बैंक खाता, आधार से लिंक नहीं हुआ है। जिनका पैसा जमा नहीं हुआ है, वे बैंकों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर जानकारी के लिए पहुंच रही हैं। संबंधित विभाग संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है जिससे अब महिलाओं को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। जिन महिलाओं के खाते में रकम नहीं पहुंची है वो लगातार बैंक और स्थानीय पार्षदों के चक्कर काट रही हैं लेकिन माकूल जवाब उन्हें कुछ मिल नहीं पा रहा है। शुरूआती दौर में महतारी वंदन योजना का फ़ार्म भरने के लिए महिलायें पहले ही कई चक्कर काट चुकी हैं और अब भुगतान के लिए भी उन्हें जगह जगह भटकना पड़ रहा है। चूँकि इस मामले में पार्षदों को भी कोई जानकारी नहीं है इसलिए अब महिलायें प्रशासन के जवाब का इन्तजार कर रही हैं।

मैसेज आया लेकिन रकम नहीं आई

जिले की ढाई लाख पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत कुल 26 करोड़ रूपये वितरित हुए हैं। रविवार को पीएम मोदी ने वर्चुअली एक-एक हजार हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित किए। राशि जमा होने का मैसेज भी कई हितग्राहियों के पास आ गया था। लेकिन कई ऐसे हितग्राही जिनका नाम सूची में था, उन्हें राशि नहीं मिली है। इन महिलाओं में निराशा है। बैंकिंग सूत्रों के अनुसार जिन महिलाओं ने बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं कराया है, उन्हें रूपये नहीं मिले हैं।

नहीं मिला रहा संतुष्टि पूर्ण जवाब

यह भी बताया जाता है कि एनपीसीआई पोर्टल ने जिन हितग्राहियों का आधार मैच नहीं किया, उन्हें भी राशि जारी नहीं हुई है। बैंकों में महिलाओं ने पहुंचकर जानकारी मांगी। इनके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों में भी जाकर महिलाओं ने कार्यकर्ता और सहायिका से जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र 37 और 38 में भी कुछ महिलाएं पता करने के लिए पहुंची थी लेकिन कार्यकर्ता और सहायिका के द्वारा उन्हें कोई जवाब नहीं मिला बल्कि उनसे अभद्रता भी किया गया ।

रिटर्निंग अफसर ने ली स्वीप कमेटी की मीटिंग

दिव्यांग मतदाताओं हेतु सुगम मतदान की सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एमके मरकाम द्वारा लोकसभा निर्वाचन हेतु विधानसभा क्षेत्र स्तर पर गठित स्वीप कमेटी की मीटिंग ली गई। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के सुगम एवं समावेशी मतदान हेतु समिति गठित की। स्वीप कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग स्वयं सहायता समूह, शिक्षा विभाग को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। जनपद सभा कक्ष में आहुत मीटिंग में सहायक रिटर्निंग अफसर ने दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हांकन कर मतदान केंद्र तक आने के लिए प्रेरित करने हेतु सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया। एमके मरकाम एसडीएम, पीएल नाग तहसीलदार, सिद्दीकी नायब तहसीलदार, बीईओ आरएल पात्रे, सीडीपीओ डॉ वीरेंद्र साहू ,जनपद सीईओ नवीन मसियारे, सीएमओ डीएस पाल, रश्मि ठाकुर एबीईओ सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

हाईवे से शराब दुकान हटाने की तैयारी, चिखली में खुलेगी

चिखली में अंग्रेजी दुकान के लिए जगह तलाश रहा आबकारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वार्ड नं. 22 रेवाडीह स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को आबकारी विभाग वार्ड नं. 06 चिखली स्थानांतरित करने की तैयारी में है। इसके लिए स्थल चयन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। आबकारी ने निविदा निकालकर इस वार्ड में आपत्ति रहित स्थल में शराब दुकान के स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से नेशनल हाईवे किनारे रेवाडीह में सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान का संचालन हो रहा है। कुछ समय तक यहां बगल में ही निजी जमीन पर अहाता भी चलाया जाता रहा। रेवाडीह के नागरिक इस शराब दुकान का विरोध करते रहे हैं। न कि यह दुकान नेशनल हाईवे से लगी हुई है बल्कि रेवाडीह की बसाहट के लिए भी यही अकेला रास्ता है। ऐसे में परेशानियां बढ़ गई हैं। यही नहीं यह दुकान जिस चौक में मौजूद है वहां शराबियों के चलते कई बार दुर्घटना की स्थिति भी बनती है। यह व्यस्ततम तिराहा है जो कि नेशनल हाईवे पर ही मौजूद है। तिराहे पर मौजूद इस शराब दुकान के अलावा यहां से डेढ़-दो किमी दूर बायपास पर भी प्रीमियम शॉप, अंग्रेजी और देशी शराब दुकान पहले से ही मौजूद है।

मटियामोती जलाशय को पट्टे पर दिए जाने आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव। मछली पालन विभाग के अधीनस्थ छुरिया विकासखंड स्थित मटियामोती सिंचाई जलाशय को मछली पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर दिए जाने हेतु 25 मार्च 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर लेने हेतु इच्छुक एवं पात्र समूह कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन राजनांदगांव में निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अंतर्राज्यीय स्तरीय बस स्टैण्ड, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पीजी कॉलेज अपग्रेड करने की सौगात दे गए सीएम

- विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ एवं जिला की ओर आगे बढ़ना होगाः मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मोहला
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के दशहरा मैदान मोहला में आयोजित विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मोहला में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने इसके अलावा जिले में अंतर्राज्यीय स्तरीय बस स्टैण्ड, तालाब सौंदर्यीकरण, गोटाटोला में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, पीजी कॉलेज अपग्रेड करने तथा छुरिया मंदिर से शीतला मंदिर तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के तीन माह की अवधि पूर्ण हो गई है और 90 दिन में छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत बड़े कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि बैंक खाते में आएंगी। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए संग्रहण दर 4000 रूपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा करने का निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने कहा कि चरण पादुका योजना के तहत वनवासियों को चरण पादुका दी जाएगी, ताकि पैरों में कांटे न गड़े। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति एवं बीमा की व्यवस्था की जाएगी। सरकार जरूरतमंदों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला संवेदनशील जिला है। यहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैम्प खोले जा रहे है और तीन माह में 21 कैम्प प्रारंभ किए है, जो सुविधा केन्द्र भी हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों में आपका अच्छा गांव योजना के अंतर्गत पेयजल, सड़क, शिक्षा, राशन, आधार कार्ड जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रारंभ होगी। प्रधानमंत्री ने 7 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि रेलवे सेक्टर में दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वनोपज एवं खनिज संपदा से भरपूर एवं समृद्ध है। लघु वनोपज का मूल्य संवर्धन करने की जरूरत है। यहां कोयला, लोहा, सोना, टीन, बाक्साईड जैसे खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 हजार रूपए देने की शुरूआत कर दी गई है। साथ ही किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत धान के आदान सहायता राशि का वितरण किया जा चुका है। जल जीवन मिशन अंतर्गत 498 ग्राम पंचायत चयनित किए गए हैं। जिनमें 800 करोड़ रूपए की लागत से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्य किए जा रहा है। जिले में 10 एकड़ में एकलव्य विद्यालय का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डबल इंजन की सरकार के होने से अनेक विकास कार्य जिले में हो रहे हैं। जिले के संवारने का कार्य किया जा रहा है।

भूपेश को जीताकर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता जननायक चुनेगी : राहुल तिवारी

भाजपा जवाब दे, सरोज पांडे को दुर्ग से कोरबा क्यूं भेजा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित होने के बाद से कांग्रेसियों का उत्साह दोगुना बढ़ा है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करते हुए बघेल ने जो लोकप्रियता हासिल की उससे कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में अभी से बढ़त में नजर आती है। यही कारण भी है कि भाजपा के नेता इससे घबराकर बेतुके दावे और सवाल कर रहे हैं। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस से भूपेश बघेल की दावेदारी पर भाजपा के नेताओं के बयान पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ही भाजपा ने दुर्ग की नेता सरोज पांडे को चुनाव लड़ने कोरबा भेज दिया। उन्हें बताना चाहिए कि ऐसा क्यूं हुआ। वे दुर्ग की महापौर, विधायक, सांसद और राज्यसभा सांसद रहीं फिर भी क्यों वे दुर्ग से चुनाव नहीं लड़ रहीं हैं। राहुल ने कहा कि आरोप लगाने वाले भाजपाईयों को पहले अपनी स्थिति टटोल लेनी चाहिए। वे खुद ढेरों सवालों से घिरे हुए हैं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने भूपेश बघेल को राजनांदगांव से प्रत्याशी बनाकर ही भाजपा को पीछे धकेल दिया है। वे छत्तीसगढ़ियावाद का प्रमुख चेहरा हैं। गांव-गांव में उन्हें कका के नाम से संबोधित किया जाता है। उन्होंने कहा कि - वे भारत के पहले मुख्यमंत्री रहे जिन्होंने राम के पदचिन्हों को पुनः जीवंत किया और उसका गौरव लौटाया। राम वन गमन पथ भारत का ऐतिहासिक स्थल बनाकर धार्मिक नक्शे पर उभरा। यह सब कुछ उन्होंने सिर्फपांच सालों में किए। जिस बीच दुनिया दो साल कोविड से घिरी रही सब ठप्प रहा तब भी छत्तीसगढ़ में विकास का क्रम जारी रहा। राहुल ने कहा कि भाजपा के दावे और सवाल बेबुनियाद और खोखले हैं। वे नतीजों को लेकर अभी से घबराए हुए हैं। तय है कि इस बार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता भूपेश के रुप में अपना जननायक चुनेगी जो संसद जाकर लोक कल्याण का दायित्व निभाएगा।

केवल 14 करोड़ का भुगतान शेष, दे रहे केवल बिजली काटने का दिया अल्टीमेटम

सरकारी विभागों पर बिजली विभाग मेहरबान

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

नवीन केसीजी जिले में शासकीय विभागों का बिजली बिल समय पर जमा नहीं हो रहा है। 36 कार्यालयों में गिनती के विभागों का ही बिजली बिल जमा हुआ है। सबसे ज्यादा बकाया ग्राम पंचायतों के नल जल कनेक्शन का है। इसके बाद ग्राम पंचायतों में जलने वाली बत्ती का भी बिल बकाया है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनपद पंचायत में बिल बकाया है। बिल जमा करने के लिए बिजली विभाग द्वारा नोटिस थमाया गया है, मगर अब तक बिल जमा नहीं हो सका है। ऐसे में अब बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काटने का अल्टीमेटम दिया गया है। बिजली बिल समय पर जमा नहीं करने पर बिजली विभाग द्वारा अभियान चलाकर कनेक्शन काट दिया जाता है। बकाया राशि में हर माह अधिभार भी जोड़ा जाता है। इसके बाद विभाग द्वारा भारी भरकम जुर्माना भी लगाया जाता है। इधर जिले में शासकीय ऑफिसों का बिल कई माह से लंबित है। ऐसे में बिल लाखों में पहुंच गया है। पूरे विभाग में करीब 13 करोड़ 90 लाख 56 हजार 928 रूपए हो गया है। इस बिल का हर माह अधिभार 1.5 प्रतिशत के रूप में लाखों तक पहुंच रहा है। इसमें नगर पालिका, पंचायत से लेकर पुलिस विभाग, जेल विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत करीब 36 विभाग शामिल है जिसमें से गिनती के विभागों ने ही बिजली बिल जमा किया है। हर माह 1.5 प्रतिशत अधिक का अधिभार तय समय में बिजली बिल नहीं पटाए जाने पर विभाग द्वारा लगाया जाता है। ऐसे में जिले के शासकीय विभाग समय पर बिजली बिल जमा नहीं कर रहे है। बकाया बिल करीब 13 करोड़ 90 लाख है, इसका हर माह अधिभार 1.5 प्रतिशत अधिक बढ़ रहा है। बिल का भुगतान समय पर नहीं हो रहा है जिसके कारण बेवजह अधिभार के नाम पर राशि देना होगा। बिजली विभाग द्वारा विभागों को बकाया भुगतान के लिए पत्र जारी किया गया है। विभागों द्वारा शासन से राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान किया जाता है। ऐसे में बिजली बिल की राशि करोड़ों में पहुंच गयी है। जनवरी माह में पत्राचार किया गया था। अब नहीं पटाने बालों को फिर रिमाइंडर पत्र भेजा जाएगा। नहीं पटाने की स्थिति में बिजली विभाग द्वारा कार्यवाही की जा सकती है। कई बार नोटिस, फिर भी बिल बकाया- जानकारी के अनुसार जिन विभागों का बिजली बिल बकाया है. उन्हें लगातार नोटिस भेजा जा रहा है किंतु इसके बाद भी भुगतान करने में विभाग रूचि नहीं ले रहे हैं अब बेवजह अधिभार के नाम पर राशि देना होगा। इन विभागों का हर माह बिजली बिल का अधिभार बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली विभाग द्वारा विभागों को बकाया भुगतान के लिए पत्र जारी किया गया है।

ज्यादा बिल बकाया वाले विभाग

नगरी निकाय नल जल-2,73,61,632 रूपये
पुलिस विभाग-1,67,71,130 रूपये
नगरी निकाय सड़क बत्ती-73, 13,461 रूपये
ग्राम पंचायत नल जल-61,58,042 रूपये
नगरी निकाय नगर पालिका-59,82,816 रूपये
चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग-55,68,532 रुपये
स्कूल शिक्षा विभाग-27,31,639 रुपये
महिला एवं बाल विकास-26.62,944 रूपये
जल संसाधन विभाग-19,56,883 रूपये
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग-19,27,450 रूपये
वन विभाग-11,48,566 रूपये

भूपेश बघेल आज लेंगे डोंगरगांव ब्लॉक में मीटिंग

डोंगरगांव के कांग्रेसजनों की नब्ज टटोलेंगे बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



पुर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल 15 मार्च शुक्रवार को चुनावी अभियान के तहत 11 बजे से डोंगरगांव नगर में मीटिंग लेंगे। श्रीबघेल मीटिंग के माध्यम से डोंगरगांव ब्लॉक के कांग्रेसजनों की नब्ज भी टटोलेंगे। पुर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डोंगरगांव कांग्रेस में सरगर्मी है। उल्लेखनीय है कि अभा कांग्रेसनेता भूपेश बघेल अपने चुनावी मोड में आ गए हैं। लोकसभा अंतर्गत ब्लॉकवार मीटिंग के क्रम में 15 मार्च को दोपहर 11 बजे मेनरोड सामुदायिक भवन में कांग्रेसजनों की बैठक लेंगे। बैठक में विधायक दलेश्वर साहू, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, मेहुल मारू, अंगेश्वर देशमुख व नरेश शुक्ला विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष ने कांग्रेसजनों से उपस्थिति की अपील की है।

जशपुर में रेल लाने में फेल हो रहे भाजपा नेता,10 साल की केंद्र की भाजपा सरकार में रेल लाइन का नहीं हो सका विस्तार: यूडी मिंज

देश से रेलवे की यात्रा सुविधा को बंद करने का षडयंत्र कर निजीकरण की तैयारी कर रही है मोदी सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और अमृत भारत योजना के तहत देश भर के रेलवे स्टेशनों के तथाकथित कायाकल्प करने की मोदी सरकार का दावा देश की जनता के साथ छलावा है। उपरोक्त बातें पूर्व विधायक यू डी. मिंज ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार यात्री रेल और रेल सुविधाओं को बंद करने का षडयंत्र कर रही है देश भर में यात्री गाड़ियां बंद की जा रही है, यात्री गाड़ियां अचानक रद्द कर दी जाती है, यात्री गाड़ियां घंटों नहीं दो-दो दिन लेट चल रही है ऐसे में रेलवे स्टेशनों को सुंदर और चमकीले बनाने से क्या होग? जब रेलवे से आम आदमी को मिलने वाली सुविधा ही समाप्त कर दी जायेगी तो लोगों को अपने शहरों के रेलवे स्टेशनों की सुंदरता से क्या फायदा होगा? उन्होंने कहा कि सुदूर अंचल में जहाँ वर्षो पुरानी रेल की मांग जशपुर क्षेत्र की आदिवासी जनता की है वहाँ के लिए केंद्र सरकार कुछ ध्यान नहीं दे रही है। चुनाव के पूर्व क्षेत्र की पूर्व सांसद गोमती साय ने जनता से बड़े बड़े वादे किये की रेल लाइन का सर्वे हो रहा है जल्द रेल लाइन की शुरुआत होगी लेकिन इस दिशा में केंद्र की मोदी सरकार का कोई भी अग्रिम करवाई दिखाई नहीं देती है उन्होंने कहा कि जशपुर जिले की जनता को अपेक्षा थी कि केंद्र के 10 साल की भाजपा सरकार में रेल लाने की दिशा में सार्थक कोशिश होगी पर यहाँ के सांसद ने बस ढोल पीटा हकीकत में रेल लाने में असफल रहे इस बात को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व सांसद गोमती साय को स्वीकार करना होगा। जनता की मंशानुरूप रेल लाने में हमारे भाजपा के नेता फेल रहे है है पीएम मोदी बस रेलवे के निजीकरण की तैयारी में संचालित रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक बना कर अपने उद्योगपति मित्रों को सौंपने की तैयारी में लगे हैं।

लगातार ट्रेन रद्द किए जा रहें

मिंज ने कहा कि मोदी सरकार के मनमानी पर भाजपा के सांसद मौन रहकर आम जनता के पीड़ा को बढ़ाने में लगे हुए है। भाजपा के सांसदों के निष्क्रियता का नुकसान छत्तीसगढ़ की जनता को उठाना पड़ रहा है छत्तीसगढ़ की जनता के परेशानियों में कभी भी भाजपा के सांसद जनता के पक्ष में खढ़े नहीं हुए। बीते कुछ महीनों से 2600 से अधिक जो ट्रेन बंद हुई थी, जिस के चलते प्रदेश के ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अचानक ट्रेन रद्द कर दी जाती है महीनों पहले यात्रा के लिए आरक्षित टिकटों को रद्द कर दिया जाता है और लगातार मोदी सरकार छत्तीसगढ़ में ट्रेनबंदी कर रही है। 8 माह में प्रदेश से चलने वाली और प्रदेश से गुजरने वाली लगभग 800 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है ट्रेन यात्री हताश और परेशान है। हकीकत में भाजपा के सांसद एक जनप्रतिनिधि तो होने का दायित्व का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं रेल मंत्रालय के मनमानी पर हां में हां मिलाते हैं और रेल मंत्रालय के द्वारा की जा रही है गुमराह वाली बयानबाजी पर समर्थन करते हैं।

विधायक रायुमनी ने 19 ग्रामीण सड़कों का किया भूमिपूजन

विकास को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह, जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

19 सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रम पर अपने गृह ग्राम पहुंची जशपुर विधायक रायमुनी भगत का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत करते हुए विधायक के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। ग्रामीणों ने यहां विधायक के जयकारा का नारा लगाते हुवे ऐसे ही विकास कार्यों को करते हुवे सभी का दिल जीतने का बात कहा।वहीं जशपुर विधायक भी अपने गृह ग्राम में ग्रामीणों ने मिले अपार प्रेम और प्यार का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कवई में छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवम ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत स्वीकृत 19 सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था,यह सभी स्वीकृति जशपुर विधायक रायमुनी भगत के प्रयास से राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही दिलाया गया।उक्त सभी स्वीकृति के बाद आज विधिवत ग्राम कवई में भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत मौजूद रही।गृह ग्राम में ही विकास की बयार लाने पर विधायक रायमुनी भगत का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े की थाप और पुष्प गुच्छों से जमकर स्वागत किया।जिसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे जशपुर विधायक भगत ने कहा कि आपकी बेटी आज आपने गांव घर आई है,जिस विश्वास और उम्मीद से आपने अपनी बेटी को चुनाव में जिताकर विधायक बनाया है इस कर्तव्य को पूरा करते हुवे यहां 19 सड़कों को स्वीकृति दिला आज भूमिपूजन किया जा रहा है।क्षेत्र के विकास व उत्थान के लिए आपकी यह बेटी संकल्पबद्ध है।जल्द ही क्षेत्र के विकास के लिए कार्ययोजन बना और भी कार्य होंगे। फिल्हाल ग्रामीणों की मांग पर आज 51.61 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति पश्चात भूमिपूजन किया जा रहा है।इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम कवई में विकास कार्यों में गति आने पर जशपुर विधायक का आभार व्यक्त करते हुवे हूं ही विकास कार्य तेजी से करने का बात कहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा,पंडरा पाठ मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर यादव,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सन्ना मण्डल अध्यक्ष मंगल राम, सुरेश राम, जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, पंडरा पाठ मण्डल प्रभारी जुगनू, कवाई सरपंच सुमित्रा भगत, यादव, कामरिमा सरपंच सुरेंद्र भगत, मुक्ता यादव, नासिरुलाह सिद्दकी, काजल राय,मनोज कुमार, राजेश, राजेन्द्र, गुड्डू, बुल्लू,पिताम्बर, मोहर साय, इलियास अंसारी,बलवंत गुप्ता,राहुल गुप्ता,दीपू मिश्रा, दिवाकर यादव, बगीचा के कार्यपालन अभियंता।

विकासखण्ड लोरमी के 25 ग्रामों में होगी निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति

- उप मुख्यमंत्री साव ने अखरार में 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र में अतिरिक्त 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने 12 मार्च को विकासखण्ड लोरमी के ग्राम अखरार में 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र में 62 लाख रूपये की लागत से अतिरिक्त 3.15 एम.व्ही.ए. पॉवर ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। उन्होने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे ग्राम अखरार व आस-पास के 25 गांवों को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति होगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा जनहितैषी कार्यो के साथ अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। विकासकार्यो के लिए राशि की कमी नही होगी। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र अखरार में 01 नग 3.15 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज कर दिया गया है, जिससे अखरार, सरिसताल, कांसेरी, कांसरा, उरईकछार, घनाघाट, हरदी, दरवाजा, कारीडोंगरी, मोहापानी, तिलकपुर, फौजधारकांपा, झलरी, धनियाटोली, जरहापारा, बांकल, बोकराकछार, संचेडी, रामोनगर, मुनीबाबा, बाबाडोंगरी, हरदीबांधा, डोंगरिया एवं डोंगरी सहित कुल 25 ग्रामों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा उच्च वोल्टेज की प्राप्ति होगी। उन्होने बताया कि विधानसभा लोरमी अंतर्गत ग्राम नवलपुर एवं नवरंगपुर में 02 नए सबस्टेशन स्थापना का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक तोखन साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

कृषक उन्नति योजना: एकमुश्त आदान सहायता राशि मिलने से किसानो के चहरे खिले

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत एकमुश्त आदान सहायता राशि मिलने से जिले के किसान काफी खुश है। किसानों का कहना है कि वे इस राशि का उपयोग अपनी घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति, बच्चों से शिक्षा सहित विभिन्न कार्यों में करेंगे। बता दें कि 12 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कृषक उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 24 लाख 72 हजार किसानों के खाते में 13 हजार 320 करोड़ रूपए आदान सहायता राशि अंतरित किया। जिसमें जिले के 01 लाख 01 हजार 954 किसान भी शामिल है। जिनके बैंक खाते में 512.23 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। एकमुश्त बोनस राशि मिलते ही जिले के किसानों के चहरे खिल उठे और उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के ग्राम सहसपुर के किसान ने बताया कि वह 02 एकड खेत में धान लगाया था और 42 क्विंटल धान बेचा है। सरकार किसानों के हित में अच्छा कार्य कर रही है और गांव, गरीब, किसान सभी को फायदा पहुँचा रही है।

महिलाओं को भी महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रूपये देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य कर रही है। ग्राम झझपुरी के किसान ने बताया कि उनका ग्राम जमुनाही और झझपुरी में कृषि रकबा है। खरीफ वर्ष 2023-24 में कुल 58 क्विंटल धान विक्रय किया है। 12 मार्च को समर्थन मूल्य से अन्तर की राशि उनके खाते में अंतरित हुआ है, इससे वे काफी खुश है। उन्होनें आदान सहायता राशि से आवास बनाने में खर्च करने की बात कहीं। गौरतलब है कि एक मुश्त आदान सहायता राशि मिलने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। इससे किसानों को कई फायदे होंगें। उन्नत कृषि का बढ़ावा मिलेगा। कृषि उत्पादकता बढ़ेगी और किसान आर्थिक रूप से सशक्त एवं मजबूत होंगे।

लोकसभा निर्वाचन 2024: मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 12 मार्च को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेंद्र सोनी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम निर्वाचन की घोषणा करते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इस दौरान राजनीतिक दलों एवं अभ्यथियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करना जरूरी होगा। चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी धार्मिक स्थलों का उपयोग न करें। किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मास्टर ट्रेनर मोहन उपाध्याय ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रकार का पुतला दहन नहीं करना है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के सुविधा के लिए सी-विजील एवं सुविधा एप जैसे मोबाइल एप बनाए गए है। निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में कुल 2624 ईवीएम मशीन उपलब्ध कराया गया हैं। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 05 लाख 94 हजार 712 है। इस अवसर पर संबधित अधिकारी और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक के ऊपर 354 का मामला दर्ज, सीएमओ की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका कार्यालय में पदस्त सहायक राजस्व निरीक्षक पर एक महिला कर्मचारि ने मानसिक शारीरिक एवं यौन शोषण का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत उप पुलिस अधीक्षक आजाक क्राइम मे कर कार्रवाई की मांग की थी जहां से 354 का मामला दर्ज करते हुए जांच के लिए बलरामपुर थाना प्रभारी को भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका कार्यालय बलरामपुर में पदस्थ महिला कर्मचारी का आरोप है कि सहायक राजस्व निरीक्षक संजीव पाठक के द्वारा मानसिक शरीरिक एवं यौन शोषण जैसे कुकृत किया गया है। महीना का यह भी आरोप है कि बलरामपुर नगर पालिका कार्यालय में 03 अगस्त 2017 से मैं कार्यरत हूं तभी से सहायक राजस्व निरीक्षक संजीव पाठक उसी समय से शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया करता था जिसकी शकायत मेरे द्वारा नगर पालिका का सीएमओ सुमित कुमार से मैंने कई बार किया। लेकिन सीएमओ सुमित कुमार के द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, कार्रवाई नहीं होने के अभाव में संजीव पाठक का मनोबल बढ़ता चला गया। जिसका नतीजा यह हुआ कि आज हमें पुलिस का सहारा लेना पड़ा उक्त आरोपी पर एफआईआर दर्ज करने के लिए भी हमें थाने के कई चक्कर लगाने पड़े नगर पालिका का सीएमओ सुमित कुमार यदि इस मामले पर संज्ञान लिए होते तो यह मामला इतना नहीं बढ़ता। उक्त मामले के संबंध में विभागीय सूत्र बताते हैं कि सहायक राजस्व निरीक्षक का शिकायत सीएमओ सुमित कुमार से करने पर उसे ही नौकरी से निकाल दिया गया जबकि सहायक राजस्व निरीक्षक संजीव पाठक को निकालना चाहिए था अब महिला सहायक राजस्व निरीक्षक को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग कर रही है। उक्त मामले के संबंध में उप पुलिस अधीक्षक आजाक क्राइम जितेंद्र खुटे ने बताया कि नगर पालिका कार्यालय बलरामपुर में कार्यरत महिला कर्मचारी के शिकायत पर आरोपी सहायक राजस्व नरीक्षक संजीव पाठक के ऊपर आईपीसी की धारा 354,506 के तहत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच हेतु बलरामपुर थाने को सुपूर्त कर दिया गया है।

आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति महिलाओं एवं बच्चों को किया जा रहा जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा जिले के स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि जिले में संचालित आयुष संस्थाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सुपोषण संबंधी अनेक गतिविधि एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूलों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य जांच, हाथ धुलाई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का वजन एवं ऊँचाई माप और गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। जिला नोडल आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशांत ठाकुर ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा सुपोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को उचित पोषक आहार, राष्ट्रीय एनीमिया कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जा रही है। किशोरी युवतियों को माहवारी के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के संबंध में बताया जा रहा है। जरूरतमंदो को निःशुल्क आयुर्वेद होम्योपैथी की दवा एवं आवश्यक परामर्श प्रदान की जा रहा है। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों को अलग-अलग तरह के व्यायाम, योग प्राणायाम के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नगर के समाजसेवी संस्था ने ब्लैकमेलर युवक, को दिया आधा लाख रूपये की खैरात

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर के एक चर्चित समाजसेवी संस्था ने ब्लैकमेलर युवकों की टोली को आधा लाख रुपए की खैरात देते हुए प्रत्येक वर्ष देने का वादा किया है यदि समाजसेवी संस्था ऐसे लोगों को इसी तरह मदद करता रहा तो आनेवाले समय में अपराधों की पैराग्राफ रामानुजगंज में बढ़ सकती है वैसे पहले कि अपेकक्षा काफी अपराधों में वृद्धि हुई है।क्योंकि यदि किसी को हरामखोरी का लत एक बार लग जाए तो वह व्यक्ति बड़े से बड़े अपराध करने से नहीं चूकता। ऐसी स्थिति में यदि उन्हें समाज के ठेकेदार इसी तरह मदद करते रहे तो उनके अवैध वसूली करने का हौसला बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जबकि एक समाजसेवी संस्था का यह दायित्व होता है कि यदि जरूरतमंद लोगों को जरूरत पड़ने पर मदद करें,ना कि एक ब्लैकमेल युवकों की टोली को साल में 50 हजार रुपए की खैरात देकर अपराध करने के क्षेत्र में उनका हौसला अफ्जाई करें? उक्त समाजसेवी संस्था पिछले वर्ष फ्रवरी माह 2023 में 50 हज़ार रूपए दे चुका है और प्रत्येक साल देने का वादा भी किया गया जो समाज में गंदगी फैलाए और हरामखोरी कर अपना घर परिवार चलाएं ऐसे चांडाल चौकड़ी को एक समाजसेवी संस्था इतना खुलकर मदद करें यह लोगों के समझ से परे है। जबकि समाजसेवी संस्था का अर्थ यह होता है कि सामाजिक मानदंडों और सामाजिक भूमिकाओं की एक परस्पर संबंधित प्रणाली होती हैं और यह प्रणाली व्यवस्थित होती है और व्यवहार के पैटर्न प्रदान करती है यह प्रणाली समाज की बुनियादी सामाजिक ज़रूरतों को पूरा करने में अपना योगदान करती है। लेकिन यहां तो उलटी गंगा बहाई जा रही है उक्त समाजसेवी संस्था का आखिरकार कौन सा ऐसा मजबूरी है जो ब्लैकमेलर युवकों की टोली को 50 हजार रुपए सालाना सहयोग राशि देने का वादा किया गया है?

गिरगिटिया नेता ने शराब के नशे में खोली पोल-नगर के चर्चित गिरगिटिया नेता ने शराब के नशे में धूत होने के बाद उक्त समाजसेवी संस्था के काले कारनामों का कई पोल खोलते हुए कहते हुए सुना गया कि नगर में समाजसेवी संस्था एक ब्लैक मेलर युवकों की टोली को प्रत्येक वर्ष 50 हजार रूपए देने का वादा किया है जिसकी शरुआत पहली किस्त प्रदान कर सहयोग राशि दी गई है। वह शराबी गिरगिटिया नेता यही नहीं रुक आगे यह भी कहा कि समाज सेवी संस्था के नाम पर समाज में अवैध रूप से कमाई गई राशियों को सहयोग के रूप में कई जगह से राशि प्राप्त होती है जिसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि उनको कितनी राशि प्राप्त होती है उक्त समाजसेवी संस्था को राशि उपलब्ध कराने वाले लोग यह समझते हैं कि मेरे द्वारा दी गई रशि जरूरतमंदों तक पहुंच रही है और उनका आशीर्वाद हमें प्राप्त होगा लेकिन उन्हें क्या मालूम है कि यहां तो असामाजिक तत्वो के ठेकेदारों की टोली में खैरात बाटा जा रहा है। जरूरतमंदों को न बाटकर अपनी झूठी प्रशंसा के लिए ब्लैकमेलर युवकों की टोली को पिछले वर्ष दो किस्तों में 50 हजार रूपए की खैरात दी गई थी। ऐसे लोगों की कथनी और करनी में बहुत अंतर होता है जो आए दिन सामाज में चर्चा का विषय बना रहता है।

मथुरा माली मरार पटेल समाज शाकंभरी महोत्सव में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भवन निर्माण हेतु दिए लाखों के सौगात

मथुरा माली मरार समाज ने पूरे प्रदेश में एक सशक्त और संगठित समाज की अवधारणा को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा: विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह जेल एवं पचायत मंत्री विजय शर्मा मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास के दौरान मथुरा माली मरार (पटेल) समाज द्वारा ग्राम परसदा में आयोजित मां शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए। मां शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शिवरीनारायण में राधाकृष्ण मंदिर स्थित भूमि को मथुरा माली मरार (पटेल) समाज के नाम पर रजिस्ट्री, मथुरा माली मरार (पटेल) समाज हेतु धर्मशाला भवन निर्माण शिवरीनारायण के लिए 25 लाख रुपए, प्रत्येक केंद्र के लिए 15-15 लाख रुपए एवं अमोदा परिक्षेत्र में सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख रुपए की घोषणा किए। उन्होंने कहा कि समाज की आर्थिक उत्थान और प्रगति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार समाज के साथ खड़ी है और उनके उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कृष्णकांत चंद्रा (भाजपा जिलाध्यक्ष सक्ति), संपूर्णानंद मिश्रा (संयोजक पंचायत प्रकोष्ट जिला सक्ति), निर्मल सिंहा, गगन जयपुरिया, परमानन्द पटेल (प्रदेश अध्यक्ष), गोरेलाल पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष), होरीलाल पटेल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज के प्रमुख, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मथुरा माली मरार (पटेल) समाज द्वारा आयोजित मां शाकंभरी महोत्सव के आयोजन के लिए समाज के सभी प्रमुखों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मां शाकंभरी, मां अन्नपूर्णा और शक्ति स्वरूपा दुर्गा का भी अवतार है। पूरे प्रदेश में मां शाकंभरी महोत्सव को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है और वन देवी के रूप में भी पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने पटेल समाज की तारिफ करते हुए कहा कि पटेल समाज एक संगठित और सशक्त समाज है। उन्होंने कहा कि समाज ने पूरे प्रदेश में एक सशक्त और संगठित समाज की अवधारणा को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज का मूल व्यवसाय खेती किसानी, सब्जी-भाजी के उत्पादन कर अपने अजीवका का साधन उपलब्ध कराना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज के विकास के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा ही मनुष्य को संस्कार और गुणवान बनाती है। समाज के लोग ज्यादा शिक्षित होंगे तभी समाज का सम्मान बढ़ेगा और पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है। कड़ी मेहनत कर धरती को हरा भरा बनाने का कार्य मरार समाज करता है। उन्होंने कहा कि बड़ा सौभाग्य का दिन है कि पटेल समाज के द्वारा आयोजित मां शाकंभरी की महोत्सव मनाई जा रही है और पटेल समाज एक ऐसा समाज जो सिर्फ कृषि के क्षेत्र में नही, बल्कि हर क्षेत्र में काफी आगे है। समाज का हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व सहयोग लगातार मिलता आ रहा है। विकास की बात हो, राजनीति का क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो धार्मिक क्षेत्र हो, समाज किसी भी क्षेत्र में कहीं भी पीछे नहीं है।

समस्त थाना प्रभारियो की मीटिंग लेकर दिशा-निर्देश दिया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुंगेली गिरिजा शंकर जायसवाल द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो की मीटिंग लेकर दिशा-निर्देश दिया गया । लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना को देखते हुए 14 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुंगेली के सभाकक्ष में जिले के समस्त थाना एवं चैकी प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई, बैठक में समस्त थाना प्रभारियो को अधिक से अधिक संख्या में फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर स्थाई वारंट तामील करने के संबंध में निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र मे सकिय समस्त निगरानी, गुण्डा बदमाशो की सघन चेकिंग करने एवं अधिक से अधिक संख्या में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, जिला बदर एवं बाऊण्ड ओवर की कार्यवाही करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। ऐसे समस्त व्यक्ति जिनके पास लायसेंसी शस्त्र है उन्हे भी थाने बुलाकर तत्काल शस्त्र जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रो साथ ही दुरस्थ मतदान केन्दों का भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया।

राज्य में भू-माफिया सक्रिय, प्रशासन ने भू-माफियाओं के आगे टेके घुटने

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पिछले अनेक वर्षों से सस्ती जमीनों को खरीदकर इसके आसपास स्थित शासकीय भूमियों को कब्जा कर लोक-लुभावन सपने दिखाकर आशियाना बनाने का सपना देखने वाले लोगों को सर्व सुविधा युक्त कालोनी में अच्छा मकान का लालच देकर ऐसे लोगों से छल कपट करने वाले भूमाफियाओं का दबदबा लगातार बना हुआ है। इसी वजह से पिछले माह कलेक्टर के आदेश पर अपर कलेक्टर ने कुछ खसरा नंबरों की भूमियों पर अवैध निर्माणों पर डोजर चलवाकर स्थल पर पड़ी मुरूम, मलमा को जप्त किया था। साथ ही कलेक्टर के आदेश पर अपर कलेक्टर ने एक पत्र जारी कर उक्त खसरा नंबरों की भूमि का पंजीयन पर रोक लगा दिया था किंतु उपरोक्त आदेश को शून्य घोषित करते हुए भूमाफियाओं को एक बार फिर से अवैध कालोनी निर्माण का मौका दिया गया है। हद तो यह है कि अपर कलेक्टर ने छग भू संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर कार्यालय से किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया जिसकी समूचे जिले में चर्चा है। कुल मिलाकर जिले में चल रहे अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास को लेकर जिला प्रशासन ने भूमाफियाओं के आगे घुटने टेक दिये हैं। यही कारण है कि अवैध प्लाटिंग का खेल धड़ल्ले से जारी है। धमतरी जिला वर्ष 1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश के समय अस्तित्व में आया है, तबसे ऐसे भूमाफियाओं द्वारा शहर एवं आसपास की जमीनों को सस्ते दर पर खरीद लिया गया और उसके आसपास स्थित शासकीय भूमियों के भाग को भी दबाकर उसमें आलीशान कालोनी बनाये जाने का कुचक्र चलाया गया। इस कालोनी को सर्वसुविधायुक्त बनाकर ऐसे लोगों से जो खुद के मकान का सपना देखते रहे, उन्हें परिवर्तित नहीं हुई भूमि को विक्रय किया और कालोनी निर्माण कर उन्हें दिया गया। इस कालोनी में नाली, पानी, विद्युत इत्यादि का अभाव है। जब ऐसे कालोनी में सुविधा नहीं मिली तो उन्होंने संबंधित भूमाफियाओं से अपना पैसा वापस मांगा, लेकिन रजिस्ट्री हो जाने के बाद ऐसे लोगों को शीघ्र ही सारी सुविधाएं दिलाने का सहयोग किया जायेगा का आश्वासन देकर उन्हें चुप करा दिया गया, जो आज भी मन मसोस कर अनुपयुक्त कालोनी में रह रहे हैं। धमतरी नगर निगम क्षेत्र सहित सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग को लेकर नगर निगम के सभापति अनुराग मसीह ने छग भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर को एक पत्र प्रेषित किया था जिसे छग भू संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए अवैध निर्माणाधीन आवासीय कालोनी पर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया था। प्राधिकरण के द्वारा रेरा में पंजीयन कराये बिना विक्रय किये जाने की शिकायत को उल्लेखित करते हुए ऐसे लोगों पर अधिनियम 2016 की धारा-3(1) के प्रावधान अनुसार रेरा में पंजीयन के बिना किसी भी भूखंड, अपार्टमेंट या भवन आदि को किसी भी रीति से विज्ञापित, विपर्णित, बुक, विक्रय या विक्रय करने की प्रस्थापना अथवा किराये के लिये व्यक्तियों को आमंत्रित नहीं किया जा सकता कहा गया है। अपर कलेक्टर ने तत्कालीन कलेक्टर के निर्देश पर एक आदेश जारी कर धमतरी नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973/छग नगर पालिका अधिनियम 1956/छग पंचायत राज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधानों के तहत जिला पंजीयक धमतरी को पत्र क्रमांक 844/अपर कले./2023-24 8.12.2023 को ज्ञापन प्रेशित किया जिसमें निम्न दिनेश पंजवानी एवं अन्य पहनं 33 धमतरी खसरा नंबर 15025/2 रकबा 1.394 हे., हीरा केशवानी पिता चूहड़मल केशवानी रत्नाबांधा हल्का नं 30 खसरा नं 364/12 रकबा 0.052 हे., राहुल पवार पिता माधवराव पवार रूद्री हल्का नं 45 खसरा नं 22/2, 35/2, 39/2, 40/2 रकबा क्रमशः 0.24, 0.12, 0.04, 0.15, ऋतुराज पवार पिता माधवराव पवार कोलियारी पहनं 36 खसरा नं 660, 610 रकबा 0.34, 0.18, मंदा बाबर पति अनिल बाबर एवं अन्य गोकुलपुर पहनं 35, खसरा नं 131/39, 131/98, 131/102, 131/103 रकबा 0.21, 0.081, 0.202, और 0.210 उपरोक्त वर्णित भूमियों को क्रय विक्रय का पंजीयन आगामी आदेश तक रोकने का निर्देश का ज्ञापन प्रेषित कर उपरोक्त भूमियों पर किये गये अप्राधिकृत विकास के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध विकास को हटाकर भूमि को पूर्व की स्थिति में लाया गया था। उपरोक्त भूमियों पर उसके बाद क्रय विक्रय पर प्रतिबंध भी लगाया गया था किंतु रहस्यमय ढंग से उपरोक्त आदेश को 26 दिन बाद अर्थात 4.1.2024 को शिथिल कर दिया गया। यहां यह उल्लेख करना अति आवश्यक है कि पहले के आदेश की जानकारी पूर्व कलेक्टर को नहीं है और वर्तमान कलेक्टर को भी इस आदेश के जारी होने एवं शिथिल करने की कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। छग भू संपदा विनियामक प्राधिकरण(रेरा) के द्वारा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पत्र क्रमांक 1595/रेरा/2022/पंजीयन 12.12.2022 को पत्र प्रेषित करते हुए उक्त कृत्य भू संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 के प्रावधानों एवं छग नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण तथा निर्बंधन तथा शर्तें) का उल्लंघन किया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग का विक्रय से संबंधित कोई भी मामला रजिस्ट्रीकरण तथा निर्बंधन एवं शर्तें नियम 2013 के प्रावधानों के तहत अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने का अधिकार सिर्फ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के पास है। अब सवाल यह उठता है कि अपर कलेक्टर द्वारा 8.12.2023 को ज्ञापन जारी कर उपरोक्त भूमियों पर जो रोक लगाई गई थी, एवं 26 दिन बाद अर्थात 4.1.2024 को उक्त आदेश को शिथिल कर दिया गया जिसकी जानकारी कलेक्टर एवं रेरा कार्यालय में नहीं दी गई है, आखिर उक्त आदेश को कलेक्टर ने जारी करने कहा था अथवा नहीं जिसे लेकर जागरूक लोगों ने उक्त आदेश को जिला प्रशासन के लिये कलंक ठहराते हुए इस संपूर्ण मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही है। जिस तरह 26 दिन बाद कलेक्टर के आदेश पर अपने पूर्व आदेश 8.12.2023 को शिथिल किया गया है, उससे यही माना जा रहा है कि जिला प्रशासन, भूमाफियाओं के दबाव में आकर यह आदेश जारी कर अवैध विकास को लेकर रेरा के द्वारा दिये गये निर्देश का भी मखौल उड़ाता नजर आ रहा है। अब देखना है कि वर्तमान कलेक्टर इस मामले को किस तरह संज्ञान में लेकर अपर कलेक्टर से सवाल जवाब लेते हैं। इस संबंध में जिले की कलेक्टर नम्रता गांधी से दूरभाष पर चर्चा किये जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले में कोई जानकारी नहीं है, और बिना जानकारी इस संबंध में तत्काल में बोलना संभव नहीं है।

किसान व खेती बचाने के लिए एमएसपी-गारंटी व लोकतंत्र बचाने के लिए ईवीएम हटाना जरूरी : डॉ राजाराम त्रिपाठी

आपात-बैठक में देश भर के किसान, मजदूर संगठन हुए एकजुट

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

देश भर के किसान संगठनों व मजदूर संगठनों की आपात बैठक 13 मार्च, 2024 को दिल्ली के जवाहर भवन में संपन्न हुई। इसमें देश भर से आए बहुसंख्य किसान संगठनों ने भाग लिया। इस बैठक में सर्वसम्मति से गठित साँझा किसान मजदूर मोर्चा में सामूहिक नेतृत्व को मान्यता प्रदान करते हुए प्राथमिक रूप से गठित मुख्य प्रधानी मंडल में जसबीर सिंह भाटी, आत्मजीत सिंह, राजबीर सिंह, डॉ. राजाराम त्रिपाठी, गुरमुख सिंह, सुदेश खंडेला, भगवान पाल सिंह, भोपाल सिंह चौधरी को शामिल किया गया है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठक में किसान संगठनों ने एकमत होकर किसानों की मुख्य माँगो मे एमएसपी पर सी2+50प्रतिशत, तथा स्वामीनाथन कमीशन आयोग की अन्य लंबित सिफारिशों (फसल बीमा, लागत मूल्य आदि) के साथ ही तत्काल सभी फसलों के लिए सक्षम खरीद गारंटी कानून बनाने की सरकार से माँग की गई। इसी के साथ-साथ मनरेगा मज़दूरों को 200 दिन रोज़गार गारंटी, सात सौ रूपये प्रतिदिन मज़दूरी की माँग, ज़मीन अधिग्रहण कानून 2013 के तहत ज़मीन अधिग्रहण का फॉर्मूला तय करने, किसानों को जल आपूर्ति के लिए पूर्व में घोषित नदियों को जोड़ने की परियोजना पर काम करने की भी मांग की गई। इसके साथ सभी संगठनों ने किसान और मजदूर की संपूर्ण ऋृण मुक्ति, वन संरक्षण अधिनियम 2023 को रद्द करने की माँगो पर सर्वसम्मति के साथ सरकार को ज्ञापन देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता बस्तर छत्तीसगढ़ से पधारे अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा) के राष्ट्रीय संयोजक तथा 'एसपी गारंटी कानून मोर्चा' के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि अब वो वक्त आ गया है कि देश के सभी छोटे बड़े किसान संगठन देश के किसान व किसानी को बचाने के लिए इन जरूरी मांगों को पूरी करवाने हेतु अपने समस्त अंतर्विरोधों को ताक पर रख कर एकजुट हो जाएं। ध्यान रहे कि अभी नहीं तो कभी नहीं। इसके लिए हमें अपने सभी आंदोलनरत किसान संगठनों तथा अब तक अलग थलग रहे किसान संगठनों से भी चर्चा करेंगे और एकजुटता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि देश की अनमोल लोकतंत्र को बचाने व निष्पक्ष चुनाव के लिए हमें संदेहास्पद ईवीएम से भी मुक्ति पानी ही होगी। उपस्थित सभी किसान नेताओं ने इस संदर्भ में अपनी-अपनी बातों को मजबूती से रखा। करकम की अध्यक्षता वायु वृद्धि किसान नेता जसवीर भाटी ने की तथा कार्यक्रम का संचालन आत्मजीत सिंह ने किया। आगामी कार्यक्रम के तहत 23 मार्च, 2024 को सभी किसान मजदूर संगठनों द्वारा शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर एमएसपी, लागू गारंटी कानून, कर्जा मुक्ति, पूरा दाम, भाजपा हटाओ देश बचाओ, ईवीएम हटाओ देश बचाओ हैशटैग और प्लेकार्ड या बैनर के साथ सभी ब्लॉकों, गाँवों और जिलो पर सभी सम्मिलित संगठनों द्वारा एकजुटता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए स्वीकृत

15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 7 नगरीय निकायों के लिए 4.8 करोड़ रुपए मंजूर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नारायणपुर नगर पालिका के लिए एक करोड़ 17 लाख चार हजार रुपए, सरगांव नगर पंचायत के लिए 15 लाख रुपए, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत के लिए 18 लाख रुपए, खोंगापानी नगर पंचायत के लिए 93 लाख 35 हजार रुपए, छुरा नगर पंचायत के लिए 18 लाख 98 हजार रुपए, सिमगा नगर पंचायत के लिए 53 लाख 97 हजार रुपए और सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 63 लाख 34 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। वहीं 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

सरकारी कर्मचारियों की मांग-समस्याओं का समाधान करने बनी कमेटी

रायपुर। सरकारी कर्मचारियों की मांगों पर विचार और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने कमेटी बनाने का ऐलान किया है। यह कमेटी प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता में बनाई गई है। जीएडी सचिव को इस 4 सदस्यीय कमेटी के सदस्य सचिव बनाया गया है।

दिव्यांगों के सपनों को मिली नई उड़ान : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मोटर चलित स्कूटी पाकर दिव्यांगजन हुए खुश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जब इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है। आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाएं भी दिव्यांगजनों की सपनों की उड़ान में मददगार साबित हो रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के आठ दिव्यांगजनों को विधायक निधि से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल देकर उनकी जिन्दगी में फिर से खुशियां लौटा दी है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने दिव्यांगजनों से पेट्रोल चलित ट्रायसायकल भेंट करते हुए कहा कि उनकी सहायता करने से मुझे सुखद अनुभूति मिल रही है। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल से दिव्यांगजनों की राह अब सामान्य व्यक्ति की तरह आसान हो जाएगी। पेट्रोल चलित ट्रायसायकल पाकर दिव्यांगजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सपनों को नई उड़ान मिली है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के इस पहल की सराहना करते हुए इस उपहार के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी आभार जताया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समझाइश दी कि सभी दिव्यांग भाई सड़क सुरक्षा नियमों का पालना सुनिश्चित करें और स्कूटी चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट लगाएं। उन्होंने दिव्यांगों का हौसला बढाते हुए कहा कि दिव्यांग अपनी क्षमताओं को पहचानें और उसके अनुरूप एक लक्ष्य बनाकर मेहनत करें। उन्होंने इस मौके पर शासकीय दृष्टि एवं बाधितार्थ विद्यालय सिंघनपुरी के कक्षा पहली में अध्यनरत हंसराज साहू और पोषण साहू को ब्रेल लिपि किट और सुशीला को श्रवणयंत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिन 08 हितग्राहियों को पेट्रोल चलित ट्रायसायकल का वितरण किया। उनमें ग्राम पंचायत घोटिया के धरमदास डहरिया, कैलाश नगर के अशोक सिन्हा, कवर्धा के नागेश कुंभकार, ग्राम पंचायत ढ़ोगईटोला के छबिलाल साहू, ग्राम पंचायत खाम्ही के तुलस कुमार, ग्राम पंचायत मैनपुरी के कमलू साहू, ग्राम पंचायत जेवड़न के राकेश कुमार, ग्राम पंचायत केशमर्दा के मुकेश शामिल है।

कला केन्द्र का संचालन शुरू,सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे कला साधक

कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने किया कला केन्द्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लोकार्पित कला केन्द्र का नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिश्रा कलाकारों, प्रशिक्षकों, विभिन्न कला विधा का प्रशिक्षण प्राप्त करने आ रहे युवाओं, बच्चों व पालकों से भी मिले। आयुक्त मिश्रा ने इस कला केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु आ रहे विभिन्न विधाओं के कलाकारों व कला साधकों से उनके सुझाव भी लिए। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में इस कला केन्द्र की स्थापना नगर निगम द्वारा की गई है, जहां संगीत व कला की विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। रविवार को लोकार्पण के साथ कला केन्द्र का संचालन शुरू हो गया है एवं वर्तमान में 15 दिवस विभिन्न विधाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित हो रहा है। कला केन्द्र में फाइन आर्ट, गीत-संगीत की विभिन्न विधाओं के साथ ही ऑडियो प्रोडक्शन की व्यवस्था है। यहां बने मुक्ताकाशी मंच पर एम्फी थिएटर की तर्ज पर ओपन माईक व अन्य सांस्कृतिक आयोजन भी शुरू किए जा रहे है। इस कला केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु 600 से भी अधिक कलाकारों द्वारा आवेदन लिए जा चुके है। पंजीयन उपरांत विभिन्न पालियों में प्रशिक्षकों को उत्तरदायित्व सौंपा जा रहा है। पंजीयन राशि रु. 100 निर्धारित है, जो कि आवेदन के साथ कला केंद्र पर जमा किए जा सकते है एवं प्रत्येक माह का शुल्क 500 रु. निर्धारित है। प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों को सफलता पूर्वक पूरे करने पर प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

संविदा कर्मियों को मिलेगी 27 फीसदी वेतन वृद्धी और अन्य राज्यों में हुए नियमतीकरण का होगा अध्ययन : श्याम बिहारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एन.एच.एम. के संविदा कर्मियों को आश्वस्त किया है कि उन्हें 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ निश्चित रूप से दिलाया जायेगा। साथ ही उन्होंने एम.डी. एन.एच.एम. को अन्य राज्यों में हुए नियमितीकरण का अध्ययन करने के निर्देश भी दिये। छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ की महिला पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के निवास कार्यालय में उनसे मुलाकात की। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने इस दौरान अपना 18 सूत्रीय ज्ञापन स्वास्थ्य मंत्री को सौपा। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ज्ञापन पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ प्रदेश के सभी संविदा कर्मियों को दिलाये जाने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत् संविदा कर्मियों को निश्चित तौर पर इसका लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही महिला पदाधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि तमिलनाडु और मणिपुर में एन.एच.एम. संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया गया है। इस निवेदन पर स्वास्थ्य मंत्री ने एम.डी. एन.एच.एम. को अन्य राज्यों में हुए नियमितीकरण का अध्ययन कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से मिले आश्वासन से छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम. कर्मचारी संघ की महिला पदाधिकारी खुशी जाहिर की। सभी पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की इस त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403